समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 64,718.56 | 19,189.05 |

तापमान
अधिकतम 32 °c
न्यूनतम 26 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

आमंत्रण मूल्य ₹3

समृद्ध समाज का आधार



बिजली कटौती को लेकर आप का प्रदर्शन पेज-02

मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं पेज-03

वर्ष 10 अंक 312 लखनऊ, 03 जुलाई सोमवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

डाक सेवा के नए भवन की शुरुआत, सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

# प्रधानमंत्री की वजह से आज डिजिटल क्रांति से जुड़ गया है डाक विभाग



**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रव?िवार को गोरखपुर में पोस्ट मास्टर जनरल कार्यालय के नवनिर्मित भवन और उप-डाकघर, आरोग्य मंदिर के शिलान्यास और पार्सल हब एवं नोडल डिलीवरी सेंटर के लोकार्पण समारोह में हिस्सा लिया।

**मोदीजी की वजह से डाक विभाग डिजिटल क्रांति से जुड़ गया है**

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि आज गोरखपुर के लिए महत्वपूर्ण दिन है, जब इन भवनों का शिलान्यास और उद्धघाटन हुआ है। डाक सेवाओं का हमारे जीवन में व्यापक प्रभाव रहा है। जब कोई साधन नहीं था तब भी डाक विभाग सेवाओं को प्रदान करता था। डिजिटल क्रांति के समय लगता था की डाक विभाग बंद हो जाएगा पर आज मोदीजी की वजह से डाक विभाग डिजिटल क्रांति से जुड़ गया है। 20 से 25 साल पहले गावों में सबसे अधिक मांग पोस्ट ऑफिस की होती थी। सीएम योगी ने कहा, आज उसी डाक सेवा के नए स्वरूप को हम देख रहे हैं। पहले स्मृति डाक टिकट किसी के नाम से जाना जाता था कि यह व्यक्ति जरूर समाज मे कुछ खास किया होगा। हर काल खंड में डाक विभाग कभी पीछे नहीं रहा। एक तरफ जहां डाक सेवाओं में व्यापक क्रांति देखने को मिल रही है उसी अनुरूप डाक विभाग ने भी अपने आप को चेंज किया।

उन्होंने कहा, यह नया भवन डाक विभाग की बढ़ती लोकप्रियता और लोगों की जरूरतों का संकेत है। आज भारत दुनिया मे एक नए भारत के रूप में उभरा है। मोदीजी आज दुनिया के किसी देश मे जाते हैं तो वहां के लोगों में नया उत्साह पैदा होता है। पिछ्ले सवा 3 साल से 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन भारत दे रहा है। दुनिया आज भारत के प्रबन्धन का लोहा मान रही है। भारत मे 9 साल में हुई प्रगति और समृद्धि से दुनिया भारत को देख रही है।

### सीएम ने कहा- दुनिया संकटमोचन के रूप में मोदीजी की ओर देखती है

सीएम ने कहा कि दुनिया में अगर कहीं संकट आता है तो लोग इससे उबरने में संकटमोचक के रूप में मोदीजी की ओर देखते हैं। डाक सेवाओं में व्यापक परिवर्तन हुआ है। इन सेवाओं का लाभ पूरा पूर्वी उत्तर प्रदेश उठाएगा और रेल के माध्यम से काफी लोग इस सेवा का लाभ उठाएंगे।

सोनेलाल पटेल की जयंती पर लखनऊ में सजा सियासी मंच, अमित शाह, अनुप्रिया पटेल व योगी सहित कई मंत्री मौजूद

# पूरे विश्व में भारत का गौरव मान और सम्मान बढ़ा : शाह



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के कद्दावर नेता नजर आये। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करती अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने स्वागत किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले, संजय निषाद सहित कई मंत्री मौजूद हैं। प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने की जुगत में लगी भाजपा अपने सहयोगी दल के कार्यक्रम को बड़ी गंभीरता से ले रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निमंत्रण पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के बड़े सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग खासकर कुर्मी बिरादरी में अपनी पैठ रखने वाली पार्टी के साथ मिलकर मध्य व पूर्वी उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटों को अपने पाले में खींचने की मजबूत नींव इस जयंती पर रखी जा रही है। कारण है कि मीरजापुर, चंदौली, वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, भदोही और सोनभद्र जिलों में कुर्मियों का ठीकठाक वोट है।

### 2019 में हुई थी जीत

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा और अपना दल (एस) ने मिलकर लोकसभा की 64 सीटें जीती थीं। 62 भाजपा व दो अपना दल (एस) की झोली में सीटें गईं थी। अनुप्रिया पटेल जहां केंद्रीय राज्यमंत्री हैं वहीं उनके पति आशीष पटेल प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा मंत्री हैं। पिछले चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए दोनों ही दल जुटे हैं।

लखनऊ में दहाड़े अमित शाह, बोले-

## तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को पीएम और 300 से अधिक सीटें जीत हमें दिखाना है

**लखनऊ।** अपना दल के संस्थापक सोने लाल पटेल के जयंती समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने अपना दल (एस) के साथ मिलकर दो लोकसभा और दो विधानसभा चुनाव लड़े और उन्हें जीता। उन्होंने अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि अब वर्ष 2024 में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को पीएम और 300 से अधिक सीटें जीतकर हमें दिखाना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने एनडीए सरकार में पिछड़ों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि पहली बार केंद्र सरकार में 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग के हैं। पहली बार सबसे ज्यादा आदिवासी, दलित और पिछड़े एनडीए गठबंधन चुनाव जीतकर सांसद बने। पिछड़ा वर्ग आयोग बनाकर संवैधानिक मान्यता दी, एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया और पेट्रोल पंप व गैस की एजेंसी आवंटन में भी पिछड़ा वर्ग के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। इसके साथ ही पिछड़े और गरीबों के कल्याण के लिए बड़ी संख्या में काम किए। अमित शाह ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि यह दल भी सरकार में रहे मगर संवैधानिक अधिकार दिलाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वही मोदी ने प्रधानमंत्री रहते हुए न सिर्फ पिछड़ों बल्कि दलितों आदिवासियों और गरीबों के हित में काम किया। यही नहीं भारत को सुरक्षित बनाने का भी काम मोदी जी ने किया। यूपीए की सरकार में पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे और भारत में सैनिक को मार कर चले जाते थे। उरी और पुलवामा में हमला समय पाकिस्तान भूल गया कि अब भारत में मौनी बाबा यानी मनमोहन सिंह की सरकार नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

# अजित ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ राजभवन में थामा शिंदे सरकार का दामन



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा फेर बदल हो गया है। यहां एनसीपी नेता अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार से बगावत करने के बाद महाराष्ट्र की शिंदे सरकार का दामन थाम लिया है। उन्होंने राजभवन में 2 जुलाई को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली है।

अजित पवार के अलावा एनसीपी के कुल नौ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। इसमें धर्मराव अत्राम, सुनील वलसाड, अदिति तटकरे, हसन मुश्रीफ, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल शामिल हैं। माना जा रहा है कि अजित पवार के साथ उनकी पार्टी के कुल 18 विधायक हैं, जिनका उन्हें समर्थन मिल गया है। अजित पवार के गुट ने महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना को समर्थन दे दिया है, जिसके बाद पार्टी अधिक मजबूत हो गई है।

सूत्रों ने बताया कि पटना में हाल में हुई विपक्ष की बैठक में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले की मौजूदगी से अजित पवार और उनके समर्थक खफा थे। राजभवन में मौजूद महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि अजित पवार ने निचले सदन में विपक्ष के नेता (एलओपी) के पद से इस्तीफा दे दिया है और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। राजभवन में विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल और राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद थे। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने दावा किया कि राकांपा के 40 विधायकों (कुल 53 में से) ने राज्य सरकार का समर्थन किया है। राज्य में विधानसभा चुनाव अगले साल प्रस्तावित है।

### पार्टी में पहले भी हुई है बगावत, इसका सच कुछ दिनों ने सभी के सामने आएगा : शरद पवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को आई उथल पुथल के बाद अब एनसीपी के नेता शरद पवार का भी बयान सामने आ गया है। अजित पवार के महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के बाद शरद पवार ने पहली बार सामने आकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब एनसीपी के नेताओं की बैठक बुलाई गई है। शरद पवार ने कहा कि मुझसे कई एनसीपी के विधायक संपर्क में है और बात कर रहे है। मैंने एनसीपी के नेताओं की बैठक भी बुलाई है। कुछ विधायकों के हस्ताक्षर लिए गए लेकिन उनकी स्थिति अलग है। मैंने उनसे बात की है। अब भी असली एनसीपी में कई विधायक और नेता हैं, जिससे डरने की जरुरत नहीं है। अजित पवार ने कहा कि ये पहला मौका नहीं है जब पार्टी में इस तरह की बगावत देखने को मिल रही है। पहले भी ऐसे ही बगावती तेवर कई नेताओं ने दिखाई हैं, मगर उनका कोई हश्र नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त

### अजित पवार काम करने वाले नेता : एकनाथ शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अजित पवार के राज्य के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लिए जाने के बाद बड़ा बयान दिया है। अजित पवार के पार्टी को समर्थन किए जाने के बाद उन्होंने मीडिया के सामने आकर बयान दिया है। उन्होंने इस दौरान शरद पवार और उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा है।

### भाजपा नेता मणिपुर मामले में दखल न दें तो इससे मदद मिलेगी

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मणिपुर की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि राज्य में स्थिति 7 से 10 दिनों के भीतर सुधर जाएगी। इस बयान पर अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम ने रविवार को पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा नेता मणिपुर में अपनी नाक नहीं घुसाएंगे और दूर रहें तो इससे मदद मिलेगी।

### 11 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन की जब्त, 3 ड्रग तस्कर भी गिरफ्तार

**असम।** असम पुलिस के विशेष कार्य बल और कामरूप जिला पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में लगभग 11 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में हेरोइन बरामद और जब्त की है। एसटीएफ के डीआइजी पार्थ सारथी महंत ने एएनआई को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कामरूप जिला पुलिस ने शनिवार देर रात (1 जुलाई) एक अभियान चलाया था।

कांग्रेस ने कहा,

# रैली में लोगों को शामिल होने से रोक रही पुलिस, सरकार



**हैदराबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस की तेलंगाना इकाई ने रविवार को आरोप लगाया कि पुलिस और राज्य सरकार पार्टी के नेता राहुल गांधी की खम्मम में रैली में शामिल होने जा रहे लोगों के लिए बाधा उत्पन्न कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं के इशारे पर ऐसा किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने इन दावों से इनकार किया है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी ने इस मुद्दे पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार से बात की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ बीआरएस इस रैली को लेकर परेशान है। कांग्रेस विधायक डी श्रीधर बाबू ने आरोप लगाया कि स्थानीय बीआरएस नेतृत्व रैली को असफल करने की कोशिश के तहत अलोकतांत्रिक तरीके से कार्य कर रहा है। वहीं, खम्मम के पुलिस आयुक्त विष्णु एस. वारियर ने दावा किया कि खम्मम में कांग्रेस पार्टी की जनसभा के लिए लोगों को ले जा रहे वाहनों को रोककर पुलिस द्वारा बाधा उत्पन्न किये जाने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।

# भाजपा सरकार ने नौ वर्षों में इतना लूटा जितना अंग्रेजों ने ढाई सौ वर्ष में नहीं लूटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भ्रष्टाचार एवं महंगाई के लिये केंद्र की आलोचना करते हुये कहा है कि प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी की अगुवई वाली राजग सरकार ने नौ वर्षों में इतना लूट लिया है, जितना अंग्रेजों ने ढाई सौ वर्ष में भी नहीं लूटा था। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के साइंस कॉलेज मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और लोगों से अपील की कि वे आप को मौका देकर राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त करें। महंगाई के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए केजरीवाल ने कहा, मोदी जी मुझ पर गुस्सा हो गए कि मैं दिल्ली में रेवड़ियां बांट रहा हूं। हां मोदी जी, मैं बांट रहा हूं। लेकिन आपके लोग रेवड़ियां लूटकर अपने घर ले जा रहे हैं। जब मैं गरीबों के हाथों में रेवड़ियां रख रहा हूं तो आपको चिंता क्यों हो रही है। केजरीवाल ने कहा, आज आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। सब्जीदूध, आटा सब कुछ महंगा हो गया है। क्या आपने कभी सोचा है कि कीमतें क्यों बढ़ रही हैं। मोदी जी ने इतना टैक्स लगाया है जितना आजादी के बाद कभी नहीं लगा।



मोदी सरकार ने नौ साल में इतना लूटा जितना अंग्रेजों ने 250 साल में भी नहीं लूटा था। 75 साल में कांग्रेस ने भी इतनी लूट नहीं की। भगवान ने छत्तीसगढ़ को सब कुछ दिया है लेकिन अच्छे राजनेता और अच्छी राजनीतिक पार्टी नहीं दी, यदि 23 साल में भाजपा और कांग्रेस की सरकारों ने राज्य में अच्छा काम किया होता तो राज्य का एक-एक परिवार अमीर हो गया होता।

**अरविंद केजरीवाल**

# मानसून सत्र के लिए राष्ट्रपति मुर्मू ने 20 से बुलाई राज्यसभा की बैठक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा की बैठक 20 जुलाई से 11 अगस्त तक होगी। उच्च सदन सचिवालय ने इसकी जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के मानसून सत्र के लिए 20 जुलाई से राज्य सभा की बैठक बुलाई है। निर्धारित विधायी कामकाज को देखते हुए मानसून सत्र 11 अगस्त को संपन्न होगा। इससे पहले शनिवार को संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने घोषणा की थी कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। जोशी ने कल ट्वीट कर कहा कि %मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य कामकाज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। 23 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन किया था।

उम्मीद है कि सरकार के पास सत्र के लिए महत्वपूर्ण विधायी एजेंडा होगा। विपक्षी दल भी कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए कमर कस रही हैं। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के बीच इस बार संसद का मानसून सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है।

संज्ञान

केंद्र ने व्यवस्था तैयार करने को कहा

# पांच राज्यों में एक तिहाई छात्र मध्याह्न भोजन के दायरे से बाहर

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश और झारखंड के स्कूलों में नामांकित कुल बच्चों में से औसतन लगभग एक तिहाई छात्रों के वर्ष 2022-23 की तीन तिमाही के दौरान मध्याह्न भोजन योजना के दायरे से बाहर रहने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार ने इन राज्यों से कवरेज बढ़ाने के लिए व्यवस्था तैयार करने को कहा है। साथ ही शिक्षा मंत्रालय ने कुछ राज्यों से योजना के आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच करने और विसंगतियां दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है। वर्ष 2023-24 के लिए शिक्षा मंत्रालय के अधीन पीएम पोषण योजना की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट पर, कार्यक्रम मंजूरी बोर्ड (पीएबी) की बैठक के कार्यवृत (मिनट्स) से यह जानकारी मिली है। यह बैठक मार्च से मई महीने के बीच हुई थी। कार्यवृत में अप्रैल से दिसंबर 2022 तक राज्यों में मध्याह्न भोजन के प्रदर्शन की समीक्षा का लेखाजोखा प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि स्कूलों में दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत प्रतिशत इन पांच राज्यों में भी सबसे ज्यादा खराब बिहार (57 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (57.37 प्रतिशत) है जबकि दिल्ली(60 प्रतिशत), मध्यप्रदेश (68.81 प्रतिशत), झारखंड (69 प्रतिशत) की स्थिति थोड़ी बेहतर है। इसके अलावा, दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत तेलंगाना में 79 प्रतिशत, असम में 82 प्रतिशत, उत्तराखंड में 83 प्रतिशत, त्रिपुरा में 86 प्रतिशत, पंजाब और मणिपुर में 87 प्रतिशत, तमिलनाडु में 88 प्रतिशत, मेघालय में 89 प्रतिशत दर्ज किया गया। कार्यक्रम मंजूरी बोर्ड (पीएबी) ने इन राज्यों में दाखिले की तुलना में कम संख्या में छात्रों के मध्याह्न भोजन मिलने पर संज्ञान लेते हुए इन राज्यों से ऐसी कोई व्यवस्था तैयार करने को कहा जिससे अधिक संख्या में नामांकित छात्रों को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया जा सके।



### केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पर उठा सवाल

वहीं, मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने को लेकर पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश सरकार के आंकड़ों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सवाल भी उठाया है। मंत्रालय ने इन राज्यों से आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच करने और विसंगतियां दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है। कर्नाटक में दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत प्रतिशत प्राथमिक कक्षा के स्तर पर 95 प्रतिशत और उच्च प्राथमिक स्तर पर भी 95 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस पर, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने कहा कि कर्नाटक के सभी जिलों में 95 प्रतिशत का कवरेज असंगत एवं त्रुटिपूर्ण लग रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से इन विसंगतियों पर ध्यान देने और उपयुक्त उपचारात्मक कदम उठाने का सुझाव दिया है।

# बिजली कटौती को लेकर आप का प्रदर्शन

- हाथ में लालटेन लेकर परिवर्तन चौक पहुंचे आप कार्यकर्ता

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**आम आदमी** पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के आवाहन पर रविवार को सभी जिलों में बिजली कटौती के खिलाफ लालटेन जुलूस निकाला गया। लखनऊ जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ परिवर्तन चौक से हजरतगंज तक लालटेन जुलूस निकालने के लिए इकट्ठे हुए पुलिस ने कार्यकर्ताओं को परिवर्तन चौक से आगे बढ़ने नहीं दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोक झोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती को लेकर योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस सभी को हिरासत मे लेकर इको गार्डन ले गई। जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है।जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी की वजह से





अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं और गर्मी के कारण तमाम बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। पार्टी की ओर से उन्होंने सरकार से मांग की प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति कराई जाये जिससे इस भयंकर गर्मी से लोगों को निजात मिल सके और लोगों की मौतें न हों, गर्मी के कारण प्रदेश में जो मौतें हुई है उन मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाये और बिजली विभाग में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाये।लोगों की मौतों पर भाजपा के मंत्री संवेदनहीन बयान दे रहे हैं ये दुःखद है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की केजरीवाल सरकार बिना कटौती 24 घंटे बिजली दिल्ली की जनता को उपलब्ध करा रही है। उत्तर प्रदेश की जनता योगी सरकार से जानना चाहती है कि जब दिल्ली की जनता को मुफ्त और बिना कटौती 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो सकती है तो उत्तर प्रदेश की जनता को देश में सबसे महंगी और बिना कटौती 24 घंटे बिजली क्यों नहीं। धरना प्रदर्शन में प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी, अवध प्रान्त प्रभारी सरबजीत सिंह मक्कड़, नीरा सक्सेना, बालगोविन्द वर्मा, फखरुल इमाम, प्रीत पाल सिंह सलूजा, जसमीत कौर, सुभाषनी मिश्रा, जॉनी, इस्मा जहीर, इरम रिजवी, माजिद अली,शहंशाह, हसरत अली, मोनू यादव, संगीता, पंकज श्रीवास्तव, रेखा चतुर्वेदी, नीरज गुप्ता, अनिता ,नोमान अहमद, अभिषेक सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनेलाल पटेल की जयंती में पहुंचे अखिलेश यादव

- बोले हम जातीय जनगणना की बात कर रहे, वे लोग हमें जातिवादी कहते हैं

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ के लोहिया सभागार में अपना दल कमेरावादी सोनेलाल पटेल की जयंती मना रही है। कार्यक्रम में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने सोनेलाल पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अखिलेश ने कहा, सोनेलाल पटेल जी कन्नौज के थे। हम भी कन्नौज से है। पहले कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होना था। भाजपा की साजिश की वजह से कार्यक्रम कैंसिल हो गया। हम लोग जातीय जनगणना की बात कर रहे हैं, वह लोग हमें जातिवादी कहते हैं। गैर बिरादरी तभी खत्म होगी जब जातीय जनगणना होगी। कृष्ण पटेल ने कहा, सोनेलाल पटेल की जयंती पर जातीय जनगणना की परिचर्चा सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जातीय जनगणना जरूरी है। इससे जो सच्चाई है। वह सामने आ जाएगी। भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए जिम्मेदार नहीं है। वह लोग चाहते है। पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग की मांग है कि जातीय जनगणना कराई जाए। सोनेलाल पटेल का जन्म कन्नौज के ग्राम बुगलयी में एक किसान परिवार में 2 जुलाई 1950 को हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में किसानों, गरीबों व कमेरा समाज के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष किया। 17 अक्टूबर 2009 को एक सड़क दुर्घटना में उनका देहांत हो गया था। चार नवंबर 1995 को पार्टी का गठन किया था।

## खबरें एक नजर में

### महिला से चेन स्नेचिंग, पीछे से आया लुटेरा चेन लूटकर भागा

**लखनऊ।** लखनऊ में पैदल जा रही महिला से चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। गोमतीनगर स्थित विरामखंड पांच में बुजुर्ग महिला के गले से चेन लूटकर लुटेरा भाग गया। इस दौरान महिला सड़क पर गिर गई। उसे चोट भी आई है। पूरी घटना सीसटीवी में कैद हुई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। विरामखंड-5 में शनिवार शाम बाइक से दो लुटेरे आए। आगे महिला पैदल जा रही थी। लुटेरों ने कुछ पीछे बाइक रोक दी। एक लुटेरा बाइक से उतरा और महिला का पीछा करने लगा। फिर झपट्टा मारकर चेन छीन ली। महिला बचाव की जद्दोजहद करती रही। वह सड़क पर भी गिरी। इतने में लुटेरा भागने लगा। महिला ने काफी दूर तक उसका पीछा किया, लेकिन बाइक पर बैठकर अपने साथी के साथ लुटेरा भाग गया। अनिवेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी मां शालिनी सिंह (60) शनिवार शाम करीब पांच बजे मोहल्ले में ही हो रहे सुंदरकांड पाठ में शामिल होने के लिए जा रही थीं। घर से कुछ दूर पहुंची ही थीं, तभी पीछे से दो बाइक सवार बदमाश आए। बाइक कुछ दूर पहले ही रोक दी। पीछे बैठा युवक उनके पीछे आया और झपट्टा मारकर चेन लूटकर बाइक से भाग निकला। मां के गले में चोट आ गई। इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द लुटेरे पकड़े जाएंगे।

### मसालों की कीमतों में वृद्धि के साथ अब तड़का मुसीबत में

**लखनऊ।** सब्जियों में खासकर टमाटर की बढ़ती कीमतों के बाद, अब तड़का मुसीबत में है। मसालों की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि से रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है। जीरा सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला मसाला, सबसे महंगी रसोई सामग्री में से एक बन गया है क्योंकि कीमतें अप्रैल में 400 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 750 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, खरबूजे के बीज और लौंग जैसे कई अन्य मसालों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। खरबूजे के बीज, जिनकी कीमत फिलहाल 750 रुपए किलो है, तीन महीने पहले 300 रुपए प्रति किलो बिक रहे थे। इसी तरह, लौंग की कीमतें अप्रैल में 1,000 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 1,200 रुपए हो गई हैं। व्यापारी इसके लिए कम पैदावार, चक्रवात बिपरजॉय के कारण खराब परिवहन और अब मानसूनी बारिश को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। मांग और आपूर्ति में निश्चित तौर पर बेमेल है।यहियागंज में एक किराने की दुकान के मालिक ने कहा कि हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते क्योंकि हम उन्हें बहुत अधिक कीमत पर खरीद रहे हैं। जीरा और तरबूज के बीज की कीमतें तीन महीने में लगभग दोगुनी हो गई हैं। बुआई के दौरान अधिक वर्षा के कारण मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव के कारण प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों ने सरसों जैसी अन्य फसलों की ओर रुख कर लिया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश से हल्दी और मिर्च जैसे अन्य मसालों की कीमतों में उछाल आ सकता है।

### संत के बिना मुक्ति नहीं: आचार्य विशद सागर

**लखनऊ।** श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर चारबाग में चल रहे श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्डल विधान में रविवार को बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आज 1024 अर्घ चढ़ायें गये। कार्यक्रम में की प. पू. 108 विराग सागर जी महराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलत यहियागंज जैन समाज के मंत्री समीर जैन एवं उनके साथियों ने किया। बाद में मंगल प्रवचन में आचार्य श्री विशद सागर ने कहा कि इस अनादि संसार से मुक्ति संत बने बिना नही हो सकती। इस अवसर पर संजीव, डा. अरुण जी एवं आनन्द जी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की वाणी का रसपान कर पुण्य का संचय किया। आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज के साथ मुनि श्री 108 विशाल सागर जी महाराज, क्षुल्लिका श्री 105 वात्सल्य भारती माताजी,आर्यिका श्री 105 भक्ति भारती माताजी भी मौजूद रहे। संयोजक संजीव जैन ने बताया कि पावन वर्षा योग 2023 का आयोजन 5 जुलाई को प्रातः 8 बजे कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई को प्रातः 8 बजे गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा।

### अपने आचरण से मात पिता का नाम रोशन करना सच्ची गुरु दक्षिणा: ब्रह्मकुमारी इंद्रा

लखनऊ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा, विश्व कल्याणी भवन, खुर्शीदबाग फाटक, गणेश गंज, लखनऊ में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के वरिष्ठ भ्राता ब्रह्मा कुमार बद्री विशाल ने गुरु के महत्व को बताते हुए कहा की भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान परमात्मा से ऊपर है। गुरु पूर्णिमा का शुभारंभ आषाढ़ मास की पूर्णिमा को इसलिए हुआ क्योंकि इस दिन परमात्मा शिव ने सप्त ऋषियों को ज्ञान दिया था तथा इसी दिन वेदव्यास जी ने अपने पांच मुख्य शिष्यों को भागवत कथा सुनाइए थी। गुरु पूर्णिमा के पश्चात, गुरु लोग चातुर्मास में चले जाते हैं, शादी विवाह आदि के कार्यक्रम स्थगित रहते हैं। क्योंकि वर्षा ऋतु में लोगों की प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, इसलिए भारतीय संस्कृति में यह विधान है की शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बाहर आना जाना और बाहरी खानपान को रोका जाए। लोग अपने स्थानों पर रहकर विशेष सावन मास में शिव का ध्यान करें और आंतरिक शक्ति का विकास करें, ताकि मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से लोग स्वस्थ और सशक्त रहें। इस अवसर पर संस्था की स्थानीय शाखा की प्रबंधिका ब्रह्माकुमारी इंदिरा दीदी का संस्था के अनुयायियों ने गुरु रूप में सादगी के साथ स्वागत और सम्मान किया। दीदी ने कहा कि गुरु दक्षिणा के रूप में आप सभी अपने संकल्प, बोल और कर्म से अपने मात पिता का नाम रोशन करें, मैं सिर्फ यही चाहती हूं। कार्यक्रम के समापन में सभी को ब्रह्मा भोजन कराया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया।

# यूपी में 4 से 5 जुलाई को होगी भारी बारिश, अलर्ट जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून के आने के बाद जमकर बरसात हो रही है। लगभग प्रदेश के सभी जिलों में बारिश हो रही है। जिसकी वजह से तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान मुताबिक शनिवार को भी राजधानी समेत कई जिलों में बारिश हुई। विभाग ने आज भी कई जगहों पर तेज हवाएं चलने और मौसम सुहावना रहने की संभावना जताई है, लेकिन 4 और 5 जुलाई को प्रदेश में भारी बारिश होगी। इसके लिए अलर्ट जारी कर दिया है। बता दें कि यूपी में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। बारिश की वजह से मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन के तापमान में कमी से लोग राहत की सांस ले रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अब लोगों को तपिश भरी गर्मी से छुटकारा मिल गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 4 और 5 जुलाई को भारी बारिश होने का अनुमान है। इसके लिए अलर्ट जारी किया है। जहां लोगों को बारिश से राहत मिली है, वहीं कुछ जगहों पर लोगों को बारिश की वजह से परेशानी भी उठानी पड़ रही है। तेज बारिश के कारण उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर जलभराव की समस्या पैदा हो गई। नदी-नाले, तालाब-पोखर लबालब भर गए। लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। कई जिलों में बिजली गुल हो रही है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी, महोबा, ललीतपुर, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, कासगंज, फर्रुखाबाद, मैनपुर, कन्नौज, हरदोई, लखीमपुर खीरी, अंबेडकर नगर, जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, बलिया और आसपास के जिलों में भारी बारिश होगी।

# सोनेलाल पटेल की जयंती, एनडीए ने दिखाई एकजुटता

- पिछड़ों के विकास के लिए मोदी बनायेंगे पिछड़ा वर्ग मंत्रालय: अनुप्रिया
- विपक्षी गठबंधन का कोई नेतृत्व करने वाला ही नही
- कार्यकर्ता इतनी मेहनत करें कि फिर बने एनडीए की सरकार

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



**अपना** दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर आज लखनऊ के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में एनडीए ने एकजुटता दिखाई। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गज शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना दल एस की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 24 घंटे मेहनत करने की जरुरत है। पिछड़ों के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही पिछड़ा वर्ग मंत्रालय बनाएंगे।अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मुख्य अतिथि अमित शाह के परिचय को बताने की जरूरत नहीं है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में दुनिया जानती है। उनके भाजपा अध्यक्ष रहते हुए लगातार जीत मिली है। यही वजह है कि उन्हें भारत के आधुनिक चाणक्य की संज्ञा दी गयी है अपना दल और भाजपा का गठबंधन सबसे लंबा चला है।इतने लंबे गठबंधन के पीछे सबसे अधिक भूमिका गृहमंत्री अमित शाह की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए कहा कि आज योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरन्तर आगे बढ़ रहा है। योगी ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनकी लोकप्रियता उप्र और देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सोने लाल पटेल ने बौद्ध धर्म को अपनाया। महात्मा बुद्ध कहते थे कि हम कभी उसे नहीं देखते जो हमने किया है। हम उसे देखते हैं जिसे हमें करना बाकी है। उन्होंने अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि सभी लोग आज गांठ बांधकर यहां से जाएं और इतना कठिन परिश्रम करें ताकि 2024 में एनडीए गठबंधन की सरकार पुनः बने।अपना दल एस की अध्यक्ष ने कहा कि आज विपक्षी गठबंधन का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। उसका कोई नेतृत्व करने वाला नहीं है। उनकी मंशा पिछड़ों दलितों के लिए नहीं है। अनुप्रिया पटेल ने गृह मंत्री अमित शाह को सरदार पटेल की प्रतिमा भेंटकर उनका स्वागत किया।मंच पर अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, अनुप्रिया पटेल केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह जितिन प्रसाद, संजय निषाद, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, आशीष पटेल, संदीप सिंह, दिनेश सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। मंच से एनडीए की एकता और मजबूती के साथ ही पिछड़ों की सियासत करने वाले लोगों के लिए बड़ा संदेश देने की कोशिश के गई है।

# सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन का शुभारम्भ

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

- अधिक जनजातीय जनसंख्या वाले सात जनपदो बहराइच बलिया, देवरिया कुशीनगर, मीनभद्र पुर और लखीमपुर खीरी में हुई मुख्य गतिविधियां

देश के जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों में अनुवांशिक ब्लड डिसआर्डर रोग सिकल सेल रोग के लिए युगदृष्टा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल से मध्य प्रदेश के शहडोल में 01जुलाई को कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के समानांतर उत्तर प्रदेश के चिन्हित सात जनपदों-बहराइच बलिया, देवरिया कुशीनगर सोनभद्र, ललितपुर और लखीमपुर खीरी के जनपदीय मुख्यालय और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों में गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जन मानस को सिकल सेल एनीमिया के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में प्रदेश में बहराइच जनपद के विकास खंड-मिहींपुरवा के स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र, कुरवा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं राज्य मंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मयंकेश्वर शरण सिंह तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की गरिमामयी उपस्थिति में बृहद कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया और सिकल सेल रोग हेतु परीक्षण किये गये। व्यक्तियों को सिकल सेल स्टेटस कार्ड वितरित किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज से प्रारम्भ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होने आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रदेश के चिकित्सक समुदाय को उनके सराहनीय सामाजिक कार्य के लिए बधाई भी दी। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और जनजार्य मंत्रालय द्वारा सिकल सेल रोग से ग्रस्त व्यक्तियों की जांच, उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों स्तरों पर समन्वय स्थापित करने के लिए इस अभियान के तहत निर्देश जारी किये गए हैं। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर जनजातीय सिकल सेल रोग के स्क्रीनिंग करने एवं जनसामान्य को रोग एवं प्रबंधन के विषय में जागरूक करने के रणनीतिबद्ध तरीके से कार्य किया जाना है।सिकल सेल रोग एक अनुवांशिक ब्लड डिस्आर्डर रोग यानि जिनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जो एक नदी से दूसरी पीढ़ी को ग्रसित करती है। इस अनुवांशिक में ऐसे व्यक्तियो को भी होता है जिनमें रोग के लक्षण प्रदर्शित नही होते और ये रोगवाहक का कार्य करते है एवं ऐसे पार्क की अगली पीढ़ी में रोग की सम्भावना प्रबल होती है। रोग जनजातीय समुदाय में अधिक पाया जाता है। सिकल सेल रोग से ग्रसित व्यक्ति में बार बार रक्त की कमी होती है एवं ऐसे व्यक्तियों में प्रतिरोधक क्षमता की भी कमी हो जाती है, जिस कारण उक्त व्यक्ति अवसरवादी रोगों न्यूमोनिया, डायरिया, बिहान आदि से ग्रस्त हो जाता है और पैरो में दर्द, सूजन आदि की समस्या होती है एवं शारीरिक विकास कम होता है। ऐसे व्यक्तियों को बार-बार रक्ताधान की आवश्यकता है। कई बार यह बीमारी जानलेवा भी साबित होती है। 2047 तक देश में सिकल सेल रोग के उन्मूलन किये जाने का लक्ष्य है। उपरोक्त के दृष्टिगत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा संचालित किये जाने वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रस्त व्यक्तियों के जाँच, उपचार एवं प्रबन्धन के लिए विभिन्न विभागों स्तरों पर समन्वय स्थापित करते हुए सिकल सेल रोग के स्क्रीनिंग करने तथा जन-सामान्य को इस रोग एवं बचाव के विषय में जागरूक किया जाना है।

# यूनियन बैंककर्मी संतोष संबल के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**गोमती** नगर के विराजखण्ड क्षेत्र स्थित यूनियन बैंक शाखा में कार्यरत हेड कैशियर एवं यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारी संतोष संबल को बैंक प्रबंधन ने इंदिरा नगर शाखा में स्थानांतरित किया है।

संतोष के स्थानांतरण अवसर पर बैंक स्टाफ द्वारा आयोजित विदाई समारोह में शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ लखनऊ के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। सभी सहयोगी बैंककर्मियो ने संतोष को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी। विराजखंड शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक प्रणय गुप्ता ने हेड कैशियर संतोष संबल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संतोष के सक्रिय सहयोग से शाखा में काफी सकारात्मकता बनी रही और उसी सहयोग से विराजखंड शाखा प्रगति की तरफ बढ़ती गई। संतोष संबल ने अपने विदाई संबोधन में सहकर्मी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और सभी से कहा कि क्योंकि परिवर्तन प्रकृति का नियम है अतरू यहां से मेरे स्थानांतरण के बावजूद शाखा से मेरा लगाव हमेशा रहेगा। इस शाखा में जीवन के पांच साल बहुत ही बेहतरीन रहे हैं। बैंककर्मी नेता कामरेड धर्मेन्द्र अवस्थी ने कहा कि यूनियन बैंककर्मियों के हितों की हर लड़ाई में संतोष संबल ने आगे बढ़कर सक्रिय सहयोग दिया है।

# नीति के विरुद्ध किया गया स्थानांतरण

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के प्रावधानों के विरुद्ध बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में मान्यता प्राप्त सुपरवाइजर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है।जिससे पूरे प्रदेश में सुपरवाइजरों में आक्रोश बढ़ गया है और उन्होंने शासन को पत्र देने और जिला स्तर पर भी विरोध करने का निर्णय लिया है। आज सुपरवाइजर एसोसिएशन की आपात बैठक में इसे दुर्भावनापूर्ण और उत्पीड़न की कार्यवाही माना है। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए सुपरवाइजर एसोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्ष रेनू शुक्ला और महामंत्री शशीकांता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति 2023 में साफकहा गया है कि किसी भी मान्यता प्राप्त संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री का स्थानांतरण पदभार ग्रहण करने के 2 वर्ष की अवधि तक नहीं किया जाएगा और स्थानांतरण नीति में समूह ग और घ के बारे में जनपद में कार्य करने की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। बावजूद इसके सुपरवाइजर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री समेत जिला अध्यक्षों व मंत्री का स्थानांतरण कर दिया गया। जबकि पदाधिकारियों का चुनाव एक वर्ष पूर्व ही हुआ है और इस संबंध में बाकायदा विभाग को सूचना भी दी गई है। उन्होंने कहा कि दरअसल पदोन्नति, एसीपी जैसी न्याय उचित मांगों पर लंबे समय से सुपरवाइजर एसोसिएशन संघर्ष कर रहा है और इनके हल के लिए शासन स्तर पर वार्ता भी कर रहा है। लेकिन इसे हल करने की मंशा विभाग की नहीं है। इसलिए उत्पीड़न करने के लिए दुर्भावना प्रेरित पदाधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड का मायावती ने किया समर्थन

- कहा, लागू करने के तरीके से सहमत नहीं बसपा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



**उत्तर** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रमीपो मायावती ने समान नागरिक संहिता को लेकर अपना रुख साफ किया है। उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि हम यूसीसी के खिलाफ नहीं है। लेकिन इसे लागू करने के सरकार के तरीके से हम सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मो के लोग रहते हैं जिनके हर मामले में रहन सहन और नियम और रश्म हैं। जिससे इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान में यूसीसी का जिक्र है लेकिन थोपने का जिक्र नहीं है। मायावती ने कहा कि यूसीसी के खिलाफ नहीं हैं लेकिन भाजपा के तरीको से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूसीसी पर संकीण राजनीति करना ठीक नहीं है। देश में जनहित में सही यह होगा कि सरकार महंगाई, गरीबी और शिक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्रमुख समस्याओ की ओर सरकार का ध्यान नहीं है बल्कि इससे भटकाने के लिए यूसीसी पर चर्चा कर रही है। वहीं कांग्रेस शनिवार को भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर अपने रुख पर कायम रही और कहा कि इस स्तर पर इसे लागू करना ठीक नहीं है। पार्टी ने कहा कि अगर इस मुद्दे पर कोई मसौदा विधेयक या रिपोर्ट आती है, तो फिर वह कोई टिप्पणी करेगी। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने संसदीय रणनीति समूह की बैठक की, जिसमें उसने 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के दौरान उठाए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मणिपुर हिंसा, पहलवानों का विरोध, मुद्रास्फीति, बढ़ती बेरोजगारी और विभिन्न राज्यपालों के आचरण को लेकर कांग्रेस केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी में है। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी समान नागरिक संहिता पर 15 जून को पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है और यूसीसी को लेकर कांग्रेस के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों के दौरान इस मामले में कुछ अतिरिक्त नहीं हुआ है, इसलिए पार्टी के पास अभी इस पर कहने के लिए कुछ नहीं है। रमेश ने कहा, ''जब कोई मसौदा आएगा और चर्चा होगी, तो हम हिस्सा लेंगे और जो प्रस्तावित होगा, उसकी समीक्षा करेंगे। फिलहाल, हमारे पास प्रतिक्रिया के लिए केवल विधि आयोग का सार्वजनिक नोटिस है। कांग्रेस अपने बयान पर कायम है, क्योंकि कुछ भी नया नहीं हुआ है।श्श् कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि यूसीसी पर नये सिरे से जनता की राय लेने का विधि आयोग का नवीनतम प्रयास अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने और ध्रुवीकरण के एजेंडे को जारी रखने के मोदी सरकार के उतावलेपन को दर्शाता है।

# कावड़ यात्राओं के दौरान कोई वरिष्ठ अधिकारी नही जायेंगे अवकाश परः संजय प्रसाद

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशो के अनुपालन में प्रदेश में सुरक्षित एवं सौहार्द्ध पूर्ण वातावरण मे कावड़ यात्राएं आयोजित कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव गृह श्री संजय प्रसाद एवं पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने आज योजना भवन मे वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आवश्यक निर्देश दे रहे थे। कावंडयात्रा के सकुशल आयोजन के लिए जनपदों मे की गयी तैयारियों की जानकारी जनपदवार प्राप्त कर निर्देश दिये गये कि आम जनमानस के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुये और अधिक बेहतर ट्राफिक प्लान बनाया जाय।उन्होंने कहा कि ट्राफिक प्लान बनाते हुए इस बात का अवश्य ध्यान रखा जाय कि कावड़ यात्रा सहित आम नागरिक को भी किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने कहा कि ट्राफिक प्लान का व्यापक प्रचार प्रसार इस उद्देश्य से कराया जाय कि आम नागरिकों को आवागमन हेतु चिन्हित वैकल्पिक रूट की जानकारी समय से प्राप्त हो जाय।

प्रमुख सचिव गृह एवं पुलिस महानिदेशक आज योजना भवन में लखनऊ, अयोध्या तथा बरेली मण्डलों के मण्डलायुक्त, पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विस्तृत समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने संबधित समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावंड़यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं, कावंड़ियों व दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो सम्बन्धित जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेकर आवश्यकतानुसार उचित कार्यवाही समय से सुनिश्चित करेगे। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान कोई भी सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर नही जायेगे। संजय प्रसाद ने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान अफवाहों को फैलाने वालों



पर कड़ी नजर रखकर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। उन्होंने यह भी कहा सम्बन्धित जनपदों के वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य किसी भी प्रकार की संवादहीनता नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घाटों एवं मार्गो पर साफ-सफाई एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने घाटों, मार्गो एवं शिव मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने के साथ ही पीए सिस्टम की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने घाटों पर गोताखोर एवं जल पुलिस की आवश्यकतानुसार व्यवस्था बनाये रखने के साथ मोबाइल शौचालय एवं प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने घाटों पर गहरे जल की सीमा पर जल बैरिकेटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। संजय प्रसाद ने कावंड मार्गो को ठीक बनाये रखने के साथ ही साथ मार्गो के किनारे बने हुए नालों की सफाई कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कावंड मार्ग पर पड़ने वाले सीएचसी एवं पीएचसी में एण्टी वेनम सहित अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ डाक्टरों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति बनाये रखने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कावंड़ मार्ग पर अस्थायी चिकित्सा कैम्प की भी व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिए।प्रमुख सचिव गृह ने हाईवे पर पडने वाले अस्पतालों के ट्रामा सेंटर में सभी आवश्यक चिकित्सीय सुविधायें बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के साथ साथ शिव मंदिरों पर भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरा एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कावंड यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु वालंटियर्स से भी आवश्यकतानुसार मदद लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कावंड मार्गो एवं घाटों पर निरंतर पेट्रोलिंग की व्यवस्था बनाये रखने के भी निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि टैऊफिक एडवाइजरी समय से जारी करने तथा घाटों एवं कावंड मार्गो पर महिला पुलिस की आवश्यकतानुसार तैनाती सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कावंड़ मार्गो पर पड़ने वाले कटध्सम्पर्क मार्गो पर विशेष निगरानी एवं व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कावंड मार्गो पर पड़ने वाले अंधे मोड़ों पर भी साइनेज लगाने एवं वहां पर विशेष व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने नदियों के घाटों पर गहरें जल के पास बैरिकेटिंग एवं नोटिस बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, प्रशान्त कुमार, सचिव गृह बी0डी0 पालसन व ए0वी0राजमौलि, पुलिस आयुक्त, लखनऊ, एस0बी0 शिरडकर सहित अन्य सम्बन्धित मण्डलों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने कावंड़ यात्रा के मद्देनजर की गयी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु-पूजन का पर्व है। सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु-शिष्य की सुदीर्घ परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। शास्त्रों के अनुसार इस पूर्णिमा की तिथि पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए व्यास पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान बताया गया है। गुरु शिष्य को रचता है, इसलिए वह ब्रह्मा है। गुरु, शिष्य की रक्षा करता है, इसलिए वह विष्णु है। गुरु शिष्य के सभी दोषों का संहार करता है, इसलिए वह साक्षात महेश्वर है। हमें गुरु-पूजन पूरी आस्था और श्रद्धाभाव से करके उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में गुरु के महत्व से भावी पीढ़ी को परिचित कराने के लिए यह पर्व आदर्श है। गुरु-पूजन का यह पर्व हमें सद्मार्ग पर ले जाने वाले उन महापुरुषों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता अर्पित करने की प्रेरणा देता है, जिन्होंने अपने ज्ञान, त्याग और तपस्या से समाज, राष्ट्र और विश्व को नई राह दिखाई।

## खबरें एक नजर में

### दस अगस्त को पुरानी पेंशन को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन को लेकर अब राज्य के बाद केंद्र पर दबाव बनाने की तैयारी चल रही है। राज्य और केंद्रीय कर्मचारी अब दिल्ली में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। 10 अगस्त को दिल्ली में लाखों की संख्या में रामलीला मैदान के अंदर कर्मचारी धरना देंगे। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सदस्य नवीन राय ने बताया कि बनारस, लखनऊ समेत पूरे प्रदेश से सैकड़ों राज्य और केंद्रीय कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिवगोपल मिश्रा के नेतृत्व में रेलवे के कर्मचारी इस आंदोलन को तेज करने में लगे है। उप्र राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि पूर्वांचल में रथ यात्रा निकाला गया था। उसके बाद लखनऊ में बड़ी रैली की गई। अब पश्चिमांचल में रथ यात्रा निकाली जा रही है। वहां से हजारों की संख्या में कर्मचारी दिल्ली जाएंगे। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी अब समझौता करने को तैयार नहीं है। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के राष्ट्रीय संयोजक कामरेड शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में आये कर्मचारियों के लिए एनपीएस एक छलावा साबित हुई है और जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके साथ भारी अन्याय किया जा रहा है। कामरेड मिश्र ने कहा कि सरकारी कर्मचारी 30 से 40 साल की सेवा देकर स्वयं व आश्रितों को पेंशन के सहारे सामाजिक सुरक्षा का अधिकारी बनता था। उन्होंने वर्तमान सरकारें आर्थिक बोझ के नाम पर इससे बचना चाहती हैं। बताया कि पूरे प्रदेश 35 जिलों में रथ-यात्रा निकाली जा चुकी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि इस रैली में एक लाख तक की संख्या में केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के एकत्रित होने का अनुमान लगाया है। लगातार शांतिपूर्वक तरीके से पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य एवं केन्द्र कार्मिकों का यह अगला कदम है। इस महा रैली के दौरान केन्द्र स्तर पर दिल्ली में किसी वृहद आन्दोलन की घोषणा की जा सकती है।

### पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए पेड़ आवश्यक

**लखनऊ।** गुरू गोबिन्द सिंह के चारों साहिबजादे इस्लाम न कबूल करने पर दो साहिबजादो युद्ध में शहीद हुये और दो साहिबजादो को जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया,ऐसी शहादत की मिसाल सिक्ख धर्म में ही मिलती है। गुरुद्वारा आलमबाग में पौधारोपण के विशेष कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में बोलते हुये भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा ने कहा कि आज पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ों की अति आवश्यकता है। गुरुद्वारा आलमबाग द्वारा समाज के हित में अनेक सेवा कार्यक्रमो की लड़ी में आज आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में सेवा मिलने को में अपना सौभाग्य समझता हूँ। सौरभ सिंह मोनू, पीयूष दीवान पार्षद व राजू गांधी ने कहा कि अगर हम लखनऊ को स्वच्छता व पर्यावरण में देश में एक न0 पर लाना चाहते हैं तो हमें सफाई व पौधारोपण के कार्यक्रमों को निरन्तर जारी रखना है। गुरुद्वारा आलमबाग व सिक्ख समाज के साथ सेवाओं में नगर निगम हमेंशा ही सहयोग करता रहेगा। अध्यक्ष निर्मल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व विधायक राजेश्वर सिंह को बधाई देते हुये कहा कि ÷विरासतें खालसा÷ के प्रस्ताव व निर्माण की बात से सिक्खों में एक नयी उर्जा का संचार हुया है। पूरी दुनिया के सिक्ख फोन कर जानकारी माँग रहे।

### गोमती आरती के संग वन चले-श्रीराम रघुराई का भव्य मंचन आज

**लखनऊ।** सनातन महासभा द्वारा गुरु पूर्णिमा पर 114वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन 3 जुलाई सोमवार को झूलेलाल वाटिका, निकट श्री हनुमान सेतु गोमती तट पर शाम 6.30 बजे किया जाएगा। अध्यक्ष डा. प्रवीण ने बताया कि आरती के साथ ही सनातन समरसता समागम के अंतर्गत वन चले--श्रीराम रघुराई का भव्य मंचन भी होगा।

योग प्रषिक्षक सम्मानित

लखनऊ,02 जुलाई 2023 (यूएनएस)। उप्र नॉन ओलम्पिक एसोसियेशन व लखनऊ योग स्पोंटस एसोसियेशन के संयुक्त तत्वाधान में अन्तार्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यूनिटी कालेज, शुभकामना एकडेमी, रामाधीन इण्टर कालेज व सेन्ट्रल अकादमी, अमाइकस एकडमी, प्रधान कान्वेन्ट स्कूल, खुनखुन जी पी0जी0 गर्ल्स कालेज,चौक, ए0पी0सेन गर्ल्स डिग्री कालेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज,तथा हार्नर कालेज,महानगर, सेन्ट रोज पब्लिक स्कूल, स्वर्णिम स्कूल में प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए आज उ0 प्र0 नॉन ओलम्पिक एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री अजय दीन सिंह, आई0ए0एस0 (से0नि0) एवं लखनऊ योग स्पोंटस एसोसियेशन के अध्यक्ष के0पी0 सिंह राठौर द्वारा कृष्णा नगर में एक सम्मान समारोह में योग प्रषिक्षकों को नगद पुरूस्कार व प्रषस्ति पत्र देकर

## जनशक्ति सम्मान समारोह में सम्मानित हुए पुलिस, पत्रकार व समाजसेवी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**मां** गायत्री जनसेवा संस्थान व नीशु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जनशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन नेशनल पीजी कालेज के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें सेवा, सुरक्षा व लेखनी से जुड़े 31 पुलिसवालों, 21 पत्रकारों व 51 समाजसेवियों का सम्मान किया गया। प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, मेयर लखनऊ सुषमा खरकवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष व एमएलसी व एसआर युनीवर्सिटी के पवन सिंह चौहान, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, युवा भाजपा नेता नीरज सिंह रहे तो वहीं संस्था के संरक्षक व विशिष्ट अतिथियों में विधायक सरोजनीनगर डॉ राजेश्वर सिंह, आरके चतुर्वेदी पूर्व आईजी उत्तर प्रदेश पुलिस, मुकेश बहादुर सिंह चेयरमैन इंडो अमेरिकन चौम्बर ऑफ कामर्स, संतोष



श्रीवास्तव समाजसेवी व डायरेक्टर नीलांश ग्रुप, बृजेश सिंह, शाम्भवी सिंह, समीर शेख, अनुराग मिश्रा अन्नु समेत पुलिस अधिकारियों में डीके ठाकुर एडीजी पुलिस भर्ती बोर्ड, एस एम कासिम आब्दी डीसीपी, हृदेश कुमार आईपीएस, मनीषा सिंह एडीसीपी व नेशनल पीजी के प्रिंसीपल देवेन्द्र कुमार सिंह समेत कई विशिष्टजनों ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा ने कहा एक मंच पर सेवा, सुरक्षा और लेखनी का सम्मान होना बहुत गर्व की बात है और इसके लिए दोनों संस्थाएं बधाई की पात्र है क्योंकि जब यह तीनों (पुलिस पत्रकार और समाजसेवी) एक साथ काम करेंगे तो समाज के तानेबाने का मजबूती से बांधा जा सकता है और इनके कार्यो को सम्मानित करके अरूण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा ऐसे लोगों को उत्कृष्ठ तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित करने का उत्तम काम कर रहे हैं। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि हमारा समाज तभी विकास कर सकता है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को भली प्रकार से निभाए और ऐसे लोगों को समाज में जरूर सम्मान मिलना चाहिए। संस्था माँ गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरूण प्रताप सिंह व नीशु वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा ने बताया कि दोनों संस्थाएं समाज के लिए हमेशा एक साथ खड़ी रहती हैं गरीबों व जरूरतमंदों के लिए राशन, शिक्षा, रोजगार, इलाज व गरीब बहनों की शादी में मदद के साथ साथ ''मेरी यात्रा'' के तहत दो सिलाई सेंटर भी स्थापित किए गए जहां निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन सभी को करने में समाज के मजबूत स्तंभ पुलिस, पत्रकार व समाजसेवियों का भरपूर सहयोग मिलता है जिसके चलते जनशक्ति सम्मान का यह दूसरा संसकरण आयोजित किया जा रहा है जिसमें आज 51 समाजसेवियों, 31 पुलिसकर्मियों व 21 पत्रकारों को स्मृतिचिन्ह, अंगवस्त्र देकर सम्मानित करने का अवसर मिला। इसके बाद अगला कार्यक्रम महिला पुलिस कर्मियों को महिला दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजन का कार्य सचिव मां गायत्री जनसेवा संस्थान व नीशु वेलफेयर फाउंडेशन हेमू चौरसिया व मोनालिसा, रोली जायसवाल, संदीप शुक्ला के साथ मनोज सिंह चौहान, रणवीर सिंह, विनय दुबे कुंवर अंशुमान सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह सत्य शरण सिंह, मनीष पंडित, मो इमरान खान, हिमांशु दीक्षित , शंकर वर्मा, पीयुष कुमार दुबे अभिजीत सिंह बिशेल, नीरज यादव, सरूपा तिवारी, उमा सिहं, रोली सिंह, विशाल श्रीवास्तव, आयुष त्रिपाठी, मनोज पाण्डेय, आलोक दीक्षित, नितिन तिवारी, गोविन्द कनोजिया, सौरभ अग्रवाल, रूद्र प्रताप वाजपेयी व उत्तर पोरवाल शामिल रहे। मंच का संचालन आरजे प्रदीप कुमार शुक्ला ने किया।

## माल ढुलाई के लिए योगी सरकार गम्भीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार संपर्क और मालढुलाई सुविधा बढ़ाने के इरादे से आठ नदियों को अंतर्देशीय जलमार्ग के तौर पर इस्तेमाल और इसके लिए अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक यमुना, गोमती, अस्सी, घाघरा, राप्ती, बेतवा, चंबल और वरुणा सहित आठ नदियों को माल ढुलाई और परिवहन के लिए जलमार्ग के तौर पर इस्तेमाल करने की योजना है। जलमार्ग प्राधिकरण में परिवहन, सिंचाई और पर्यटन विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। जलमार्गो के सर्वेक्षण का काम परिवहन विभाग के अधिकारियों के जिम्मे है।यह कदम श्मैरीटाइम इंडिया विजनश् एमआईवी- 2030 का हिस्सा है, जिसमें 2030 तक अंतर्देशीय जल परिवहन यानि आईडब्ल्यूटी की हिस्सेदारी को पांच प्रतिशत तक बढ़ाने की परिकल्पना है। भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार के इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर काम पहले ही शुरू हो चुका है।उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार का लक्ष्य इस योजना को बढ़ावा देना है।सूबे के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह कहते हैं, उत्तर प्रदेश को प्रकृति ने बहुत सारी नदियों का उपहार दिया है। अतीत में इन नदियों की क्षमता की उपेक्षा की गई लेकिन हम नदियों को जनता के लिए और अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जलमार्ग विकसित करने की योजना इसी दिशा में एक कदम है।भारत सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार अंतर्देशीय जल परिवहन कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान्न और उर्वरक जैसे थोक सामानों की ढुलाई के लिए परिवहन का सबसे किफायती साधन है। हम उत्तर प्रदेश में जलमार्गो को मजबूत करने और विस्तार करने के लक्ष्य को साकार करने के इरादे से आगे बढ़ रहे हैं।केंद्र सरकार का इरादा मैरीटाइम इंडिया विजन-2030 के अनुरूप जल परिवहन की हिस्सेदारी को पांच प्रतिशत तक बढ़ाने का है। गंगा विलास लक्जरी पोत ने भारत और बांग्लादेश में 27 नदियों के जरिए 3200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की और इसने सार्वजनिक परिवहन के लिए जलमार्गो के उपयोग की योजना को एक प्रकार से बल दिया।

## नॉलेज और स्किल के साथ कमिटमेंट जरूरीः कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**रेडियो जयघोष और जिम्सी की मीडिया कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को दिये गए प्रमाण-पत्र**

**रेडियो** जयघोष संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और जिम्सी कानपुर की ओर से 27 जून से 2 जुलाई तक उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी में संचालित मीडिया कार्यशाला के अंतिम दिन में रविवार को अकादमी परिसर में समापन समारोह आयोजित किया गया। उसमें मुख्य अतिथि, अयोध्या कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नॉलेज और स्किल के साथ कमिटमेंट जरूरी है। उन्होंने मशविरा दिया कि पत्रकार के लिए जरूरी है कि वह नियमित डायरी लेखन करें। इसके साथ ही वह सकारात्मक पक्ष को समाज के समक्ष रखें। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि इंतजार से बेहतर है कि कोशिश की जाए।वरिष्ठ एंकर अनीता सहगल वसुंधरा के सधे संचालन में हुए इस समारोह के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षाविद् नरेन्द्र भदौरिया ने कहा कि पत्रकार के मन में प्रश्न जरूर उठने चाहिए। दरअसल प्रश्न ही समाधान पेश करते हैं। भारत की धरती, विश्व ही नहीं ब्रह्मांड की समस्याओं का समाधान पेश करती है। पत्रकारिता का दायित्व है कि वह काल के अनुरूप व्याख्या करे। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफटेक्नोलॉजी कुलपति प्रो.भानु प्रताप सिंह ने कहा कि डिजिटल क्रान्ति के कारण वर्तमान में कम्युनिकेशन तेज हुआ है पर सत्यता और सकारात्मकता पर खास जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में मीडिया इस क्षेत्र में महती भूमिका अदा कर सकता है। सूचना आयोग उप्र के आरटीआई कमिश्नर नरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि जो विद्यार्थी के रूप में कार्य करता रहेगा वह सीखकर हमेशा आगे बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि तार्किक प्रश्न ही पत्रकार को पहचान दिलवाते हैं। सूचना के उप-निदेशक नवल कांत तिवारी ने जात-पात से प्रेरित पत्रकारिता से बचने का संदेश दिया। भोपाल दूरदर्शन के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक प्रभु झिंगरन ने कहा कि आने वाले दौर में मीडिया जगत में अपार संभावनाएं हैं पर जरूरत केवल अपने विषय के दक्ष पत्रकारों की होगी। बीएचयू पत्रकारिता विभाग के प्रो.ज्ञान प्रकाश ने भारतीय मूल्य आधारित पत्रकारिता के लिए लोगों को प्रेरित किया। जागरण पत्रकारिता संस्थान, कानपुर के निदेशक उपेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि मीडिया जगत में लोगों को अपनी विशेषज्ञता विकसित करनी होगी। उसके अनुरूप विपरीत परिस्थितियों तक में अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को प्रमुखता के साथ निभाना होगा। रेडियो सिटी के आर.जे. राशी ने कहा कि रेडियो के लिए केवल अच्छी आवाज ही नहीं अच्छी सीरत भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि आरजे की यह जिम्मेदारी होती है कि वह समाज में सकारात्मकता को बढ़ाए।

## मजदूरों और व्यापारियों के मुद्दों पर संघर्ष करेगा राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रवादी** युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय,प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर की अध्यक्षता में रविवार को दारूलशफा विधायक निवास लखनऊ में संपन्न हुई, संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए प्रदेश पदाधिकारियों को मंडल व जिले की जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति तय की गई स जिलाध्यक्षों को 15 दिवस के अंदर जिला कमेटी की सूची उपलब्ध कराते हुए सदस्यता अभियान चलाकर तहसील,ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूती पहुचाने का निर्देश दिया गया स विभिन्न प्रकोष्ठ के 8 संयोजकों की जिम्मेदारी तय करते हुए संगठन विस्तार की रूपरेखा तय की गयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि रोजगार के अधिकार सवाल पर पैदा हुई तमाम पार्टियां व उनके युवा अध्यक्ष मौन साधे हुए है,जातिगत पार्टियों की राजनीति में नौजवान हासिये पर है स सिर्फ देश का एक मात्र संगठन है जो नौजवानों,बेरोजगारों के बेहतर भविष्य एवं शोषण-उत्पीड़न से मुक्त कराकर युवाओं को न्याय मिलने तक सड़क पर संघर्षरत है,उन्होंने



बताया कि मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों युवाओं ने अनुशासित तरीके से लगातार छात्रों, नौजवानों,बेरोजगारों के बुनियादी सवालों के समाधान, बेहतर भविष्य एवं न्याय हेतु उनके भूमिका, भागीदारी, अधिकार, सरंक्षण, संवर्धन, सम्मान, स्वाभिमान को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में युवा अधिकार महासम्मेलन,युवा सत्याग्रह,युवा अधिकार एवं न्याय यात्रा,युवा महापंचायत एवं संवाद कार्यक्रम तथा देश की राजधानी दिल्ली में युवा सत्याग्रह जैसे तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से सकारात्मक रूप से हताश-निराश करोड़ों बेरोजगारों,नौजवानों के हक की आवाज बुलंद करते रहे हैं, उत्तर प्रदेश में मंच के विभिन्न मांगों को लेकर व्यापक स्तर पर नौजवानों,बेरोजगारों को न्याय मिलने तक सड़क पर युवा संसद एवं महापंचायत कार्यक्रम चलाया जा रहा है स बैठक में मुख्य रूप से यह तय हुआ कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में मंच के कार्यकर्ता आगामी चुनावों में भी भाग लेंगे, शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि सभी अवगत है कि लगातार सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग जैसी कुप्रथा, अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध मंच के माध्यम से आवाज उठाते रहे हैं बगैर नीति-नियमावली के कुशल योग्य बेरोजगारों का बड़े पैमाने पर शोषण किया गया, मंच के लगातार प्रयास से सरकार ने काफी कुछ अमूल-चूल परिवर्तन किया,लेकिन ब्यूरोक्रेट एवं कंपनियों की सांठ-गांठ से भ्रष्टाचार की नीयत से नीति तय की गयी इसके पूर्व बिना नीति के बंधुआ मजदूर की तरह योग्य नौजवानों का शोषण किया गया,आज भी समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो रहा ई.पी.एफ़ई.एस.आई के नाम पर खेल चल रहा है, उस समय तथाकथित कर्मचारी संगठन एवं राजनैतिक दल मौन रहे,लिहाजा इनकी भी जवाबदेही तय होनी चाहिए, मंच सरकार से लगातार मांग कर रहा है कि कुशल-योग्य बेरोजगारों को कंपनियों की चंगुल से मुक्त करे, मंच ने अब मजदूरों और व्यापारियों के मुद्दों पर संघर्ष करने का निर्णय लिया है श्रम कानून को कमजोर किया जा रहा है, राजनैतिक दल एवं व्यापारी संगठन बजाय बुनियादी समस्याओं के समाधान के सिर्फ व्यापारियों से चंदा लेते है स व्यापारियों का कोई फोरम नहीं है लाल फीताशाही हावी है जिससे व्यापारियों का उत्पीड़न बढ़ा है,फोरम में जनता,व्यापार से जुड़ा एवं कानून का जानकार व्यक्ति होना चाहिए, 1 जुलाई 2017 को जीएसटी कानून जिस भावना से बनाया गया वह फिसड्डी साबित हो रहा है व्यापारियों के माल को पकड़ने के बाद पूछा जाता है जबकि पकड़ने से पहले उनके पक्ष को सुना जाना चाहिए यह उनके मौलिक अधिकारों, समता के अधिकार आर्टिकल 14,स्वतंत्र व्यापार करने के अधिकार (19)1(ह)एवं सम्पति के सरंक्षण के विधिक अधिकार 300( ) का खुला उल्लंघन है।

## भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार के गैर जिम्मेदारानापूर्ण रवैये से आज मणिपुर कैसे जल रहाः प्रमोद तिवारी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**प्रमोद तिवारी,** सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं सदस्य, केन्द्रीय कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी ने कहा है कि कांग्रेस समान नागरिक संहिता को लेकर संसद के मानसून सत्र में देश के 140 करोड़ (एक सौ चालीस करोड़) भारतीयों के हित की पूरी सुरक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि यू.सी.सी. में कांग्रेस हिन्दू, मुसलमान, सिख एवं ईसाई सहित देश के सभी समुदायों की भावनाओं से चुनावी लाभ के लिये खिलवाड़ करने हेतु केन्द्र सरकार के किसी प्रयास को किसी भी कीमत पर कतई सफल नहीं होने देगी।श्री तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के लिए देशहित सदैव सर्वोपरि रहा है और भारतीय जनतापार्टी इसके विपरीत चुनावी लाभ के लिए हर समय ध्रुवीकरण की राजनीति द्वारा देश को कमजोर करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का पहले सरकार प्रारूप सामने ले आये तब कांग्रेस व विपक्ष का दृष्टिकोण सामने आएगा। श्री तिवारी ने संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस तथा विपक्ष के एजेंड़े को स्पष्ट करते हुए कहा कि संसद में यह मुद्दा प्रमुख होगा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार के गैर जिम्मेदारानापूर्ण रवैये से आज मणिपुर कैसे जल रहा है ? श्री तिवारी ने यह भी कहा कि मणिपुर में हमारे प्रिय नेता राहुल गांधी के दौरे को प्रभावित करने के लिये भाजपा सरकार के राजनीतिक बेईमानी के हथकंड़े पर भी कांग्रेस संसद में सवाल उठायेगी। इसके साथ ही साथ संसद में कांग्रेस यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाएगी कि मोदी सरकार ने नये संसद भवन के उद्घाटन में देश की अनुसूचित जाति की महिला राष्ट्रपति का अपमान किया है।श्री तिवारी ने कहा कि नये संसद भवन के शिलान्यास के समय भी प्रधानमंत्री ने अपनी अति राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविद की भी उपेक्षा की थी। इसके अलावा संसद के मानसून सत्र में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ''मोदी सरकार'' द्वारा पटना (बिहार) में विपक्ष की बड़ी बैठक के बाद विपक्षी नेताओं के खिलाफजानबूझ कर सीबीआई तथा ईडी का दुरूपयोग करके ताबड़तोड़ आधारहीन कार्यवाही का भी जमकर विरोध करेगी। श्री तिवारी ने कहा है कि तमिलनाडू में महामहिम राज्यपाल जी द्वारा वहां के मंत्री की गैर संवैधानिक अनाधिकार बर्खास्तगी का मुद्दा भी विपक्ष मजबूती के साथ उठाएगा। इसके अतिरिक्त मोदी सरकार खाद्यान्न पदार्थो में बेतहासा महंगाई पर काबू पाने में विफल रही और अब सरकार के निजी टेऊर्डस के विचौलिएपन में अनियंत्रण से सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि कांग्रेस मध्यम वर्ग के लिए महंगाई तथा बेरोजगारी से परेशान नौजवानों समेत देश की जनता के हित से जुड़े सभी मुद्दों पर संसद सत्र में सरकार को जवाबदेही के लिए घेरेगी।

# अमर शहीद का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

## शहीद को जवानों ने दी सलामी, भारी संख्या में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को श्रीनगर में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान अजय प्रताप सिंह का पार्थिव शरीर उनके छिटुवापुर गांव में सीआरपीएफ जवानों द्वारा देर रात्रि में लाया गया तो वहां करुण क्रंदन मच गया। शहीद का रविवार को पैतृक गांव छिटुवापुर में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ, पुलिस के जवानों ने सलामी दी।

अमर शहीद को जिले के प्रशासनिक अफसर सहित भारी संख्या में पहुंचकर स्थानीय लोगों ने श्रद्धांजलि दी। वहीं सीएम योगी ने सीआरपीएफ जवान अजय प्रताप सिंह के शहादत पर संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी,पचास लाख की आर्थिक मदद के साथ ही एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम करने की घोषणा की है। बता दें कि शनिवार को कर्नलगंज (गोण्डा) का लाल श्रीनगर में शहीद हो गया था। शहीद का रविवार को पैतृक गांव छिटुवापुर में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ, पुलिस के जवानों ने सलामी दी। इस दौरान जिले के प्रशासनिक अफसर सहित भारी संख्या में पहुंचकर स्थानीय लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

अंतिम संस्कार में विधायक बावन सिंह, एसडीएम हीरालाल, सीओ नवीना शुक्ला,ब्लाक प्रमुख भवानी भीख शुक्ला, मोनू सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी लाल मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन शमीम अच्छन,अशोक सिंह मनमोहन सिंह,आपदा हरण सिंह,अरुण वैश्य, विवेक सिंह,कुंदन अवस्थी,भोला शुक्ला, सूर्यपाल सिंह, सुरेश सिंह सहित क्षेत्र कई गणमान्य और ग्रामीणों ने नम आंखों से विदाई दी। सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों ने शहीद अजय सिंह को सलामी दी वहीं परिजनों के अलावा स्थानीय लोगों ने श्रद्धांजलि देकर नम आंखों से अपने लाल को विदा किया। शहीद अजय सिंह के बाबा स्व.भगेलू सिंह कर्नलगंज क्षेत्र से विधायक थे और शहीद के पिता स्व.धर्मपाल सिंह बड़े किसान थे। तीन सगे भाइयों में अजय सिंह के दो और भाई भी सेना में तैनात हैं। अजय अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं।



### परिजनों के करुण क्रंदन से दहल उठा गांव

शहीद अजय प्रताप का पार्थिव शरीर सुबह गांव पहुंचा पूरे गांव में कोहराम मच गया। शहीद के परिजनों के करुण क्रंदन से गांव दहल उठा। पत्नी प्रीति शहीद के पार्थिव शरीर से लिपट गयी। दोनों बहनें नीलम व अनुपम भी भाई के शव को देखकर बेसुध हो गयीं। वहीं शहीद की बुजुर्ग मां धर्मदुलारी की आंख से बह रहे आंसुओं में बेटे को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी।

### सीएम ने व्यक्त की संवेदना, 50 लाख रुपए सहायता राशि के साथ ही परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की घोषणा

दुःख की इस घड़ी में शहीद जवान के परिजनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया और 50 लाख रुपए सहायता राशि के साथ ही परिवार में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा सीएम द्वारा जिले के शहीद अजय प्रताप सिंह के नाम से एक सड़क का नामकरण की भी घोषणा की गई है। शहीद को श्रद्धांजलि देने में भाजपा विधायक बावन सिंह, स्थानीय लोग, समाजसेवी, पुलिस प्रशासन के अफसर के अलावा हजारों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जलभराव होने पर न. पा. का हेल्पलाइन नंबर मिलायें

- डीएम ने की अपील, जरूरी काम होने पर ही घर से निकलें

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जनपद गोण्डा में भारी वर्षा के दृष्टिगत गोण्डा वासियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई हैं। डीएम नेहा शर्मा ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग पूरी अत्यधिक बारिश होने पर सावधानी बरतें। पुराने जर्जर भवनों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले जायें। आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। भीड़भाड़ वाले व ट्रैफिक जाम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। खुले सीवर व बिजली के तारों से बचकर रहें। किसी भी सिविक समस्या, जलभराव वृक्षपातन इत्यादि हेतु सम्पर्क के लिए नगर पालिका कन्ट्रोल रूम नम्बर- 05262-232123 विद्युत ब्रेकडाउन आदि हेतु हेल्पलाइन नम्बर- 1912 पर सम्पर्क करें। किसी भी चिकित्सिय आपात काल में मुख्य चिकित्साधिकारी गोण्डा के कन्ट्रोल रूम नम्बर 05262-227855 पर सम्पर्क करें। अन्य किसी समस्या में इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल कमाण्ड सेन्टर के नम्बर -05262-230125 व 05262-230185 पर सम्पर्क करें। आकाशीय विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव एवं पूर्व चेतावनी हेतु दामिनी / सचेत ऐप का प्रयोग करें। मौसम की जानकारी हेतु रेडियो, टीवी आदि प्रसारण माध्यमों से जानकारी लेते रहें। नदी, तालाब, पोखरा व गहरे गढढें में जाने से बचें।

# एसडीएम ने रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल को किया निलम्बित

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के ग्राम रूदौलिया निवासिनी एक महिला की जमीन पर कब्जा कराने के लिए तीस हजार रूपए रिश्वत लेने के मामले में उपजिलाधिकारी हीरालाल ने आरोपी लेखपाल आबिश हुसैन को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि आरोपी लेखपाल को निलम्बित करके भूलेख कायार्लय से संबद्ध कर दिया गया है और संपूर्ण प्रकरण की जांच तहसीलदार कर्नलगंज को सौंपी गई है। एक महिला ने बैनामा शुदा आवासीय भूमि पर लेखपाल पर उसकी भूमि पर कब्जा कराने के लिए तीस हजार रूपए की रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए नोटरी शपथपत्र सहित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया था। मामला तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ा है। यहाँ के ग्राम रूदौलिया की महिला श्याम कुमारी पत्नी तीरथराम का आरोप है कि उसने एक भूमि का बैनामा लिया था,जिसकी नाप कराने के पहले लेखपाल ने कहा कि तुम्हारे खेत में दूसरे का छप्पर आ रहा है जिसे बरसात खत्म होते ही हटवा दिया जाएगा। तब अपनी जमीन पर कब्जा कर लेना। लेकिन उसका छप्पर नहीं हटाया गया। तब तक दूसरे लेखपाल की तैनाती हो गई। आबिश हुसैन लेखपाल ने महिला से कहा कि तीस हजार रूपए दो तो उसका छप्पर हटवा कर तुम्हारा कब्जा करवा देंगे। उसने पैसा दे दिया लेकिन सात महीने बीत चुके हैं। अभी तक न उसकी जमीन पर कब्जा मिला और न ही लेखपाल द्वारा पैसा ही वापस किया जा रहा है। महिला का आरोप है उसकी जमीन पर कब्जा नहीं कराया जा रहा है। जिससे त्रस्त होकर महिला ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी हीरालाल ने मामले की स्वयं जांच की और मौके पर पहुंचकर महिला की भूमि पर अवैध कब्जे को हटवाने के निर्देश दिये।

## संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी का हुआ तबादला

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



स्थानीय विकास खंड में काफी समय से जमे संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी का स्थानांतरण संयुक्त खंड विकास अधिकारी सुल्तानपुर के पद पर किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश सुखलाल भारती ने आदेश जारी कर उन्हें तत्काल अपने नवीन तैनाती जनपद मे योगदान देने का निर्देश दिया है। आयुक्त द्वारा निर्गत पत्र में कहा गया है कि पूर्व मे संयुक्त खंड विकास अधिकारी कर्नलगंज श्रीकांत तिवारी का स्थानांतरण संयुक्त खंड विकास अधिकारी गाजीपुर के पद पर किया गया था। जिसे निरस्त करते हुए संयुक्त खंड विकास अधिकारी सुल्तानपुर के पद पर स्थानान्तरण किया गया है।

# फाउंडर क्षितिज मिश्रा को 2 राष्ट्रीय मैगजीन के कवर पेज पर मिला स्थान

मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।

महर्षि पतंजलि एजुकेशन ग्रुप के फाउंडर क्षितिज मिश्रा को ब्रांडज मैगजीन और इंडिया सक्सेस मैगजीन के कवर पेज पर स्थान मिला योग के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने के लिये महर्षि पतंजलि एजुकेशन ग्रुप के फाउन्डर क्षितिज मिश्रा को ब्रान्डज मैग्ज़ीन और इंडिया सक्सेस मैग्ज़ीन में यह स्थान मिला क्षितिज मिश्रा कसैला मनकापुर गोण्डा उ०प्र० से उठकर भारत के 28 राज्यों में योग का प्रचार प्रसार कर रहे हैं एवं अपने महर्षि पतंजलि एजुकेशन ग्रुप के जरिए जरूरतमन्दो की सहायता भी कर रहे है जिसके अंतर्गत 2,00,000 से भी ज्यादा लोगों को मदद पहुंचाई जा चुकी है और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मदद पहुंचाने का प्रयास जारी है फाउंडर क्षितिज मिश्रा का मानना है की योगा का जन्म भारत में हुआ पर इसको लोगो तक सही से पहुचाया नहीं गया जिसका मुख्य कारण था अच्छे योग शिक्षक का ना होना इसी कारण फाउंडर क्षितिज मिश्रा ने महर्षि पतंजलि एजुकेशन ग्रुप की शुरुवात की जिसमे पूर्णतः शिक्षित योगा शिक्षक की नियुक्ति की गयी और लोगो तक ना सिर्फ योगा पहुचाया गया बल्कि योगा के लुप्त होते ज्ञान को भी पुनर्जीवित करने का कार्य भी किया गया फाउंडर क्षितिज मिश्रा ने अपनी इस यात्रा की शुरुवात 17 साल की उम्र में की थी आज इनके महर्षि पतंजलि एजुकेशन ग्रुप द्वारा देश के 28 राज्यों में योगा के इन पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है जिसमे देश के भी और विदेश के भी लोगो द्वारा बहुत सहयोग मिला। फाउंडर क्षितिज मिश्रा अपनी इस सफलता का प्रेरणा श्रोत अपने पिता मनोज मिश्रा को मानते है और उनके ही




मार्गदर्शन के बदौलत आज वो इस मुकाम तक पहुच सके है। जो लोग बिज़नेस शुरू करते है पर जल्दी ही हार मान जाते है उनके लिए फाउंडर क्षितिज मिश्रा का कहना है कि हमेशा बड़ा सोचो, हमेशा अपने उस लक्ष्य पे केन्द्रित रहो अपने दिल और दिमाग को हर परिस्थिति यानी उतार चढ़ाव के लिए तैयार रखो जिससे आप हर तरह की परेशानियों का डट कर मुकाबला कर सके अपने कंपनी के फंड्स को ध्यान पूर्वक इस्तेमाल करे ताकि आप किसी भी परेशानी में फसे तो आपको इससे मदद मिल सके क्योकि सफलता का रास्ता कठिन होता है वह सीधा गुलाब से सजाया हुआ नहीं होता, अगर आपको सफलता की बुलंदियों को देखना है तो आपको बाधाओं का बहादुरी से सामना करना होगा और उत्कृष्टता प्राप्त करनी होगी। फाउंडर क्षितिज मिश्रा की इस उपलब्धि से उनके द्वारा भारत में संचालित 5000 से ज्यादा सेंटरों में खुशी का माहौल है और सभी में एक नयी ऊर्जा का संचार भी हुआ है तथा फाउंडर क्षितिज मिश्रा के गाँव कसैला मनकापुर गोण्डा उ.प्र. में भी खुशी का माहौल है।

## खबरें एक नजर में

### रक्तदान शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान



गोंडा, समृद्धि न्यूज़। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह दान इंसान का जीवन बचाने में काम आता है और ऐसे आयोजन रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन लगातार करता चला आ रहा है। इसी के अंतर्गत आज दिनाक 2/7/2023 को एस सी पी एम हॉस्पिटल ब्लड बैंक में एक शिविर का आयोजन किया गया रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन अध्यक्ष रोटेरियन अरविंद श्रीवास्तव गप्पू भैया ने बताया कि रक्त दान करने से शरीर में कमजोरी नहीं बल्कि कई बीमारियों से बचता है. इससे आप किसी की जान बचाते हैं और अपने शरीर को स्वस्थ बनाते हैं.हालांकि, ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि रक्तदान हम दूसरों के लिए कर रहे हैं। पर शायद आप नहीं जानते कि ब्लड डोनेट करने का जितना फायदा दूसरे को होता है, उससे दोगुना यह आपके लिए फायदेमंद है। रक्त दाताओं में शुरुआत रवि रस्तोगी, डॉ. आलोक अग्रवाल अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव गप्पू भैया पीयूष मित्तल, उमेश शाह ,एसपी सिंह, पूजा छाबड़ा ,रोली श्रीवास्तव ,पंकज सिन्हा , आशीष अग्रवाल, ममता अग्रवाल ,चेतन अग्रवाल ,सरवन अग्रवाल ,गोपाल मित्तल ,सिद्धार्थ मोदी, ने दिया रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के सचिव रोटेरियन आलोक सिन्हा ने बताया कि क्लब ने यह संकल्प लिया है की हर तीन माह पर रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा और समाज में रक्तदान करने के फायदे लोगों को बताए जाएंगे और साथ-साथ रोटरी क्लब के समस्त पदाधिकारी सदस्यों रक्त दाताओं एवं पत्रकारों का शिविर के सफल आयोजन, पर हृदय से आभार व्यक्त किया रोटेरियन वाई के अग्रवाल कमल साह विमल साह नीरज जैन आशीष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हर्षवर्धन, अश्विनी श्रीवास्तव ने शिविर को संपन्न बनाने में अहम योगदान दिया एवं रक्तदान शिविर का सफल संचालन रक्तदान प्रभारी डॉ अनिल तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### सभी कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का होना जरूरी : डीपीओ

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि किसी भी कार्यालय पर 10 कार्मिकों से ज्यादा कार्मिकों के कार्य करने पर वहां आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य होगा, यह कमेटी कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतों की जांच हेतु कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा गठित की जायेगी। यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि जनपद स्तर के ऐसे प्रत्येक शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं अशासकीय (निजी) विभाग, संगठन, उपक्रम, स्थापन, उद्यम, संस्था, शाखा अथवा यूनिट में जहां कार्मिकों की संख्या 10 से अधिक है, ऐसे सभी कार्यालयों के नियोजकों द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पी?न सम्बन्धी शिकायतों की जांच हेतु 'आन्तरिक परिवाद समिति' का गठन किया जायेगा। यह समिति व्यथित महिला कार्यस्थल पर हुये लैंगिक उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत उस कार्य स्थल हेतु गठित आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकती है। समिति का गठन उस कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर पर नियोजित महिला की अध्यक्षता में होगा, जिसमें दो सदस्य सम्बन्धित कार्यालय से एवं एक सदस्य गैर सरकारी संगठन से नियोजक द्वारा नामित किये जायेंगे। समिति के कुल सदस्यों में से आधी सदस्य महिलायें होंगी। श्री सोनी ने बताया कि इसके अतिरिक्त ऐसे कार्यस्थल जहां कार्मिकों की संख्या 10 से कम है, वहां की व्यथित महिला द्वारा इस प्रकार के लैंगिक उत्पी?न की शिकायत प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित 'स्थानीय समिति' में दर्ज करायी जा सकती है। यदि कोई नियोजक अपने कार्यस्थल में नियमानुसार आन्तरिक समिति का गठन न किये जाने पर सिद्व दोष ठहराया जाता है, तो नियोजक पर रू0 50 हजार तक का अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने का प्राविधान है तथा नियोजक दूसरी बार सिद्ध दोष ठहराये जाने पर पहली दोष सिद्वि पर अधिरोपित दण्ड से दुगने दण्ड का दायी होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अपील किया है कि ऐसे सभी नियोजक अपने स्तर से समिति गठन करा लें।

# परिवार परामर्श केंद्र में 5 परिवारों की हुई काउंसिलिंग

- एक साथ रहने के लिए हुए राजी, हंसी खुशी किया विदा
- परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर किया जाता है समझौता : शीला यादव



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में प्रत्येक रविवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया जाता है। जिसमें परिवारों के अंदर हुई नोंक-झोंक को लेकर समझौता कराकर विदा किया जाता है। ऐसे ही 5 परिवारों के बीच काउंसलिंग कराकर विदा किया गया। शहर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर रविवार को परिवार परामर्श केंद्र में 48 परिवारों की समस्याएं पहुंची जिसमें मौके पर 5 परिवारों के बीच समझौता कराकर उन्हें एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। काउंसलर रंजना उपाध्याय, डीपी सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव व महिला आरक्षी निशा सिंह, राशि शुक्ला,किरन दुबे व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं, जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं, पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। आज 05 मामलों में पति-पत्नी उनके सगे संबंधियों को बुलाया गया था। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव व टीम के अथक प्रयास से 05 परिवारों को बिखरने से बचाया गया हैं व उनकी साथ-साथ में विदाई करायी गयी है। 05 प्रकरण में सुलह समझौता किया। जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुन~ बुलाया गया है जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सकें। इस तरह से सुलह कराने से परिवारों को बिखरने से बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास का सराहनीय कार्य किया गया है।

# सीएचसी पर विधायक प्रतिनिधि ने सीएचओ को वितरित किया लैपटॉप

- सीएचओ स्वास्थ्य विभाग की एक आवश्यक कड़ी है : डॉ. धीरेंद्र तिवारी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज में एक कार्यक्रम का आयोजन कर सीएचओ को लैपटॉप वितरित किया गया।स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटली और बेहतर बनाने के लिए शासन की तरफ से सभी सीएचओ को लैपटॉप व प्रिंटर मुहैया कराया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भाजपा राज कुमार शुक्ल ने किया। अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि सीएचओ स्वास्थ्य विभाग की एक आवश्यक कड़ी है, लैपटॉप मिलने पर उन्हें कार्य करने और सुगमता मिलेगी जिससे स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर हो सकेंगी। कार्यक्रम के बाद पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने स्वास्थ्य से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महासंपर्क अभियान से जुड़ने के लिए लोंगों से टोल-फ्री नम्बर पर मिस कॉल भी कराया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, आनंद पाण्डेय, मंत्री रवि मिश्र, संतोष तिवारी, चीफ फार्मेसिस्ट शैलेन्द्र दूबे, डॉ पंकज मौर्य, सहित अस्पताल के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार की उपेक्षा पर जताई नाराजगी

- सरकार के खिलाफ उठाई आवाज



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के सेनानी भवन सभागार में रविवार को पूर्वजों, शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और उनके उत्तराधिकारियों के अस्तित्व की रक्षा के लिए बैठक हुई। जिसमें सभी ने सरकारी उपेक्षा पर नाराजगी जताई। सेनानी भवन परिसर में स्थापित महात्मा गांधी, पूर्व राज्यपाल सरदार जोगेंद्र सिंह एवं रफ़ी अहमद किदवई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्र गान का गायन किया गया। इसके बाद सेनानी भवन सभागार में स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के उत्तराधिकारी कब तक सहेंगे अपमान विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों की उपेक्षा किये जाने पर प्रदेश व केन्द्र सरकार की आलोचना की गई। गोष्ठी के बाद संगठन की मासिक बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रान्तीय कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र, जिलाध्यक्ष वेदव्रत श्रीवास्तव, कर्मवीर सिंह, संरक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी एडवोकेट, कृष्ण देव तिवारी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू देवी,अंगनू प्रसाद, विद्या राम मौर्य, रंगई यादव, संगठन महामंत्री आदित्य भान सिंह, इकौना श्रावस्ती के संगठन मंत्री बदलूराम गौतम, अशर्फी लाल गौतम, गिलौला श्रावस्ती की फूलमती देवी, बहराइच के तुलसी राम, अमरेन्द्र मिश्र, रानी देवी मिश्रा, शिव नारायण मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर एवं नशा संगोष्ठी का हुआ आयोजन



- तीन दर्जन से अधिक वृद्ध संवासियो का किया दन्त परीक्षण एवं उपचार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

समाज कल्याण विभाग द्वारा नगरौर में संचालित वृद्धाश्रम में निशुल्क दन्त परीक्षण शिविर एवं नशा उन्मूलन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ दन्त चिकित्सक डॉ. सचिन अग्रवाल रहे वही विशिष्ट अतिथि नशा उन्मूलन सचेतक राज किशोर पाण्डेय,संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के वरिष्ठ परामर्शदाता जीतेन्द्र मिश्रा एवं पूर्व अपर मुख्य अधिकारी मिथलेश श्रीवास्तव रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि राजकिशोर पाण्डेय ने नशे के सेवन से दूर रहने की अपील की।उन्होंने वृद्ध संवासियो को प्रण दिलवाया न खुद नशा करेंगे न किसी को करने देंगे।उन्होंने एक अवधि कविता के माध्यम से नशा के दुष्प्रभाव को सबके सामने रखा। वरिष्ठ परामर्शदाता जीतेंद्र मिश्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति को खोखला कर देता है।उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को विस्तार से समझाया।तत्पश्चात पांच मिनट के लिए मेडिटेशन कार्य कराया जिससे सभी को आत्मबोध की अनुभूति हुई। पूर्व अपर मुख्य अधिकारी मिथलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नशे के खिलाफ जंग में हम सबको साथ मिलकर कार्य करना होगा।जनपद में तरुण युवा नशे के आगोश से ज्यादा प्रभावित हो रहे है। इनके रोकथाम के लिए वृहद कार्ययोजना एवं जनसहभागिता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम का संचालन सदर सुलह अधिकारी राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने किया।तत्पश्चात वृद्ध संवासियो के दांत का परीक्षण करके उपचार किया गया।वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. सचिन अग्रवाल ने बताया कि लगभग तीन दर्जन से अधिक वृद्धजनों के दांत की समस्याओं को लेकर परीक्षण एवं उपचार किया गया।सम्बंधित दवाओं का भी वितरण संवासियो को किया जाएगा।डॉ. सचिन ने आगे भी निशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए संवासियो को आश्वस्त किया। इस दौरान सचिन श्रीवास्तव, समाजसेवी मोहम्मद सलीम रोमी, वृद्धाश्रम प्रबंधक दिलीप द्विवेदी, संध्या वर्मा, भगवान प्रसाद यादव, रिम्पी शुक्ला सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रास्ते से हटवाया अतिक्रमण

- ग्रामीणों ने एसडीएम कोर्ट पर की थी शिकायत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रविवार को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में जरवलरोड पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया है। जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तपेसिपाह के लाल पुरवा निवासी पेशकार पुत्र राम आसरे, रामावती पत्नी राजबहादुर आदि ग्रामीणों के द्वारा गांव के सार्वजनिक रास्ते पर गांव के ही अन्य लोगों के द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत उपजिलाधिकारी कैसरगंज न्यायालय में की गई थी।

उपजिलाधिकारी महेश कैथल द्वारा तहसीलदार कैसरगंज को जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। बीते एक जून को कैसरगंज तहसीलदार ने न्यायालय में नजरी नक्शा खतौनी व अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि ग्राम तपेसिपाह में गाटा संख्या 1974 ख आबादी खाते में दर्ज भूमि हैं जिस पर अनिल कुमार, विश्राम, दिनेश कुमार, कृष्ण कुमार के दरवाजे से होते हुए पेशकार, मिल्की राम, विक्रम, रामावती के घर तक का रास्ता है, जिस पर आवागमन होता है। उपरोक्त रास्ते पर ग्रामवासी विश्राम पुत्र सियाराम व अनिल पुत्र घसीटे द्वारा खूटा व नल लगाकर तथा छप्पर रखकर अतिक्रमण किया गया है। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए विश्राम, अनिल, कृष्ण कुमार व दिनेश की आपत्ति तथा पेशकार व रामावती द्वारा जवाब आपत्ति आदि का निस्तारण कर जरवल रोड थाना प्रभारी को आदेश दिया कि विश्राम व अनिल द्वारा अनाधिकृत रूप से रास्ते पर अतिक्रमण किया गया है जिसे तत्काल हटवा कर न्यायालय को अवगत कराया जाए। रविवार को घाघरा घाट चौकी प्रभारी आदित्य कुमार उप निरीक्षक अनिल कुमार ने भारी संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ गांव में पहुंच कर नायब तहसीलदार पी पी गिरी, कानूनगो वाहिद कमाल,लेखपाल राम किशुन, पंकज कुमार की मौजूदगी में रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवा का रास्ता साफ कराया।

# चोरी की 16 मोटरसाइकिल बरामद, दो गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



थाना रामगांव की पुलिस ने शनिवार को ऑटो लिफ्टर गैंग को पकड़ा। दो ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्यों के पास से चोरी की 16 मोटरसाइकिल बरामद हुई है।बरामद मोटरसाइकिल को पुलिस ने सीज कर दिया है जबकि चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जिले में बाइक चोरी की घटना अचानक बढ़ गई है। इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना रामगांव प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक जय हिंद विश्वकर्मा,कन्हैया दीक्षित शशी प्रताप सिंह, एसआई प्रमोद कुमार यादव और उप निरीक्षक आदेश कुमार कुशवाहा के साथ सिपाहियों की टीम ने मोटरसाइकिल चोरों के क्षेत्र में होने की सूचना पाई। जिस पर टीम ने मौके पर दबिश दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके से 16 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। यह सभी मोटरसाइकिल जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई थी। उन्होंने बताया कि राम गांव थाना क्षेत्र के खजुहा गांव निवासी रफीक पुत्र कलाम और बदलू पुरवा गांव निवासी अनिल मिश्रा पुत्र पिंटू मिश्रा को मौके से गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद मोटरसाइकिल को पुलिस ने सीज कर दिया है। अप्पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि या सभी ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्य हैं इनके 2 सदस्यों को कोतवाली देहात पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# गरीबों के लिए आफत की बारिश

- बारिश के कारण कच्चा घर ढहने से हुआ दर्दनाक हादसा
- मकान के नीचे दबने से गई 19 साल के बच्चे की जान



**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मानसून ने अभी रफ्तार भी नहीं पकड़ा वही लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से गरीबों के आशियाने धराशाई होते जा रहे हैं बीते 24 घंटे में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में दो घर बारिश की वजह से धराशाई हो गए एक घटना जहां रायबरेली के मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवंदापुर की है जहां पर एक कच्चा मकान बारिश की वजह से ढह गया जिसमें पति पत्नी उसी में दब गए लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया गया। दूसरी घटना खीरों थाना क्षेत्र की है जहां नुनेरा गांव कि है जहा कि निवासी कलावती और उनका पुत्र रोशन अपने कच्चे मकान में रह रहे थे स्थानीय लोगों की माने तो इन्होंने प्रधान से कई बार आवासीय कॉलोनी के लिए गुहार भी लगाई थी। मां बेटे के अलावा इनका कोई नहीं था पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी थी एक सरकारी आवास के लिए लगातार प्रधान के घर के चक्कर भी काटे जा रहे थे। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि अगर इनको आज सरकारी आवास मिल गया होता तो इनके बेटे की जान बच गई होती इस बारिश की वजह से इनके बेटे को अपनी जान गंवानी पड़ती फिरहल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : अश्वनी सिंह



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महराजगंज (बग्गा गुट) के नगर अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ (पिंटू सिंह) ने कहा हमारा संगठन व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा अग्रणी रहा है और मानक के विपरीत तोड़फोड़ हो या व्यापारियों का शोषण हुआ तो धरना प्रदर्शन को भी हमारा संगठन बाध्य होगा जहां तक हो सकेगा हम लोग व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे व्यापारियों के हक की लड़ाई के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल हमेशा तैयार है और व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को हमारा संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। महराजगंज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रदेश मंडल (बग्गा गुट) के युवा नगर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने कहा व्यापारियों की हित की लड़ाई को पहली प्राथमिकता देना ही हमारे संगठन का मकसद है। महामंत्री प्रिंशु वैश्य ने भी मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि व्यापारियों की हक की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी ।इस मौके पर उपाध्यक्ष लाला मनिहार कृष्ण कुमार कसेरा सतीश कुशमेश प्रेमनाथ वैश्य लाला मनीष वैश्य मानस वैश्य कोषाध्यक्ष मौजूद रहे।

# बदहाल सड़कों पर लोग खा रहे हिचकोले

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बारिश ने खोली सड़कों की पोल कहीं रुकी है गाड़ी तो कहीं लोग खा रहे हैं हिचकोले । महराजगंज से सीधे बन रही डबल लेन की सड़क दुसौंती से लेकर पहरेमऊ तक तो सालों बाद सड़क किसी तरह कंप्लीट हो सकी लेकिन पहरेमऊ से महराजगंज मार्ग पर चलना दुभर हो गया है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़कों की दोनों पटरियो को खोद डाला गया और उसके बाद उसको वैसे ही छोड़ दिया गया। वैसे तो ये सड़क सालों से बन रही है लेकिन अभी तक सड़क बनकर कंप्लीट नहीं हो सकी। वहीं अगर बात करें दूसरी ओर यम पुरी के मार्ग से प्रसिद्ध महराजगंज वाया इन्हौना मार्ग हमेशा सुर्खियों का विषय रहता है। इस मार्ग के लिए धरना प्रदर्शन से लेकर न जाने क्या-क्या हुआ पैसा पास होने की भी बात हुई उसके बाद सब हवा हवाई ही साबित हुआ। बारिश की वजह से सड़कों पर भर पानी और वर्षों से खराब सडक में लोग जलभराव के कारण गिरकर चुटहिल हो रहे हैं कहने को तो इस मार्ग पर सत्ताधारी पार्टी कई बड़े नेताओं के आवास पड़ते और नेताजी भी इसी मार्ग से निकलते हैं लेकिन आज तक समस्या खत्म नहीं हो पाई और जनता बदहाल मार्ग पर चलने को विवश है।



**सब कुछ हुआ लेकिन नहीं बनी सड़क**

महराजगंज वाया इन्हौना मार्ग वर्षों से बदहाल है इस मार्ग पर राजनीति तो खूब हुई लेकिन मार्ग नहीं बना बाबा का धरना मंत्री जी का मार्ग बनवाने के लिए बजट बताना और विधायक का वाहवाही लूटना सब कुछ हुआ लेकिन सड़क नही बनी।

## खबरें एक नजर में

### पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत उपलब्ध कराई जाएगी सहायता धनराशि



**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कई दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण ग्राम नुनैरा, परगना खीरों, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली की रहने वाली कलावती पत्नी भोला, जो कच्ची दीवार पर टीनशेड रखकर अपने मकान में परिवार के साथ रह रही थी। 01 जुलाई 2023 को भारी वर्षा के कारण कच्ची कोठरी टीन शेड की छत गिर गयी, जिसमें दीवार के नीचे दबने से रोशन पुत्र भोला (उम्र 21 वर्ष) की मृत्यु लगभग 11:30 रात्रि में हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार लालगंज ज्ञान प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष खीरों देवेन्द्र अवस्थी द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम प्रधान के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा मृतक परिवारीजनों से घटना के बारे में जानकारी ली गयी। मृतक के शव के पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सम्बन्धित परिवार को सुरक्षित स्थान पहुंचा दिया गया है। पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत सहायता धनराशि उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यवाही पृथक से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

### युवक ने सगे भाई भाजपा नेता पर लगाया अवैध कब्जे का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** भाजपा नेता ने अपने राजनीतिक रसूख के दम पर अपने सगे भाई को मारपीट कर भगा दिया और उसकी बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया। भाजपा नेता अपने भाई की जबरन कब्जा की गई जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने जा रहा है। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला संडीला रोड निवासी मनीष कुमार वर्मा पुत्र बाबूराम वर्मा द्वारा उप जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहां गया है कि उसके सगे भाई गिरीश वर्मा के साझे में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर राजस्व ग्राम नेवल में जमीन स्थित है। दोनों भाइयों के साझे में बाउंड्री भी बनी हुई है। वह अपने हिस्से की जमीन की बाउंड्री तोड़कर गेट रखवा रहा था तभी उसका सगा भाई गिरीश वर्मा दल-बल के साथ आ धमका और मारपीट कर सभी को भगा दिया। उसने घटना की तहरीर कोतवाली में दी किंतु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। मनीष कुमार वर्मा का आरोप है कि उसका भाई गिरीश कुमार वर्मा भाजपा का व्यवस्था प्रमुख है। इसलिए वह मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर पेट्रोल पंप बनवाना चाहता है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी नूपुर गोयल से उसकी भूमि कब्जामुक्त कराए जाने की मांग उठाई है।

### अधेड़ ने खाया जहर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिरिकपुर के मजरा डहन निवासी रामखेलावन 45 पुत्र सूबेदार ने घरेलू कलह के चलते आज जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तीन वारन्टी गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बगहा व पंसरिया में रह रहे तीन वारंटियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि बगहा निवासी लल्लू पुत्र महावीर पटेल व राजकुमार पुत्र भगवानदीन तथा पथरिया निवासी इंद्रेश कुमार पुत्र गंगाप्रसाद लंबे अरसे से न्यायालय में मारपीट व गाली-गलौज की धाराओं में न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। एसीजेएम तृतीय द्वारा जारी वारंट के तहत उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद पांडेय, सिपाही देवेश, विकास कुमार, नरेंद्र कुमार ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### चक्कर आने से जमीन गिरा पम्प कर्मी, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गाहिरा के निकट एक पेट्रोल पंप काम कर रहे मजदूर को अचानक चक्कर आ जाने से गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भिजवा दिया। बिधनू कानपुर नगर के देहली निवासी लखन सिंह 45 वर्ष पुत्र बबोले काफी समय से अचलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गाहिरा पेट्रोल पंप का काम कर रहा था। दोपहर के समय उसे अचानक चक्कर आ जाने से जमीन पर गिर गया जहां उसकी मौत हो गई। शव लेकर पोस्टमार्टम पहुंचे सिपाही ने बताया कि मिर्गी का चक्कर आने से मौत हुई है तथा शव को मर्चरी में रखवाकर घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

### घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से बैटरी चोरी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** संतोष कुमार पुत्र चंद्रमोहन निवासी आदर्श नगर थाना कोतवाली एकमात्र जीविका का साधन ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहे थे। मंगलवार को उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि प्रार्थी का ई-रिक्शा घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा था। जिससे रात करीब 1-2 बजे के बीच में अज्ञात चोरों ने रिक्शे की दोनों बैट्रियां चोरी कर लीं। चोरों ने इसके लिए प्लास से तार काटकर बैटरी निकाली हैं। पीड़ित ने बताया कि जिसके बाद इधर-उधर काफी तलाश किया लेकिन कोई पता ना चला। पीड़ित संतोष कुमार ने मुकदमा लिखने की गुहार लगाकर चोरी गई बैट्रियां खोजवाने की अपील पुलिस से की है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर किया जन संपर्क

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर मोदी सरकार की 9 साल की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियां के बारे में बता रहे हैं। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल मोदी सरकार के पूर्ण होने पर घर घर जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा महराजगंज मंडल के बूथ संख्या 251 गांधीनगर मे घर-घर संपर्क किया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं को लोगों को बताया गया व टोल फ्री नंबर 90 90 90 2024 पर मिस कॉल करा कर एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने का समर्थन मांगा इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला पंकज श्रीवास्तव मंडल मंत्री राघवेंद्र सिंह शक्ति केंद्र संयोजक विनोद त्यागी सत्रोहन लोधी सुरेश पासी बूथ अध्यक्ष विकास लोधी विजय धीमान विनीत वैश्य विवेक कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पल्लवी बनी एमसीएफ लिटिल चैंप डांस सीजन-1 की विजेता

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एम सी एफ लिटिल चैंप डांस सीजन-1 जिसका प्रारंभ 3 मई 2023 से आडिशन के प्रथम चरण से हुआ । 6 से14 की आयु के कुल 49 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। अनेक चरणों से होते हुए इस प्रतियोगिता का समापन 01.07.2023 को बड़े ही शानदार तरीके से हुआ।प्रतियोगिता के फिनाले का उद्घाटन पी के मिश्रा महाप्रबंधक एम सी एफ भारती मिश्रा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। स्वागत संबोधन अमरनाथ दुबे पी सी पी ओ ने किया। प्रतियोगिता में चयनित 32 बच्चों की प्रस्तुतियों के पुनरावलोकन से प्रारंभ होकर प्रतियोगिता अपने शिखर की तरफ बढ़ी जहाँ टाप 3 फाइनलिस्ट पल्लवी, अनुष्का और सृष्टि के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। 3.अलग अलग गानों पर 2-2 की जोड़ी में अलग अलग अंदाज़ में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं।अंततः पल्लवी प्रथम, अनुष्का द्वितीय और सृष्टि तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं। सभी विजेताओं को महाप्रबंधक द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन द्वारा प्रदान किया गया।महाप्रबंधक ने प्रसंन्नता व्यक्त की। व्यक्तित्व के विकास में इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए जिससे एम सी एफ परिवार में आपसी तालमेल और प्रेम भाव बनाए रखने में मदद मिले।



# डंपर की टक्कर मे मां की मौत बेटा गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



- मां को बाइक से लेकर इलाज कराने जा रहा था बेटा
- आक्रोशित लोगों ने शव रखकर किया सड़क जाम

रायबरेली में हुआ दर्दनाक हादसा मां को लेकर इलाज कराने जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार डंपर ने मारी जोरदार टक्कर डंपर की टक्कर से मां की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल आक्रोशित लोगों ने शव रखकर किया सड़क जाम दोनों तरफ कई किलोमीटर तक लगी गाड़ियों की लंबी कतार मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के चौदहमील गांव के पास का है जहां अनुराग उम्र 24 वर्ष अपनी बीमार मां प्रेमा देवी उम्र 55 वर्ष निवासी बिझला मऊ थाना डलमऊ को इलाज के लिए सीएचसी डलमऊ ले जा रहा था तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग महिला प्रेमा देवी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया वही टक्कर मारने के बाद डंपर चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया वह घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर रोड़ जाम कर दिया जिससे दोनों तरफ कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया जाम की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस के भी हाथ पैर फूल गए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के काफी मान मनौव्वल के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए और सड़क को आवागमन के लिए खोला वहीं पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फरार डंपर चालक की तलाश शुरू की।

# मिर्च पाउडर डालकर किसान से चार लाख इक्यावन हज़ार की हुई लूट

- लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मिर्च पाउडर डालकर किसान से चार लाख इक्यावन हज़ार की हुई लूट किसान गेहूं की बिक्री का पैसा निकाल कर घर जा रहा था। मामला मिल एरिया थाना इलाके के मलिकमऊ का है। यहां अमेठी ज़िले में शिवरतनगंज थाना इलाके के रहने वाले किसान अमित जायसवाल सुपरमार्केट स्थित एचडीएफसी बैंक से गेहूं की बिक्री का पैसा निकाल कर जा रहे थे। उसी दौरान मिल एरिया थाना इलाके के मलिकमऊ में रेलवे फ्लाईओवर के दो बाइक सवार बदमाशों ने किसान की आंख में मिर्च जैसा कोई केमिकल डाल दिया। आंख में मिर्च लगने पर किसान पास ही स्थित पान की दुकान पर मुहं धोने चला गया। इसी बीच बदमाशों ने डिग्गी में रखे चार लाख इक्यावन हज़ार रुपये उड़ा दिए। उधर किसान बाइक के पास लौट कर आया तो उसे कुछ शंका हुई। किसान ने बाइक की डिग्गी चेक की तो उसमें से पैसे गायब थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है।



# केंद्रीय विद्यालय में नव प्रवेशी छात्रों हेतु विद्या प्रवेश का आयोजन

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ रायबरेली में कक्षा 1 के विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री मनोज कुमार द्वारा विद्या की देवी सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तदुपरांत नव प्रवेश छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।प्राथमिक विभाग एवं माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के स्वागत हेतु बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों श्री सर्वेश कुमार गिरी ,श्री महेश कुमार शुक्ला और डॉक्टर कमलाकांत यादव ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की कार्यप्रणाली एवं बच्चों के साथ अपने अनुभव को साझा किया।नव प्रवेशी छात्रों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक विभाग की छात्रा ईशा गुप्ता ने लोकप्रिय गीत तेरे वास्ते पर एक मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चौथी एवं पांचवी के छात्र-छात्राओं द्वारा इतनी सी हंसी इतनी खुशी गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया।कक्षा एक के नव प्प्रवेशी छात्र छात्राओं ने मंच पर आकर बारी-बारी से अपना परिचय दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कक्षा 3 के छात्र-छात्राओं द्वारा वर्णमाला गीत एवं प्लेनेट सॉन्ग प्रस्तुत किया गया। आयोजन में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बच्चों की विद्यालय शिक्षा शुरू करने से पहले आवश्यक अवधारणाओं के विकास एवं अपेक्षाओं को प्राप्त करने पर जोर देती है। विद्या प्रवेश भारत सरकार की एक पहल निपुण भारत यानी कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन के आवश्यक घटकों में से एक है।इसके अंतर्गत खेलों एवं गतिविधियों पर आधारित शिक्षण किया जाता है।उन्होंने कहा कि बच्चे विद्यालय के परिवेश के साथ सहज होकर सीखें इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षकों के साथ साथ अभिभावक भी सक्रिय रूप से इस इस प्रक्रिया के साथ जुड़े रहें।सभी के ईमानदार सहयोग से ही हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं।इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने अपने संबोधन में केंद्रीय विद्यालय संगठन के साथ अपने जुड़ाव को लेकर प्रसन्नता जाहिर किए एवं क्षेत्र में शिक्षा के विकास को लेकर केंद्रीय विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।प्राथमिक विभाग के शिक्षक श्री नवदीप रंगा ने उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।




# आज से खुलेंगे गोकुलबाबा मंदिर के गर्भगृह के पट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आस्था के प्रतीक मगरवारा के प्रसिद्ध गोकुलबाबा मंदिर के गर्भगृह के पट सोमवार से पुनः खुल जायेंगे। जिससे बाबा भोलेनाथ के भक्त मंदिर के अंदर जाकर पावन शिवलिंग की आराधना कर सकेंगे। मंदिर के गर्भगृह के भीतर दीवार आदि की रंगाई पुताई का काम मंदिर समिति के द्वारा कराया जा रहा था। जिसकी वजह से गर्भगृह के भीतर भक्तों के जाने पर रोंक लगा दी थी। मंगलवार से शुरू हो रहे सावन मास की वजह से रंगाई आदि के काम को तेजी से कराकर समय से पहले ही पूरा करा लिया गया। गोकुलबाबा सेवा समिति के महामंत्री रवी प्रकाश सिंह मुन्ना ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के भीतर चल रहा रंगाई पुताई का काम पूरा हो चुका है। सोमवार से गर्भगृह के पट खुल जायेंगे। भक्त मंदिर के भीतर जाकर शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर सकेंगे।



# हादसो को दावत दे रहा खुले में रखा ट्रान्सफार्मर

- रविवार को चपेट में आकर मवेशी की हुई मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

अत्यंत भीड़भाड़ वाले स्थान बस स्टेशन स्थित तिकोनिया पार्क के खुले में रखे ट्रांसफार्मर के तारों की चपेट में आकर मवेशी की मौत हो गई। वही इन तारों और ट्रांसफार्मर के अगल-बगल भीड़भाड़ रहने के चलते किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

पुरवा कस्बे के बस स्टेशन स्थित तिकोनिया पार्क के पास कस्बे की सबसे बड़ी फल मंडी लगती है। मंडी से सटे इस पार्क में ट्रांसफार्मर लगाया गया है और उसके खुले तार जमीन से पड़े हैं इसके चलते दुर्घटना का डर बना रहता है। मंडी में आने वाले लोग ट्रांसफार्मर से दूर होकर ही गुजरते हैं। वही इस ट्रांसफार्मर 4 मीटर की दूरी पर दुकान रखी है और तमाम राहगीर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते रहते हैं। नीरज द्विवेदी देवा सोनकर फुरकान खान ने बताया कि ट्रांसफार्मर को कंटीले तार से घेरा नहीं गया है और ना ही चहारदीवारी बनाई गई है। इससे बरसात के मौसम में किसी बड़ी अनहोनी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रविवार सुबह ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रही मवेशी करंट की चपेट में आने से मौत का शिकार हो गई हैं। विद्युत एसडीओ अनिल वर्मा ने बताया कि जेई को निर्देश दे दिए है कि खुले ट्रांसफार्मर के पास तार बंधवा दिए जाए ताकि इस तरह की घटनाएं न हो।



### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध अवस्था में युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत टिकरी पदमरा निवासी काजल 17 पुत्री दिनेश कुमार ने सुबह के समय संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ते देख परिजनों इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लोहचा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतका के पिता ने आरोप लगाने से इंकार किया बताया कि कभी समय से बीमार चल रही थी।

# रोडबेज बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगा दी तहरीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ाकोला निवासी सरोज शंकर ने किदवई नगर डिपो की रोडवेज बस के चालक व परिचालक पर लापरवाही से बस चलाने के चलते बस से उतरने के दौरान पुत्र के गिरकर घायल हो जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ाकोला निवासी सरोज शंकर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 25 जून को उसका पुत्र बृजेश कुमार कानपुर से किदवई नगर डिपो की रोडवेज बस से बैठकर इंदेमऊ जा रहा था। कैची मोड़ के निकट बस से उतरने के दौरान बस चालक व कंडक्टर की लापरवाही के चलते उन्होंने अचानक बस चला दी जिससे उसका पुत्र बृजेश सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर उसके पुत्र का इलाज कानपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायतकर्ता के दिए गए बस नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## बिहार : सारन में 'माब-लिंचिंग'

सभ्यता का यह कौन सा दौर है, जिसमें एक समुदाय के कुछ नागरिक दूसरे समुदाय के एक नागरिक को पीट-पीट कर मार डालते हैं और 'कानून का राज' अपना सा मुंह लेकर चुपचाप खड़े होकर देखता रहता है? हमारी सारी वैज्ञानिक प्रगति और ज्ञान का भंडार तब कहां सुप्त हो जाता है जब गौहत्या की आशंका मात्र से बिहार के सारन जिले के एक गांव के कुछ लोग इकट्ठा होकर एक ट्रक में जानवरों की हड्डियां ले जा रहे उसके चालक को रक्त रंजित करके मरने के लिए छोड़ देते हैं। भारत की नई पीढ़ी में यह किसने जहर भर दिया है कि उसने 'माब लिंचिग' जैसे पैशाचिक व अमानवीय कृत्य को ही अपनी धर्म पराणयता मान लिया है? 21वीं सदी से हम आठवीं सदी में लौटने की रवायतों की मानसिकता से ग्रस्त हो रहे हैं और उस पर तुर्रा यह है कि हम पूरी दुनिया में सभ्यता के 'रौशन चिराग' हैं। यह कौन सी रोशनी किस धर्म शास्त्र से मिल रही है जो आदमी को आदमी के खून का प्यासा बना रही है? मगर सवाल इसके मूल में यह है कि भारत का कौन सा ऐसा कानून है जो किसी भी नागरिक को इसे अपने हाथ में लेने की इजाजत देता है? कौन हैं वे लोग जो ऐसा करने की प्रेरणा देकर भारत की नई पीढिय्यों को भविष्य अंधकार में धकेल देना चाहते हैं। सारन में जिस 55 वर्षीय ट्रक चालक मोहम्मद जहीरुद्दीन की केवल इसलिए हत्या कर दी गई कि वह अपने ट्रक में मरे हुए जानवरों की हड्डियां पास के गांव में स्थित एक पंजीकृत फैक्टरी में देने जा रहा था जहां इनका उपयोग 'औषधीय तत्वों' के उत्पादन में होता है। फैक्टरी मालिक के अनुसार जहीरुद्दीन यह काम पिछले कई वर्षों से करता आ रहा था। फैक्टरी जाते हुए उसके ट्रक में खराबी आयी और वह किसी मैकेनिक को ढूंढने के लिए एक गांव के पास रुक गया। गांव के कुछ लोग जब ट्रक की खराबी में पूछताछ करने लगे तो उन्हें इससे दुर्गन्ध आयी और उन्होंने समझ लिया कि इसमे गौमांस भरा हुआ है। इसके बाद कुछ लोगों ने जहीरुद्दीन से मारपीट शुरू कर दी और उसे अपनी बात कहने तक का मौका नहीं दिया। जहीरुद्दीन को बुरी तरह जख्मी करके मरने के लिए छोड़ दिया गया। पुलिस जब उसे अस्पताल ले गई तो उसकी मृत्यु हो गई। सबसे अफ़सोसनाक बात यह है कि पुलिस ने ट्रक ड्राइवर की हत्या के जुर्म में जिन सात लोगों को गिरफ्तार किया है उन सभी की उम्र 18 से लेकर 25 साल के बीच है। ये उस राज्य बिहार के युवा हैं जिसके लोगों को राजनैतिक रूप से बहुत सजग व चौकन्ना माना जाता है। यह बहुत गंभीर और विचारणीय मामला है क्योंकि बिहार राज्य भारतीय संस्कृति का संबल भी कहा जाता है। सवाल यह है कि 21वीं सदी में कौन से ऐसे सिपहसालार पैदा हो गये हैं जो गौहत्या निषेध के कानूनों के बन जाने के बाद खुद को पुलिस या कानून लागू करने वालों की भूमिका में देखने लगे हैं? ऐसे 'काऊ विजलांटे' कहे जाने वाले लोगों को पता होना चाहिए कि हिन्दोस्तान केवल उन्हीं का नहीं है बल्कि यह उन सब लोगों का है जो इसके भू-भाग के किसी भी इलाके में रहते हैं और किसी भी मजहब का पालन करते हैं। मुझे इस सन्दर्भ में बिहार के ही एक बड़े नेता स्व. राम विलास पासवाल के संसद में कहे गये वे शब्द याद आ रहे हैं जो उन्होंने गौहत्या पर चली बहस के दौरान कहे थे। उन्होंने कहा था कि 'जब गऊ हमारी माता हैं तो मरने के बाद उसे दलितों के कंधों पर क्यों लाद दिया जाता है। मरने के बाद उसका अन्तिम संस्कार समाज की कथित सवर्ण जातियों के लोग क्यों नहीं करते? मगर माब लिंचिंग का मामला धर्म से ऊपर मानवीयता का है जिसे हिन्दू सभ्यता में 'प्राणी मात्र' में सद्भावना व सौहार्द के रूप में निरूपित किया गया है। यदि किसी समाज में मानव ही मानव का दुश्मन बन जाये तो 'असभ्यता की पराकाष्ठा' का निशान माना जाता है। धर्म अथवा मजहब की रवायतें ईश्वर या अल्लाह ने नहीं बनाई बल्कि उन्हें इसी पृथ्वी पर रहने वाले लोगों ने ही कभी न कभी बनाया है। कोई भी इंसान भगवान या खुदा के यहां अर्जी देकर पैदा नहीं होता कि उसका जन्म किसी हिन्दू या मुसलमान के घर में ही हो। उसका हिन्दू या मुसलमान होना एक शारीरिक-वैज्ञानिक घटना होती है। इस घटना के घटने के बाद समाज ही उसे हिन्दू या मुसलमान के रूप में बड़ा करता है। अतः सबसे बड़ा धर्म तो सबसे पहले 'इंसानियत' ही हुआ। यह इंसानित ही जब जख्मी होती हो तो हिन्दू-मुसलमान का होना कोई मायने नहीं रखता। भारत मानवीयता का पुजारी रहा है और यही वजह है कि सदियों से इस देश में न जाने कितने मतों व धर्मों के लोग आते रहे और इसकी सरजमीं में अपना आशियाना बनाते रहे। हमारे संविधान में इस बात की पुख्ता ताईद की गई है कि सरकारें लोगों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगी। मगर हम इसकी बात करना फ़िज़ूल समझते हैं। वैज्ञानिक सोच का सम्बन्ध सीधे मानवीयता से होता है। यह बेवजह नहीं है कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने प्रत्येक नागरिक को भारत में अपना व्यवसाय चुनने व रोजी कमाने का अधिकार भी दिया और नागरिकों को जीवन जीने का अधिकार भी दिया जिसकी रक्षा करने के लिए सरकारें वचनबद्ध होती हैं। अतः बिहार की नीतीश सरकार का कर्त्तव्य बनता है कि वह सारन की 'माब लिंचिंग' के अपराधियों को ऐसी सजा दिलाने के लिए काम करें कि पूरे भारत में यह एक नजीर बन जाये।

## देश की जरूरत, समान नागरिक संहिता

प्रेम शर्मा

**विश्व के किसी भी पंथनिरपेक्ष देश में अलग-अलग निजी कानून नहीं हैं, लेकिन भारत में वे इसके बाद भी बने हुए हैं कि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में यह लिखा गया है कि राज्य देश के सभी लोगों के लिए एक समान कानून बनाएगा। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदुओं के निजी कानूनों को तो संविधान लागू होने के कुछ समय बाद ही संहिताबद्ध कर दिया गया, लेकिन अन्य समुदायों के निजी कानून बने रहने दिए गए। नि:संदेह ऐसा वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण किया गया। इसका कोई मतलब नहीं कि सात दशक बाद भी अलग-अलग समुदाय भिन्न-भिन्न निजी कानूनों के जरिये संचालित होते रहें और वे भी तब, जब उनके कारण महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा होती हो और वे अन्याय का शिकार बनती हों। समान नागरिक संहिता को लेकर लोगों को किस तरह गुमराह किया जा रहा है, इसका पता इससे चलता है कि कुछ राजनीतिक दल यह प्रचारित करने में लगे हुए हैं कि इससे विभिन्न समुदायों की धार्मिक आजादी में हस्तक्षेप होगा। यह निरा झूठ है। समान नागरिक संहिता से किसी समुदाय की धार्मिक रीतियों में कोई हस्तक्षेप नहीं होने वाला। वह तो केवल सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहायक होगी। जैसे बाल विवाह, तीन तलाक की कुप्रथा खत्म करने की जरूरत थी, वैसे ही उन कुरीतियों को भी खत्म किया जाना चाहिए, जिनके कारण महिला अधिकारों का हनन होता है। वास्तव में इसी कारण कई बार विभिन्न उच्च न्यायालय और यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता की आवश्यकता जता चुका है। समान नागरिक संहिता के खिलाफ दुष्प्रचार इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि आम लोगों को इसका भान नहीं है कि उसमें क्या और कैसे प्रविधान होंगे? इसे देखते हुए उचित यह होगा कि विधि आयोग लोगों के सुझाव प्राप्त कर यथाशीघ्र समान नागरिक संहिता का कोई मसौदा देश की जनता के विचारार्थ पेश करे। इससे ही समान नागरिक संहिता को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर लगाम लगेगी।**

अब वह समय आ गया है कि भारत में समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाए। एक लम्बे अरसे से देश की जनता को इसकी जरूरत महसूस हो रही है। एक देश दो कानून वैसे भी लोकतंत्र के खिलाफ है। समान नागरिक संहिता के खिलाफदुष्प्रचार इसीलिए किया जा रहा है क्योंकि आम लोगों को इसका भान नहीं है कि उसमें क्या और कैसे प्रविधान होंगे? इसे देखते हुए उचित यह होगा कि विधि आयोग लोगों के सुझाव प्राप्त कर यथाशीघ्र समान नागरिक संहिता का कोई मसौदा देश की जनता के विचारार्थ पेश करे। इससे ही समान नागरिक संहिता को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर लगाम लगेगी।विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर लोगों से सुझाव मांगने के बाद भोपाल की एक सभा में प्रधानमंत्री का यह कहना उल्लेखनीय है कि यह संहिता समय की मांग है। इसका अर्थ है कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। यह अच्छा हुआ कि उन्होंने इसका उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल समान नागरिक संहिता को लेकर मुसलमानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। यह काम वास्तव में हो रहा है।अनेक राजनीतिक दल और कुछ सामाजिक-धार्मिक संगठन जिस तरह समान नागरिक संहिता के खिलाफ खड़े होते दिख रहे हैं, वह शुभ संकेत नहीं।

समान नागरिक संहिता के खिलाफ उठ रही आवाजें न केवल संविधान निर्माताओं के सपनों के विरुद्ध हैं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी करने वाली भी हैं। इसके अतिरिक्त ये एक देश में दो विधान की स्थिति बनाए रखने वाली भी हैं।विश्व के किसी भी पंथनिरपेक्ष देश में अलग-अलग निजी कानून नहीं हैं, लेकिन भारत में वे इसके बाद भी बने हुए हैं कि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में यह लिखा गया है कि राज्य देश के सभी लोगों के लिए एक समान कानून बनाएगा। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदुओं के निजी कानूनों को तो संविधान लागू होने के कुछ समय बाद ही संहिताबद्ध कर दिया गया, लेकिन अन्य समुदायों के निजी कानून बने रहने दिए गए। निःसंदेह ऐसा वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण किया गया। इसका कोई मतलब नहीं कि सात दशक बाद भी अलग-अलग समुदाय भिन्न-भिन्न निजी कानूनों के जरिये संचालित होते रहें और वे भी तब, जब उनके कारण महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा होती हो और वे अन्याय का शिकार बनती हों। समान नागरिक संहिता को लेकर लोगों को किस तरह गुमराह किया जा रहा है, इसका पता इससे चलता है कि कुछ राजनीतिक दल यह प्रचारित करने में लगे हुए हैं कि इससे विभिन्न समुदायों की धार्मिक आजादी में हस्तक्षेप होगा।यह निरा झूठ है। समान नागरिक संहिता से किसी समुदाय की धार्मिक रीतियों में कोई हस्तक्षेप नहीं होने वाला। वह तो केवल सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहायक होगी। जैसे बाल विवाह, तीन तलाक की कुप्रथा खत्म करने की जरूरत थी, वैसे ही उन कुरीतियों को भी खत्म किया जाना चाहिए, जिनके कारण महिला अधिकारों का हनन होता है। वास्तव में इसी कारण कई बार विभिन्न उच्च न्यायालय और यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता की आवश्यकता जता चुका है। समान नागरिक संहिता के खिलाफ दुष्प्रचार इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि आम लोगों को इसका भान नहीं है कि उसमें क्या और कैसे प्रविधान होंगे ? इसे देखते हुए उचित यह होगा कि विधि आयोग लोगों के सुझाव प्राप्त कर यथाशीघ्र समान नागरिक संहिता का कोई मसौदा देश की जनता के विचारार्थ पेश करे। इससे ही समान नागरिक संहिता को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर लगाम लगेगी। समान नागरिक संहिता के मामले में यदि विपक्षी दलों के साथ-साथ कांग्रेस के पास कहने को कुछ है तो केवल यही कि आखिर उसकी पहल इसी समय क्यों की जा रही है? यह कुछ वैसा ही कुतर्क है जैसा अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दिया गया था। तब यह कहा गया था कि इस मामले की सुनवाई आम चुनाव के बाद की जानी चाहिए। कुछ विपक्षी दलों ने समान नागरिक संहिता पर जिस तरह सकारात्मक और तार्किक रवैया अपना लिया है, उससे कांग्रेस की दुविधा बढ़ जाना स्वाभाविक है। कई विपक्षी नेताओं के साथकांग्रेस के भी कुछ नेता समान नागरिक संहिता को समय की मांग बता रहे हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण वैसी कोई भूल करने से बचना चाहिए, जैसी उसने शाहबानो मामले में की थी। इसकी कीमत केवल उसे ही नहीं, देश को भी चुकानी पड़ी।यदि शाहबानो मामले में राजीव गांधी की सरकार कट्टरपंथी तत्वों के आगे झुकने के बजाय संविधानसम्मत फैसला करती और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी होती तो आज स्थिति दूसरी होती। समान नागरिक संहिता का निर्माण लंबित रहना एक तरह से संविधान निर्माताओं के सपनों को जानबूझकर न पूरा करना है। कांग्रेस को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू ने तमाम विरोध के बाद भी हिंदू कोड बिल के मामले में किस तरह दृढ़ रवैया अपनाया था। यूनिफॉर्म सिविल कोड का अर्थ होता है समान नागरिक संहिता। संविधान में भारत में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून का प्रावधान है, फिर चाहे वह किसी भी जाति,धर्म, समुदाय से संबंधित हो। समान नागरिक सहिंता में शादी, तलाक और जमीन जायदाद के हिस्से में सभी धर्मों के लिए केवल एक ही कानून लागू किया गया है। न्दपवितउ ब्पअपस ब्वकम का अर्थ स्पष्ट है सभी नागरिकों के लिए एक कानून। इसका किसी भी समुदाय से कोई संबंध नहीं है। इस कोड के तहत राज्य में निवास करने वाले लोगो के लिए एक समान कानून का प्रावधान किया गया है। यानी की धर्म के आधार पर किसी भी नागरिक को विशेष लाभ नहीं मिलेगा।भारत में अभी सिर्फ एक राज्य है जहाँ यूनिफार्म सिविल कोड लागू है वह राज्य है गोवा। गोवा में पुर्तगाल सरकार के समय से ही यूनिफार्म सिविल कोड को लागू किया गया था। वर्ष 1961 में गोवा सरकार यूनिफार्म सिविल कोड के साथ ही बनी थी। भारतीय संविधान के भाग 4 में अनुच्छेद 44 के अंतर्गत भारतीय राज्य को देश में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता का निर्माण करने को कहा गया है जो पुरे देश में लागू होता हो। यूनिफॉर्म सिविल कोड पूरे देश में एक समान कानून लागू करता है। इसमें सभी धर्म के नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, गोद लेना, विरासत आदि के कानूनों में समानता दिए जाने का प्रावधान है। संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य भारत के सभी क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक सहिंता को सुनिश्चित करने को कहा गया है।अभी तक अलग-अलग राज्यों के अलावा केंद्र सरकार की ओर से भी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के विषय में चर्चा की गयी है। लेकिन अभी तक भी इस मुद्दे में कार्यान्वयन नहीं हो पाया है। विश्व में समान नागरिक सहिंता अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान, आयरलैंड, मलेशिया में लागू है। अगर देश में समान नागरिक सहिंता लागू होने पर सभी समुदाय के लोगो को एक समान अधिकार दिए जायेंगे।लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। समान नागरिक सहिंता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा। कानूनों में सरलता और स्पष्टता आएगी। सभी नागरिकों के लिए कानून समझने में आसानी होगी। व्यक्तिगत या धर्म कानूनों के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जा सकेगा।कानून के तहत सभी को सामान अधिकार दिए जायेंगें। कुछ समुदाय के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित है। ऐसे में यदि न्दपवितउ ब्पअपस ब्वकम लागू होता है तो महिलाओं को भी समान अधिकार लेने का लाभ मिलेगा।महिलाओं का अपने पिता की सम्पति पर अधिकार और गोद लेने से संबंधी सभी मामलों में एक सामान नियम लागू हो जायेंगे। मुस्लिम समाज में बेटी की शादी की न्यूनतम आयु 9 साल है। समान नागरिक सहिंतालागू होने से मुस्लिम लड़कियों की छोटी आयु में विवाह होने से रोका जा सकेगा। धार्मिक रूढ़ियों के कारण समाज के किसी वर्ग के अधिकारों के हनन को रोका जा सकेगा। मुस्लिम समाज में अभी भी कई तरह के तलाक हो रहे हैं जिनका खामियाजा मुस्लिम महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। यूसीसी के लागू होने से सभी समुदाय में तलाक की प्रक्रिया एक जैसे होगी। 1995 के सरला मुद्गल केस में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले के साथ साथ 2019 के 'पाउलो कॉटिन्हो बनाम मारिया लुइजा वेलेंटीना परेरा' मामले में यूसीसी को लागू किये जाने को कहा गया था। यूनिफॉर्म सिविल कोड को संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार से संबंध से पेश किया जा रहा है। इण्डियन काउन्सिल में आर्टिकल 25 से 28 तक धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार की विवेचन किया गया है।इसके अंतर्गत देश में रहने वाले सभी नागरिकों को धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी दी गयी है। प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का शांतिपूर्ण क्रिया करने और बढ़ावा देने का अधिकार दिया गया है। संविधान के आर्टिकल 44 के भाग 4 में यूसीसी की चर्चा की गयी है। इस आर्टिकल में राज्य को देश में सभी नागरिकों के लिए एक यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने के लिए कहा गया है। ऐसे में संवैधानिक आधार पर अब हर हाल में देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का वक्त आ चुका है।

विचार

## पलायनवादी न बने

संजीव

अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक, मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके, कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैस निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी।

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैस जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंस सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंस मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा, आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए, यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है, जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैस यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है। मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है, और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैस भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैसऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

साहित्य



## एक छोटी सी किरण...

दीपक सिंह

एक छोटी सी किरण उल्टी
पल्टी।
दिल में अटकी दिल से
भटकी।।

नैन कटीले उनके दिखते,
जैसे मधुशाला वो।
हिरनी जैसी चलती वो,
जैसे हिरनीबाला वो।

उनकी अदायगी तन से है,
मन से वो है भटकी भटकी।।
छोटी सी किरण उल्टी पल्टी।
दिल मे अटकी दिल से
भटकी।।

झरोखा



दिल पर बोझ बरसता उनके,
ओठो से मुस्काती वो।
सच को दफनाना चाहे,
झूठो मे इतराती वो।।

उनकी बोली में नखरे बहुत हैं,
सारी बातें भटकी भटकी।
एक छोटी सी किरण उल्टी
पल्टी।
दिल मे अटकी दिल से
भटकी।।



## राशिफल

**मेष**:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभ**:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन**:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क**:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह**:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या**:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला**:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु**:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर**:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ**:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन**:- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

## अमेरिका में नस्लभेद



आदित्य नारायण

पूरी दुनिया को मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता का पाठ पढ़ाने वाले अमेरिका में नस्लभेद की घटनाएं रोजमर्रा की बात है। अमेरिका में एक के बाद एक हो रही नस्लभेद की घटनाएं उसके तमाम वादों की पोल खोल देती है। नस्ल के आधार पर वहां विश्वविद्यालयों में दाखिला देने का मुद्दा फिर चर्चा में है। नस्ल के आधार पर प्रवेश देने का मामला हार्वर्ड और यूनिवर्सिटी ऑफ नोर्थ कैरोलिना जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से जुड़ा हुआ है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में विश्वविद्यालय में नस्ल के आधार पर दाखिले देने की प्रथा पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बैंच ने यह फैसला सुनाया है। अमेरिका में अफ्रीकी अमेरिकियों (अश्वेत) और अल्पसंख्यकों को कॉलेजों में दाखिला देने का नियम है। इसे सकारात्मक पक्ष कहा जाता है। इस आरक्षण केघ् खिलाफ दो याचिकाएं लगाई गई थीं जिनमें दलील दी गई थी कि यह पालिसी श्वेत और एशियन अमेरिकन लोगों के साथ भेदभाव है। चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने फैसला सुनाते हुए कहा है कि लम्बे समय से विश्वविद्यालयों ने यह गलत धारणा बना रखी है कि किसी व्यक्ति की योग्यता उसके सामने आने वाली चुनौतियां उसका कौशल अनुभव नहीं बल्कि उसकी त्वचा का रंग है। विश्वविद्यालयों की नीति इस सोच पर भी टिकी है कि एक ब्लैक स्टूडैंट में कुछ ऐसी योग्यता है जो व्हाइट स्टूडैंट में नहीं है। चीफजस्टिस ने इस तरह की नीति को बेतुकी और संविधान के घ्खिलाफ करार दिया है और कहा है कि विश्वविद्यालयों के अपने नियम हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें नस्ल के आधार पर भेदभाव का लाइसैंस नहीं मिल जाता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमेरिका की राय बंटी हुई है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए अपनी असहमति व्यक्त की है। उनका कहना है घ्कि अमेरिका ने दशकों से दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की है। यह फैसला उस मिसाल को खत्म कर देगा। अमेरिका में अब भी भेदभाव बरकरार है और इस सच्चाई को दरकिनार नहीं किया जा सकता। जबकि दूसरी ओर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और बराक ओबामा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जो लोग देश के विकास के लिए मेहनत कर रहे हैं उनके लिए यह फैसला बहुत अच्छा है। जबकि बराक ओबामा का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी था कि नस्ल की परवाह किए बिना सभी छात्रों को सफल होने का अवसर मिले। अमेरिका में अफर्मेटिव एक्शन 1960 में लागू किया गया था। इसका मकसद देश में डायवर्सिटी को बढ़ावा देना और ब्लैक कम्युनिटी के लोगों के साथ



भेदभाव को कम करना था। सुप्रीम कोर्ट अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में इस पॉलिसी का 2 बार समर्थन कर चुका है। पिछली बार ऐसा 2016 में हुआ था। हालांकि, अमेरिका की 9 स्टेट्स पहले ही नस्ल के आधार पर कॉलेजों में एडमिशन पर रोक लगा चुकी हैं। इनमें एरिजोना, कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा, जॉर्जिया, ओकलाहोमा, न्यू हैम्पशायर, मिशिगन, नेब्रास्का और वॉशिंगटन शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद याचिका दायर करने वाला ग्रुप स्टूडैंट फॉर फेयर एडमिशन के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जबकि कई अश्वेत संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। प्रथम दृष्टि में यह फैसला सही लगता है। क्योंकि आम धारणा यही है कि दाखिलों में नस्ल जाति को प्राथमिकता देने की बजाय मैरिट को आधार बनाया जाए लेकिन अमेरिका में रंगभेद और नस्लभेद का इतिहास बहुत पुराना है। आधिकारिक रूप से कानून की नजर से हर अमेरिकी नागरिक समान है लेकिन हकीकत में अमेरिका की पुलिस सड़कों पर लोगों को उनके रंग और लुक के कारण रोकती है। भले ही वे संदिग्ध न भी हो तो भी उन्हें रोका जाता है। गिरफ्तारी के दौरान अगर पुलिस ने कोई बर्बर गलती की जैसा कि जार्ज क्लायड के मामले में हुआ था। यानि एक श्वेत पुलिस अधिकारी ने उसकी हत्या कर दी थी, के बाद जगह-जगह प्रदर्शन हुए थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि अमेरिकी प्रशासन ने हमेशा ही ऐसे मामलों को दबाया है। काले लोग न केवल पुलिस से बल्कि ऑफिसों में भी गोरों की घिनौनी हरकतों को बर्दाश्त करते हैं।

अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी नस्लवाद को खत्म करने की कई घ्कोशिशें कीं लेकिन वे भी नस्लभेद के सामने लाचार दिखाई दिए। उनके कार्यकाल में 18 साल के निहत्थे काले युवक माइकल ब्राउन को 8 गोलियां मार कर मार दिया गया था। अमेरिका वास्तव में प्रवासियों का देश है लेकिन गोरे वहां कालों से नफरत करते हैं, यह एक घातक प्रवृत्ति है। अमेरिका के भीतर तो नस्लभेद बरकरार है लेकिन वहां भारतीय राजनयिक, अभिनेता और अभिनेत्रियां भी नस्लीय भेदभाव और टिप्पणियों का शिकार हो चुके हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जा सकती है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद वहां अश्वेतों को आसानी से दाखिले मिल जाएंगे। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर भारत को ज्ञान तो बहुत दिया। काश! उन्होंने अपने भीतर झांक कर देख लिया होता।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# एसआर ग्रुप के प्रतिभा सम्मान समारोह में 514 मेधावी हुए पुरस्कृत

- हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट परीक्षा 2023 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स शामिल
- बुंदेलखंड सहित प्रदेश का गौरव बना एसआर ग्रुप : भानु प्रताप वर्मा
- प्रतिभावान बच्चों का उत्साहवर्धन किया एसआर ग्रुप ने : डॉ. घनश्याम अनुरागी



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

दसवां जनपदीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को एसआर ग्रुप आफइंस्टीट्यूशंस उरई के तत्वाधान में बंशीधर पैलेस कोंच बस स्टैंड उरई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी रहे। समारोह में वर्ष 2023 की परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 514 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें बीए एवं बीएससी के भी छः छात्र छात्राएं एसआर डिग्री कॉलेज उरई के सम्मिलित रहे। सर्वप्रथम प्रदेश स्तर पर सातवां एवं जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एसआर इण्टर कॉलेज उरई के इण्टरमीडिएट के छात्र सत्यम प्रजापति को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की जनपदीय टापटेन लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं सहित समस्त मेधावी पुरस्कृत हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा ने अपने व्यक्तिगत जीवन के संघर्षों के उदाहरणों से बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे लोकसभा क्षेत्र, जनपद एवं बुंदेलखंड सहित प्रदेश स्तर पर एसआर कॉलेज उरई के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा बिखेर कर हम जनपद वासियों के लिए गौरव का विषय हैं इसके लिए मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं तथा आशा करता हूं कि भविष्य में वह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए देश एवं प्रदेश की सेवा करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि डा. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एक सिक्के के दो पहलू सभी जानते हैं लेकिन एसआर ग्रुप उरई ने तो एक सिक्के के तीन पहलू को चरितार्थ किया है। यह ग्रुप शिक्षा क्षेत्र में देश, प्रदेश की उत्कृष्ट सेवा कर रहा है।

इस प्रकार के सम्मान समारोह करके बच्चों का उत्साहवर्धन करना अत्यन्त प्रेरणादायक है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. सीपी गुप्ता, उपाध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी, प्रबंधक अशोक कुमार राठौर, एसआर डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. रमाकांत गुप्ता, एसआर पब्लिक की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि शुक्ला, एसआर बालिका की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू गुप्ता एसआर ग्रुप के सभी प्रधानाचार्य ने मंचासीन अतिथियों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा, वरिष्ठ भाजपा नेता अवध शर्मा बब्बा, उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशीय नेता दिलीप सेठ, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती रेखा वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, युवा भाजपा नेता आशीष मिश्रा, सभासद जय नारायण साहू एवं अनिल चतुर्वेदी सभी का सम्मान किया गया जिसमें ग्रुप के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का अथक सहयोग रहा। समारोह को एस आर ग्रुप के प्रबंधक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि ने संबोधित करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन तथा अतिथियों का सम्मान करते हुए आभार प्रकट किया। मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार गोस्वामी ने किया।

# 36 स्वास्थ्य मेलों में 1432 मरीजों का परीक्षण कर दी दवायें

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा के निर्देशन में जनपद के 30 ग्रामीण व 6 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया जिसमें 47 चिकित्सकों तथा 181 पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा चिकित्सीय कार्य किया गया। स्वास्थ्य मेलों में 668 पुरुषों, 542 महिलाओं सहित 1432 रोगियों का परीक्षण किया गया जिसमें 222 बच्चे भी शामिल थे।

स्वास्थ्य मलों में 40 आयुष्मान कार्ड बनाये गये 23 व्यक्तियों को कोविड एण्टीजन टेस्ट किया गया जबकि 14 रोगियों की मलेरिया कार्ड द्वारा जांच तथा 5 रोगियों की हिपेटाइटिस की जांच की गयी। वहीं 3 व्यक्तियों की आंखों का परीक्षण किया गया। आधा सैकड़ा गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया। इस दौरान रोगियों को उपचार हेतु उच्च केंद्रों पर संदर्भित कर एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया।

186 मरीज जो बुखार से पीड़ित थे उनका परीक्षण कर दवा दी गयी। 210 लीवर संबंधी समस्याओं के व 109 श्वसन संबंधी समस्याओं, 61 डायविटीज के रोगी, सबसे अधिक 238 त्वचा संबंधी रोगों के रोगियों का भी परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह दी गयी।

शिविर में 23 मरीज ऐसे भी आये जिन्हें खून की कमी थी तथा 31 उच्च रक्तचाप के रोगियों का परीक्षण कर उनको उपचार दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### राठ-मदारीपुर मार्ग का सात जुलाई तक पूर्ण करें कार्य : डीएम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** स्टेट हाईवे राठ–मदारीपुर मार्ग पर ग्राम काशीपुर के पास रोड पानी से कटान हो जाने के कारण रास्ता से आवागमन अवरुद्ध हो गया था। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने उक्त प्रकरण संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि स्टेट हाईवे राठ–मदारीपुर मार्ग पर त्वरित निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। जिससे मार्ग से आवागमन अवरुद्ध न होने पाए। ग्राम काशीरामपुर इटोरा अकबरपुर एवं कदौरा क्षेत्र तथा राठ और हमीरपुर से आने वाले वाहनों की आवागमन को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। लोक निर्माण विभाग द्वारा स्टेट हाईवे राठ–मदारीपुर मार्ग पर ग्राम काशीपुर के पास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है और 7 जुलाई तक कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा जिससे किसी भी प्रकार की आवागमन में परेशानी नहीं आएगी।

### अवैध विद्युत बिल को लेकर किसान ने की शिकायत

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यज।** तहसील क्षेत्र के गांव रुदावली गोपालपुरा निवासी गोविन्द सिंह पुत्र गोकल ने एक शिकायतीपत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में देते हुए उप जिलाधिकारी को बताया कि मैंने विद्युत पावर ट्यूबवेल कनेक्शन गोविंद पुरी होटल के पास गोपालपुरा भिंड सड़क मार्ग के लिए आवेदन किया था। मेरा आवेदन 11 अगस्त 2021 में संयोजन पर स्वीकृत हो गया था। मौके पर विद्युत पोल और डीपी रख दी गई है। केबिल विद्युत लाइन आज तक नहीं जोडी गई है। फ़िर भी मेरे पास अनियमित अवैध रूप से बिल भेजा जा रहा है। शिकायत अनेकों बार उच्चाधिकारियों से कर चुका हूं। कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। उक्त ने अवैध विद्युत बिल वापस लेने और ट्यूबवेल कनेक्शन को संचालित करने की पुरजोर गुहार लगाई है।

### लिंक मार्ग की साइड भरवाई जाए

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत सूपा निवासी जितेंद्र ने एक शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी को देते हुए बताया कि साहब सूपा से नुनायचा की ओर लिंक मार्ग बना हुआ है। मंदिर के पास में लिंक मार्ग की रैलिंग काट दी है।तथा वहीं पर पेड़ों की कटान डाल दिये है। जिससे कि लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। उक्त ने गुहार लगाई है विपक्षी गोविंद को निर्देशित किया जाए कि वह उक्त लिंक मार्ग की काटी गई रैलिंग को पुन: मिट्टी से भराए एवं लकड़ी और कांटे हटाए। जिससे कि जनहित में लोगों को आवागमन में असुविधा न हो।

### गल्ला मंडी के लघुशंका गृह में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार मौन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** किसानों व व्यापारियों की सुविधा के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति में लघुशंका गृह बनाए गए हैं। लघुशंका गृह में फैली गंदगी के कारण लोग उनका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। बंगरा मार्ग पर स्थित थोक गल्ला मंडी में जनसुविधा के लघुशंका गृह का निर्माण कराया गया है। गोदाम के पास बने लघुशंका गृह को साफसुथरा रखने के लिए उसमें टाइल्स आदि को लगाया गया है। इसके बाद भी उसकी नियमित सफ़ाई न देखरेख न होने के कारण वह क्षतिग्रस्त हो गये हैं और गंदगी भरे पड़े हैं। इनमें गंदगी पड़ी होने के साथ क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां आने वाले किसान व व्यापारी इसका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है और लोग खुले में लघुशंका करने को मजबूर हैं। मंडी आने वाले दीपेंद्र सिंह, दीपक सोनी, मनीष परिहार, अशफ़ाक, प्रदीप कुमार, शैलेंद्र आदि ने मांग की है कि मंडी के क्षतिग्रस्त लघुशंका गृह की मरम्मत कराई जाए और उसकी नियमित सफ़ाई की व्यवस्था की जाए जिससे किसान व व्यापारी उसका उपयोग कर सके।

# बेसहारा पशु बन रहे परेशानी का सबब, किसानों को रही समस्या

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

कस्वे की सड़कों पर बेसहारा पशुओ की संख्या लगातार बढ़ रही है।जिससे यह मुख्य मार्गो पर हादसों का सबब बन रहे हैं।गौ आश्रय केंद्रों में गौ वंशो के संरक्षण की योजना परवान नहीं चढ़ पा रहीं है।कस्बा मोहम्मदी व कस्वे से सटे दिलावरपुर,बवौरी सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में ये बेसहारा पशु झुंड बनाकर घूम रहे हैं।बताते चले इन दिनों सम्पूर्ण कस्वा इन बेसहारा पशुओ की चहल कदमी से परेशान है।जिसमे सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों व राहगीरों को हो रहीं है।संबधित विभाग जिस पर शायद ही कोई ध्यान दे रहा हो।हालांकि पालिका प्रशासन का काजी हाउस में अस्थायी गौ आश्रय केंद्र का उद्घटान हो गौ वंशो को रखा जाना था।लेकिन इस गौ आश्रय केंद्र में अब तक कितने गौ वंश रहे ये सिर्फ कागज ही बता सकते है।

**आए दिन हो रहे सड़क हादसे**

कस्वे के चारो ओर इन बेसहारा पशुओ का झुंड ज्यादातर समय घूमता रहता है ।एक तरफ जहां अचानक वाहनों के सामने पशु आ जाने से हादसे का खतरा बना रहता है तो वही यातायात भी प्रभावित होता है ।यही हालात कस्बा क्षेत्र के बाजार खुर्द,बाजार गंज,बबौरी सहित जगहों पर इन पशुओ का झुंड बना रहता है ।लोगों के मुताबिक इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के चलते किसान खेत की सिंचाई कर रहे हैं,जिससे इन पशुओ को बैठने को सूखा स्थान न मिलने से ये पशु कस्बा क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। मोहल्ले में व सड़क किनारे फल–सब्जी, छिलके व बचा हुआ खाना इत्यादि से पेट भरने को मजबूर है।

# पत्नी की नाक काटने की घटना के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/ वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02 जुलाई 2023 को थाना मितौली पुलिस पत्नी की नाक काटने की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्त विक्रम पुत्र रामविलास नि0 ग्राम बांसताली थाना मितौली जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया। इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 देवकरन शर्मा, थाना मितौली, हे0 का0 राजेन्द्र यादव, थाना मितौली, का0 इन्द्रेश यादव, थाना मितौली मौजूद रहे।



# अवैध गांजा सहित एक युवक गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02 जुलाई 2023 को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 1090 ग्राम अवैध गांजा बरामद करके अभियुक्त मान सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी मो0 गढ़ी रोड काशीराम आवास ब्लॉक न0 4/62 थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान यायालय भेजा गया।

इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में म0उ0नि0 साधना यादव, कोतवाली सदर, हे0का0 अंकुर कसेरा, का0 राहुल सोनकर, का0 राज पांडेय मौजूद रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही, खतरें में लोगों की जान



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला बाजपेई कॉलोनी में सतसंग भवन वाली गली में इस तरह के हाई वोल्टेज तार बिल्कुल नीचे तक लटकते नजर आते है।इस इलाके में आस पास कई छोटे बच्चें रहते है जो शाम को अक्सर गली में खेलते है जिसके चलते यहाँ पर एक बड़े हादसे का खतरा बना रहता है। आखिर कब तक बिजली विभाग की ऐसी लापरवाही चलती रहेगी।ऐसे हादसो का जिम्मेदार कौन?

# प्राइवेट गोताखोरों को सदर विधायक ने लाइफसेविंग किट बांटी

- बाढ़ प्रभावित गांवों के गोताखोर जान जोखिम में डाल बचाते हैं दूसरों की जान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ क्षेत्र में यदि कोई प्रभावित होता है तो गोताखारों की मदद ली जाती है। कई बार लाइफ सेविंग किट के अभाव में गोताखोर कार्य नहीं कर पाते हैं। ऐसे में सरकार द्वारा गोताखोरों को लाइफ सेविंग किट का वितरण किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर गोताखोर इस सामग्री के साथ अपने अनुभव का भी इस्तेमाल करें। यह बात तहसील सभागारी में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने गोताखोरों को सामग्री का वितरण करते हुए कही।



तहसील क्षेत्र के गांव टिकरी मुस्तिकिल, लोहई, दिवारा आदि गांव यमुना किनारे स्थित हैं। जब कभी यमुना में जलस्तर बढ़ता है तो यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आ जाते हैं। बाढ़ आने की स्थिति में जन व धन हानि से बचने के लिए गोताखोरों की मदद ली जाती हैं। इसके अलावा पानी में डूबे किसी व्यक्ति को बचाने अथवा उसको तलाश करने के लिए भी गोताखोरों की मदद ली जाती है। कई बार स्थितियां ऐसी होती हैं कि लाइफ सेविंग किट न होने की वजह से गोताखोरों को परेशानी होती है। गोताखोरों की परेशानी को देखते हुए सरकार की ओर से गोताखोरों का लाइफ सेविंग किट का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सभागार में सदर विधायक ने गोताखोरों को लाइफ सेविंग का वितरण करते हुए कहा कि गोताखोर समय समय पर अपनी जान को जोखिम में डालकर लोगों की मदद करते हैं। इस कार्य में उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पडता है। ऐसे में जोखिम कम से कम हो इसके लिए सरकार लाइफ सेविंग किट का वितरण कर रही है। इस सामान के साथ अपने अनुभव का इस्तेमाल कर गोताखोर जनहित के लिए कार्य करें।

एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से आठ लोगों को लाइफ सेविंग किट में लाइफ जैकेट, पतवार, बॉस, रस्सी, टार्च, मेडिकल किट आदि समग्री का वितरण किया गया है। उनसे अपेक्षा की गई है कि समय आने पर वह जनहित में कार्य करेंगे। इस दौरान ग्राम भदेख निवासी जगराम, सुनील कुमार, रामसिंह, सुरेंद्र, अखिलेश, जगदीश, रामजीवन, राजेंद्र को लाइफ सेविंग किट का वितरण किया गया।

# चाचा पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली सदर क्षेत्र के पिपरिया राजापुर निवासी एक व्यक्ति की जमीन उसके ही चाचा ने फर्जी तरीके से बैनामा करवाकर हड़प ली। इसकी जानकारी पीड़ित को तब हुई जब उसने जमीन का इंतखाब निकलवाया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में शहर से सटे पिपरिया राजापुर निवासी विवेक कुमार ने बताया कि उसके पिता के नाम ग्राम रायपुर कला तहसील मोहम्मदी में एक जमीन दर्ज थी, पिता की मृत्यु के उपरांत उसके नाम जमीन वरासतन दर्ज हो गई थी। जिसके बाद विवेक के चाचा यदुनंदन प्रसाद ने विवेक से वरासत कराने के नाम पर आधार कार्ड और फोटो मांगा, और अलाव पी रोड स्थित आर्यावर्त बैंक में खाता खुलवाने ले गए। आरोप है कि पीड़ित विवेक अपने चाचा पर पूर्ण विश्वास करता था जिस का नाजायज फायदा उठाते हुए यदुनंदन प्रसाद ने विवेक को मोहम्मदी ले जाकर तहसील के कर्मचारी से सांठगांठ करके फर्जी बैनामा अपने नाम लिखवा लिया। अपने साथ हुए धोखे की जानकारी विवेक को तब हुई जब उसने जमीन की खतौनी निकलवाई। इस संबंध में जब उस ने अपने चाचा से पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और 6 जून की शाम को जब वह मजदूरी करने बाहर गया हुआ था, उस दौरान यदुनंदन असलहा लेकर अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और पत्नी के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारा-पीटा। घटना की जानकारी देने जब उनकी पत्नी एलआरपी चौकी देने पहुंची तो उसे वहां से भगा दिया गया। विवेक ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# चोरी के माल सहित तमंचा कारतूस के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जगम्मनपुर चौकी इंचार्ज को सफलता हाथ लगी मुखबिर की सूचना पर सतर्कता दिखाते हुए जगम्मनपुर चौकी इंचार्ज के द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी का माल एवं एक तमंचा कारतूस 315 बोर और रुपये 12200 बरामद किए बता दें कि अभियुक्त ने मंदिर में चोरी की थी और उसके पास से चार अदद कलश और त्रिशूल पीली धातु का एवं तीन लोहा, 10 ग्राम व पांच किलोग्राम एवं 2 ग्राम और उसके पास से ?12200 नगद एक आदत तमंचा व कारतूस 315 बोर बरामद किए।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा एवं क्षेत्र अधिकारी उमेश पांडे और थाना इंचार्ज शशि भूषण सिंह के निर्देश पर चौकी इंचार्ज राजकुमार निगम खरे उतरते दिखाई दे रहे तो वही मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महेंद्र पाल बाल्मिकी पुत्र सुरेश बाल्मिकी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी जगम्मनपुर को सुबह 9 बजे पकड़ लिया बेनीपुर मोड़ से और उससे पूंछतांछ करते हुए उसके पास जामा तलाशी में नगद ?12200 तमंचा कारतूस एवं अन्य चोरी का सामान भी बरामद किया अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 15/2023 धारा 452 323 504 एवं मुकदमा अपराध संख्या 98/23 धारा 380 411 और मुकदमा अपराध संख्या 69/23 धारा 457, 380, 411 एवं मुकदमा अपराध संख्या 100/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार करते हुए क्षेत्र अधिकारी उमेश पांडे के यहां खुलासा किया खुलासे में क्षेत्र अधिकारी उमेश पांडे ने दी जानकारी और बताया कि रामपुरा पुलिस के द्वारा बगैर देर करते हुए शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया जिसमें चौकी इंचार्ज राजकुमार निगम उपनिरीक्षक महादेव सिंह कॉन्स्टेबल अभिषेक कुमार कांस्टेबल भूपेंद्र पाल कॉन्स्टेबल विपिन कुमार कांस्टेबल आनंद कुमार एवं प्रदीप कुमार के द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा चालक, परिचालक की मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर एक बार फ़िर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार ट्रक खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और हादसे में चालक व परिचालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि उनके शव केबिन में फंस गए। हादसे की जानकारी मिलते ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की पिकेट टीम मौके पर पहुंची, जिन्होंने पुलिस को अवगत कराया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने जेसीबी की मदद से केबिन में फंसे चालक परिचालक को कड़ी मशक्कत करने के बाद बाहर निकाला और शिनाख्त करने के बाद परिजनों को अवगत कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक सड़क हादसा कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ततारपुर से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के 223 किलोमीटर पॉइंट के पास हुआ। जहां एक ट्रक चित्रकूट से डस्ट लादकर रविवार सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से औरैया की तरफ जा रहा था। जैसे ही ट्रक कुठौंद थाना क्षेत्र गांव ततारपुर के पास 223 किलो मीटर पॉइंट से गुजर रहा था तभी डस्ट भरे ट्रक ने एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है



- डस्ट भरे ट्रक ने एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में पीछे से मारी टक्कर
- जेसीबी से केबिन काट फंसे चालक परिचालक के शवों को निकाला बाहर
- पीछे से टक्कर मारने वाला ट्रक मौके से भाग निकला

कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक की केबिन के परखच्चे उड़ गए और उसमें ट्रक चालक शेखन हुसैन (28) व परिचालक मान सिंह (25) निवासीगण ग्राम जातपारा थाना पिहानी जनपद ट्रक की केबिन में फंसकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि जिस खड़े ट्रक में पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी थी, वह टक्कर होने के बाद इसका फायदा उठाकर घटनास्थल से भाग गया। बाद में इस हादसे की जानकारी बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की पिकेट टीम को वहां से निकलने वाले राहगीरों ने दी। जानकारी मिलते ही पिकेट टीम मौके पर पहुंची। जहां ट्रक की केबिन में फंसे चालक, परिचालक को देख कुठौंद थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार दुबे जालौन सर्किल के क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी की मदद से केबिन को काटकर उसमें फंसे चालक परिचालक के शव को बाहर निकाला। जहां शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उरई मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस हादसे के बारे में जालौन सर्किल के क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार गौतम ने बताया कि यह हादसा औरैया जाने वाले पॉइंट 223 किलोमीटर के पास हुआ।

# सूरत से गोण्डा आया था आतंकवादी सद्दाम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

यू पी एस टी एस ने दो आतंक वादी को गिरफ्तार कर के जेल भेजा है, जिस में एक आतंक वादी सद्दाम शेख गोण्डा का रहने वाला है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पठान पुरवा निकट रेशम फार्म करन पुर निवासी सद्दाम शेख पुत्र मुंसी मिया को सन 2009 में राकेश भुजवा पुत्र मोती भुजवा ने सूरत में साथ मे काम करने के दौराम दोस्ती हो गई थी। उस को गोण्डा जिला अपने गांव लेकर चला आया। धीरे धीरे वह पठान पुरवा गांव में जाकर नमाज पढ़ने लगा था। मुस्लिम समुदाय में उस ने अपनी पकड़ बना लिया। बाद में वह एक कल्लन प्रधान नामक व्यक्ति के सम्पर्क में आया और गहरा सम्बंध बना लिया। कल्लन ने पठान पुरवा निवासी मोहर्रम अली की पुत्री रुबीना से शादी करा दिया। बाद में उसने यही पर जमीन खरीद कर मकान बनवा लिया। यही रहने लगा। अपना बंगलौर चला गया और वही पर चालक का काम करता था। घर वालो को बताता था कि वह बंगलौर में गाड़ी चलाता है। वही से घर वालो को पैसा भेजता था। आतंक वादी सद्दाम शेख के तीन बच्चे है। दो लड़कियां और एक लड़का है। तीनो बच्चे गाँव के एक मदरसे में पढ़ रहे है। शनिवार को एस टी एफ पुलिस गोण्डा आई और कोतवाली देहात की पुलिस को साथ मे लेकर सद्दाम के घर पूछ ताछ करने गई थी। सद्दाम की गिरफ्तारी के बाद जिले में हड़कंप मच गया। सद्दाम की पत्नी रुबीना ने बताया कि उस के पति ने उस को बताया कि वह गाड़ी चलता है। इस के आगे उस को कोई जानकारी नही है।

# सूपा प्रधान ने मनरेगा में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर से कराया काम

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत सूपा निवासी जितेंद्र कुमार ने एक शिकायतीपत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को देते हुए बताया कि साहब गांव के प्रधान दबंग किस्म के हैं। मनरेगा योजना का काम जेसीबी और ट्रैक्टर द्वारा करवाया जा रहा है। वहीं 400 जाब कार्ड चलवाए जा रहे हैं। मनरेगा मजदूरों को कुछ कुछ रुपए दिए जा रहे हैं। धनराशि प्रधान के द्वारा हडपाई जा रही है। कागजों में सम्पूर्ण काम हो रहा है। गांव में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं।इनके कामों की जांच की जाए कहते हैं कि मुझे रूपये अधिकारियों को देना पड़ता है। इनके कार्यकाल के ढाई बर्षो के कामों की जांच करवाई जाए।

# पड़ोसियों के आवास से बरसाती पानी की शिकायत पर झगड़े पर उतरे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

पड़ोसियों के यहां से बारिश का पानी घर में आ रहा है। मना करने पर पड़ोसी गाली, गलौज करते हुए झगड़े पर आमादा हैं। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिधौसा निवासी शिक्षक सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि गांव में उनका पुश्तैनी मकान बना हुआ है। उनके मकान के आसपास जो लोग रहते हैं वह बारिश में अपने पानी की निकासी उसके मकान की ओर किए हुए हैं। बारिश के चलते पूरा पानी उनके मकान में आता है। जिससे मकान में जलभराव हो रहा है। जलभराव के चलते पूरे मकान में सीलन आ गई है। मकान को पहुंच रही क्षति के चलते जब उसने इसकी शिकायत की और पानी की निकासी उसके यहां करने मना करने के लिए कहा तो वह गाली, गलौज करते हुए झगड़ा फसाद पर आमादा हो गए। पीड़ित का आरोप है कि इस संदर्भ में वह कई बार कोतवाली में तहरीर दे चुका है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व में एक बार समझौता भी हुआ था जिसमें पड़ोसियों ने नाली का निर्माण कराने की बात कही थी। लेकिन अब तक नाली का भी निर्माण नहीं कराया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गुमनामी में रही वीरांगना ऊदा देवी को दाऊ जी गुप्ता ने दिलाई पहचान

# जातीय विषमता का दंश महापुरुषों ने भी झेला : उपेन्द्र सिंह रावत

## छत्रपति शाहू जी महाराज एवं वीरांगना ऊदा देवी की मनाई गई जयंती, 200 फलदार पौधे वितरित, रोपित करने का लिया संकल्प

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

जातीय विषमता के दंश ने राष्ट्र को काफी पीछे किया है, जातिवाद के कारण ही कई ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें समाज मे जो सम्मान मिलना चाहिए वह नही मिला। यह उदगार सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति द्वारा सतरिख नाके पर डॉ अंबेडकर पार्क में आयोजित वीरांगना ऊदा देवी एवं छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती कार्यक्रम में व्यक्त किये।

सांसद ने कहा कि 1857 के स्वाधीनता संग्राम में 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारने वाली वीरांगना ऊदा देवी को भारत के इतिहास में अज्ञात वीरांगना लिखा गया, सिकन्दर बाग में ऊदा देवी की प्रतिमा लगाई गई तो उस प्रतिमा पर भी अज्ञात वीरांगना लिखा गया। लखनऊ के मेयर दाऊ जी गुप्त ने



इंग्लैंड की लाइब्रेरी में लखनऊ के इतिहास को पढ़ा तो उसमें पाया कि वीरांगना ऊदा देवी ने लखनऊ के सिकन्दर बाग में एक पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेजों को मारा था। उन्होंने वीरांगना ऊदा देवी को लखनऊ में अज्ञात से ज्ञात कराया। ऐसे तमाम बलिदानी लोग हैं जिन्हें जातिवादी सोंच के कारण वे गुमनामी में हैं। सांसद ने डॉ अंबेडकर को पढ़ाने, उन्हें समाज का उद्धारक के रूप में पहचान कर लेने वाले छत्रपति शाहू जी महाराज के योगदान का भी उल्लेख किया और डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा व वीरांगना ऊदा देवी और छत्रपति शाहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर योगाचार्य डॉ0 शशि कुमार अवस्थी द्वारा योगाभ्यास भी कराया गया और सभी को फलदार पौधे वितरित कर दोनो विभूतियों के नाम पौध रोपित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कहा कि महापुरुष किसी न किसी जाति में पैदा होता है वह उसके बस में नही है, लेकिन वह समाज को दिशा देने वाले कार्य कर महापुरुष बनता है तो उसकी कोई जाति नही रह जाती है, इसलिए कहा जाता है कि महापुरुष को किसी जाति में नहीं बांधा जा सकता है। इस अवसर पर अधिवक्ता एवं साहित्यकार इकबाल राही, भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल भारती, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, समिति के महासचिव राम औतार, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, राजेन्द्र कन्नौजिया, कोषाध्यक्ष जे एल भास्कर, सचिव मंशाराम कन्नौजिया, दिनेश चंद्र रावत, अधिवक्ता राजकुमार वर्मा, शिक्षक नेता आसुतोष वर्मा, पूर्व सभासद रमेश चौधरी, राम प्रगट कनौजिया, कमलेश कुमार, अधिवक्ता केके गौतम, आरपी गौतम, प्रधान विनोद कुमार गौतम, राम दयाल, शिक्षक बलराम राजवंशी, रामपाल, अमित कुमार,आनन्द चौधरी आदि लोगों ने तीनो विभूतियों को पुष्पार्पण कर अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी रामदयाल एवं तिलकचंद चौधरी को जन्मदिन की बधाई दी गई।

# जिस रेंज में कटे जंगल से अवैध पेड़ उस रेंज अफसर के खिलाफ करें कार्रवाई

दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

हाथीनाला डाइवर्सिटी पार्क दौरे पर आयी प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता दुबे ने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि वे पौधरोपण को लेकर चल रही तैयारियों की जमींनी वास्तविकता से रूबरू होने के लिए रेनुकूट वन प्रभाग का दौरा किया है ,उन्होंने कहा कि यहां की प्रकृति धरोहर है इसे यहां के लोग इसे संभाल के रखे ,यहां जंगलों में कचरा व प्लस्टिक व बोतलों को फेंककर गंदगी ना फैलाएं ,इसके बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए क्षेत्र का हाल पूछा7 पत्रकारों ने बताया कि यहां स्थानीय वनकर्मियों के मिलीभगत से वन भूमि से नदियों का खनन जोरों पर है साथ ही काश्तकारी परमिट के आड़ में जंगलों से खैर ,सागौन ,शीशम के साथ बेशकीमती लकड़ियां काटी जा रही है जिस पर निरंतर खबरों के प्रकाशन होने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई अमल में नही लायी जाती,जिससे जंगलों से अवैध कटान और खनन रुक नहीं पा रहे है , जिसको गंभीरता से लेते हुए श्री दुबे ने डीएफओ स्वतंत्र श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि जिसके रेंज में जंगलों से पेड़ कटे तो वहां के रेंज अफसर के खिलाफ नोटिस जारी कर उनका पक्ष लेकर अपने स्तर जांच कर सम्बंधित रेंज अफसर की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई करें और कार्रवाई रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित करें7वहीं



- अवैध खनन में लिप्त वाहनों को जुर्माने पर ना छोड़कर करे राज्यसात
- जंगलों का हाल जान सख्त हुई पीसीसीएफ ने अधीनस्थों को दिए निर्देश

अवैध खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ कर जुर्माने की कार्रवाई ना कर वाहन को राजकीय संपत्ति घोषित करें ,तभी अवैध खनन व जंगलों की कटान पर अंकुश लग सकता है 7पत्रकारों के सवालों के दरमियान पीसीसीएफ को अपना पक्ष बताते हुए मुख्य वन संरक्षक आरसी झा ने कहा कि अभी फिलहाल में खैर सहित तीन प्रजातियों के परमिट पर मैंने बैन लगाया है ,साथ ही कहा कि कास्त में खड़े खैर के पेड़ो की कटान व लोडिंग अब एसडीओ की निगरानी में करवाई जाएगी।

# मोबाईल चोर का पुलिस ने किया चालान

दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

नगर पंचायत दुद्धी से सटे ग्राम पंचायत मल्देवा प्रधान प्रतिनिधि निरंजन कुमार जायसवाल के घर से चोर नें मोबाइल चोरी कर संकट मोचन मंदिर तिराहा स्थित अखिलेश सोनी बर्तन दुकान दुद्धी पर चोर मोबाइल बेचने गया। चोर द्वारा दुकानदार से मोबाइल के बदले रुपए की मांग की गई और कहा गया कि मोबाइल मेरा है गाड़ी में तेल खत्म हो गया है रुपए हमें दें। दुकानदार की माने तो दुकानदार नें मोबाइल का लॉक खोलने को कहा चोर द्वारा मोबाइल



का लॉक खोला गया तो फोटो गैलरी में प्रधान प्रतिनिधि निरंजन कुमार के परिजनों एवं इष्ट मित्रों का फोटो देख हैरान हुए द्य इतने में पुलिस को बुलाने की बात कह हीं रहे थे कि चोर दुकान से मोबाईल छोड़ रफूचक्कर हो गया द्य पूरा वाक्य दुकानदार के सीसी कैमरे से घटना की पुष्टि हुई द्य इस प्रकार बर्तन दुकानदार अखिलेश सोनी के जागरूकता के कारण मोबाइल प्रधान प्रतिनिधि को मिली द्य आप भी जागरूक रहें औरों को भी सावधान रखें द्य अंततः फरार चोर को प्रधान प्रतिनिधि व सहयोगियों द्वारा पी सी ओं से चोर को पकड़कर कोतवाली दुद्धी को सुपुर्द किया गया द्य कस्बा इंचार्ज संजय सिंह ने बताया कि आरोपी सुरेश पुत्र कृष्ण कुमार निवासी रेणुकूट का चालान कर दिया गया है।

# आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दी

बांदा, समृद्धि न्यूज़

बेटी की बरीछा के लिए रुपए न जुटा पाने और आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने शनिवार की शाम कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंचे छोटे भाई ने फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी राकेश (45) पुत्र चुनबाद यादव ने शनिवार की शाम कमरे के अंदर रोशनदान के सहारे साड़ी से फांसी लगा ली। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंची मां शिवकलिया ने दरवाजे की कुण्डी खटखटाई, लेकिन वह बाहर नहीं निकला। शिवकलिया ने घटना की जानकारी अपने छोटे बेटे शिवमंगल को दी। मौके पर पहुंचे बेटे ने रोशनदान से झांककर देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। दरवाजा खोलकर परिजन कमरे के अंदर पहुंचे। फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। मृतक की पत्नी गीता ने बताया कि राकेश सूरत में रहकर मजदूरी करता था।

# बिहार बक्सर के सांसद एवं मंत्री अश्वनी चौबे का चोपन मंडल में हुआ जोरदार स्वागत

चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

रविवार को भाजपा चोपन मंडल कार्यालय पर बिहार बक्सर के सांसद एवं भारत सरकार में खाद्य उपभोक्ता वन पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे जी का जोरदार स्वागत भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष चोपन सुनील सिंह के नेतृत्व में मंडल कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने किया । केंद्रीय मंत्री का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर अपना परिचय दिया । कार्यक्रम में पूज्य महंत नागेश्वरी आश्रम कृष्णानंद गिरी जी महाराज, जिला कार्यसमिति सदस्य डॉ सत्येंद्र, सत्यप्रकाश तिवारी, राजेश अग्रहरि ,शिवजी सिंह, घनश्याम चौधरी , मनोज चौबे,



लवकुश भारती, अशोक सिंघल,मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जयसवाल ,विकास चौबे , कामेश्वर विश्वकर्मा ,विकास सिंह छोटकु ,अशोक सिंघल,प्रदीप गिरी,चंद्रकांत सिंह ,अरविंद जायसवाल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : गौरव रावत

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

बढ़ती महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जब से भाजपा सत्ता में आई है महगाई आसमान छू रही है। आम जनता महगाई से परेशान है।

उक्त विचार आज विधानसभा जैदपुर के अन्तर्गत ग्राम बरगदहा में इण्टरलाकिंग रोड के उद्घाटन समारोह में विधायक जैदपुर गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किये।

श्री गौरव रावत ने आगे कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चो पर फेल हो चुकी है। झूठे वादे कर पूर्ण बहुमत की सरकार में आई भाजपा न महंगाई रोक पाई न बेरोजगारी कम कर पायी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का देश से सफाया तय है।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान संघ प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष यादव, प्रधान संघ जिला अध्यक्ष सुनील यादव,



जिला महामंत्री राम प्रकट यादव, प्रधान अशोक कुमार यादव, प्रधान संघ देवा ब्लाक अध्यक्ष राम नाथ यादव, प्रतिनिधि मोहम्मद रिजवान संयज, सूरजपाल रावत, कैलाश यादव पूर्व प्रधान, सत्यनाम यादव, सेवकराम यादव, विनोद यादव समेत आदि लोग उपस्थित रहें।

# एलपीजी पंचायत का हुआ आयोजन उपभोक्ताओं को बताए सुरक्षा के उपाय

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

एचपी गैस नारायण गैस सर्विस ने देवा रोड पर एलपीजी पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में सभी लोगों को गैस सुरक्षा के बारे में और नए कनेक्शन तथा डीबीसी आसानी से तत्काल उपलब्ध हैं के बारे में भी जानकारी दी गई। एजेंसी के स्वामी पूर्व विधायक शिवकरण सिंह न लोगों को यह भी बताया गया कि 5 वर्ष में एक बार अपने कनेक्शन की मैंडेटरी जांच अवश्य करा लें और सुरक्षा रबड़ को 5 वर्ष पूरे होने पर तुरंत बदलने इससे परिवार सुरक्षित रहेगा और कभी भी लीकेज सिलेंडर का प्रयोग ना करें



लीकेज सिलेंडर को तत्काल बदलें और गेस्ट लेते समय गैस को वजन करके तथा लीकेज चेक करके कैश मेमो में अंकित सही मूल्य का ही भुगतान करें और कोई भी असुविधा होने पर एजेंसी से संपर्क करें 8115577500 या आपातकालीन नंबर 1906 जो किताबों पर लिखे हुए हैं, उनका प्रयोग करें नया कनेक्शन भी इस समय छूट के साथ उपलब्ध है यह सारी जानकारी नारायण गैस सर्विस के प्रोपराइटर शिव करण सिंह द्वारा आने वाले सभी उपभोक्ताओं को दी गई।

# पत्रकार के साथ ही एक बेहतरीन इंसान थे खुर्शीद किदवई : अम्मार

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

खुर्शीद कामिल किदवई एक बेहतरीन इंसान ही नहीं बल्कि बेबाक पत्रकार भी थे। अख़बारों में उनकी बेबाक लेखनी और टिप्पणी खुलकर बोलती थी। लोग उनकी बेबाकी की वजह से पसंद करते थे। जो उन्हें मेहनती, लगनशील और एक अच्छा सहाफी बनाती है। यह बात उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़्वी ने गांधी भवन में खुर्शीद कामिल किदवई की 80वीं जयन्ती पर आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा द्वारा आयोजित खुर्शीद कामिल किदवई अवार्ड समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अम्मार रिज़्वी, वरिष्ठ समाजसेवी अमीर हैदर, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व विधायक सरवर अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। तदोपरान्त स्व. किदवई के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हशमत उल्लाह और वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव को प्रथम खुर्शीद कामिल किदवई अर्वाड से सम्मानित



किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अमीर हैदर ने कहा कि खुर्शीद कामिल किदवई ने चालीस वर्ष की सहाफ़त में जनसरोकार और मुद्दा आधारित पत्रकारिता की। संयोजक राजनाथ शर्मा ने बताया कि खुर्शीद कामिल किदवई ने गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। वह ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य थे और ट्रस्ट की गतिविधियों में हिस्सा लेते थे। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है। खुर्शीद किदवई ने बाराबंकी का नाम देश दुनिया में रोशन किया। वरिष्ठ पत्रकार हिसाम सिद्दीकी, जीलानी खान अलीग ने कामिल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अमान अब्बास, यूपी प्रेस क्लब के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार हसीब सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार अजीज़ हैदर, पत्रकार तारिक किदवई ने अपने संस्मरण और विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन मो उमैर किदवई ने किया।

# आधी अधूरी तैयारियों के बीच शुरू होगा महादेवा का सावनी मेला

रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्व शिवधाम में लगने वाले सावनी महोत्सव के मद्देनजर प्रशासनिक देख रेख मे शुरु की गई तैयारिया अभी तक आधी अधूरी है।गुरु पूर्णिमा और सोमवार आज पड जाने के साथ ही मेला शुरु हो जायेगा।सावन माह का शुभारम्भ मंगलवार से है।इस बार मलमास का माह मध्य माह मे आ जाने के चलते इस बार सावनी महोत्सव का दौर करीब दो माह तक अनवरत रुप से चलता रहेगा।मालूम हो कि उत्तर भारत के प्रशिद्व इस शिव धाम मे प्रत्येक वर्ष सावन माह मे लाखों शिव भक्तो का आवागमन होता है।प्रत्येक सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है।जिसके चलते प्रशासनिक देखरेख में साफ सफाई बैराकेटिंग प्रकाश की व्यवस्था तथा अभरन एंव बोहनिया सरोवर की साफ-सफाई करवाई जा रही है।साफ सफाई व्यवस्था में विकास खंड सूरतगंज और रामनगर के लगभग 125 सफाई कर्मचारी लगाये गये हैं।जिनके द्वारा साफ सफाई के कार्य को अंजाम तक पहुचाया जा रहा है।वहीं कुछ जगहों पर जल जमाव कीचड़ की स्थिति शिवभक्तो के लिये पीडा दायक बनी हुई है जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को दुश्वारियां का सामना करना पड़ सकता है।अभरन एंव बोहनिया तालाब के चारों तरफ प्रकाश की व्यवस्था की जा चुकी है परंतु अभी तक इसमें स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जाल नहीं लगाया गया।

# पतरिहा व हिराचक गांव के बॉर्डर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला एक महिला का शव

**दुद्धी सोनभद्र।** विंढ़मगंज थाना क्षेत्र के पतरिहा व हिराचक गांव के बॉर्डर पर पीपल के पेड़ के पास 2 जुलाई दिन रविवार की सुबह तकरीबन 5ः00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार लखपतिया देवी 46 पत्नी स्वर्गीय असरफी भुईया निवासी महुआ टोला ग्राम पतरीहा का शव पतरिहा व हिराचक गांव के बॉर्डर पर पीपल के पेड़ के पास संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। और घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मृतका महिला के शरीर पर चोट के कई निशान बताएं जा रहें। जिससे हत्या करके शव को फेंकें जाने की आशंका जताई जा रही हैद्य वही ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी विंढ़मगंज अरविंद गुप्ता अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गए है। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पतरिहा बुंदेल चौबे, अधिवक्ता प्रेमचंद गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

## बिजली बोर्ड में उतरा करंट, युवक की मौत

**बांदा।** बिजली बोर्ड ठीक करते समय करंट लग जाने से युवक चिपक गया। परिजनों ने देखा तो उसे करंट से मुक्त कराया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी कैलाश वर्मा (40) पुत्र जमुवा शनिवार की शाम घर पर ही बिजली का बोर्ड ठीक कर रहा था। तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया। इससे करंट की चपेट में आकर वह चिपक गया। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो आनन-फानन आपूर्ति बंद करके उसे बाहर निकाला। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी करता था। वह अपने पीछे पत्नी मिथलेश के अलावा चार पुत्र छोड़ गया है।

## करंट लगने से चार की हालत बिगड़ी

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी काजल (24) पत्नी अजय रविवार की सुबह छत पर गीले कपड़े फैला रही थी, तभी उसका हाथ अर्थवायर में छू गया। इससे कंट की चपेट में आकर वह झुलस गई। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के हड़हा गांव निवासी शहजाद (35) पुत्र अब्दुल कयूम शनिवार की शाम घर में ही लगे सबमर्सिबल को चालू करने जा रहा था, तभी करंट लग जाने से झुलस गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अरबई गांव निवासी रहनुमा (3) पुत्री मैनुद्दीन शनिवार की शाम घर में खेल रही थी, तभी उसका हाथ नजदीक में रखे टेबिल फेन पर छू गया, जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गई। इसी तरह देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव निवासी राजकुमार (40) पुत्र सजीवन शनिवार की शाम करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ससुराल आए युवक की करंट लगने से मौत

**बांदा।** ससुराल आए युवक को करंट लग गया। घरवालों ने देखा तो उसे करंट से मुक्त कराया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहां डाक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने पोस्टमार्टम कराए जाने की सलाह दी। लेकिन परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को घर ले गए। फतेहपुर जिले के कोरवा गांव निवासी इरशाद खां (27) दो दिन पहले अपनी ससुराल तिंदवारी थाना क्षेत्र के जमुवा गांव आया था। रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह घर की वायरिंग ठीक कर रहा था। इसी बीच एक तार टूटकर उसके पैर में जा गिरा, जिससे करंट की चपेट में आकर इरशाद चिपक गया। घरवालों ने देखा तो आनन-फानन प्लग हटाकर उसे बाहर निकाला। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। वहां इलाज होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को घर ले गए। मृतक के चचिया ससुर मुनीर खां ने बताया कि इरशाद दो दिन पहले यहां ससुराल आया था। घर की वायरिंग ठीक कर रहा था तभी तार टूटकर पैरों पर गिर जाने से उसकी मौत हो गई। उसकी शादी दो वर्ष पहले हुई थी। पत्नी आफरीन गर्भवती है।

## चार लोगों को लाठियों से पीटकर किया जख्मी

**बांदा।** गाली-गलौज का विरोध करने पर एक ही परिवार के चार लोगों पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे सभी लोग लहूलुहान हो गए। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। शहर के मर्दननाका मुहल्ला निवासी सुनील (27) पुत्र महेश्वरीदीन शनिवार की शाम प्रागी मंदिर से भण्डारा खाने के बाद वापस घर लौट रहा था। तभी घर के ही समीप पड़ोसी युवक स्वप्निल ने उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। सुनील ने इसका विरोध किया। आधा दर्जन लोगों ने सुनील पर लाठी से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। भागता हुआ सुनील घर पहुंचा। शोरशराबा सुनकर सुनील का बड़ा भाई रवि (30), उसकी पत्नी मिथला (25), पूनम (30) पत्नी राजकुमार बचाने आई तो उनके ऊपर भी हमला कर दिया, इससे सभी लोग लहूलुहान हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। घटना की तहरीर दे दी गई है। सुनील ने बताया कि फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। आरोपी अभी भी धमकी दे रहे हैं।

## गैंगेस्टर के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांदा।** पैलानी पुलिस ने गश्त के दौरान कालेश्वर तिराहे के पास से गैंगेस्टर आरोपी आनंद निषाद पुत्र रामस्वरूप निषाद निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पैलानी अनिल साहू ने बताया कि आनंद के खिलाफ चिल्ला थाने में गैंगेस्टर की रिपोर्ट दर्ज है। उसकी काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। पुकिलस टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार साहू, कांस्टेबल अंकित यादव शामिल रहे।

## गाज गिरने से सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त

**बांदा।** बारिश के साथ आकाशीय बिजली किसानों के लिए आफत बनकर टूट रही है। किसी की जान जा रही है तो किसानों के कीमती उपकरण फुंक रहे हैं। इसी कड़ी में गिरवां थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी हरीशंकर साहू पुत्र किशोरी लाल साहू के खेत में लगे सोलर चलित ट्यूबवेल में आकाशीय बिजली आ गिरी। चपेट में आकर सोलर पैनल की एक दर्जन प्लेट जल गई। किसान ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दो जोड़े फिर साथ रहने के लिए हुए राजी

**बांदा।** परिवार परामर्श केंद्र में सुलह समझौते के आधार पर दो दंपतियों के बीच मतदभेद और विवाद को समाप्त कराया। इसके साथ ही दोनो दंपति फिर से एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। दोनो दंपतियों को पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के द्वारा सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया। नगर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी गौरा देवी पत्नी बलबीर, होरीलाल पुत्र पंचा निवासी ग्राम तिन्दवारा बनाम उमेश पुत्र राजू निवासी ग्राम नई दुनिया थाना गिरवां ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उनके पति व ससुरालीजन उनके साथ मारपीट गाली-गलौज करते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया।

# कन्नौज मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सांसद ने 250 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए

इटावा। समृद्धि न्यूज



**भर्थना-विधूना-कन्नौज** मार्ग के चौड़ीकरण के साथ साथ चितभवन नहर पुल 3 करोड़ की लागत से नया पुल बनेगा जिससे बाद यहां गुजरने वाले तमाम शहर वासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

चितभवन नहर पुल काफी सकरा होने के चलते आये दिन जाम की समस्या बनी रहती थी जिससे यहां के लोगों को घण्टों जाम में जूझना पड़ता था इसी समस्या पर गौर फरमाते हुए सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार से संवाद स्थापित कर नए पुल को बनवाने की स्वीकृति कराई। सांसद ने कहा कि बसरेहर ब्लॉक को टाउन एरिया और इकदिल को ब्लॉक का दर्जा दिलायेगे इटावा की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने पर खर्च होगे 200 करोड़ रुपए, 200 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है बरसात के बाद बिजली व्यवस्था पर काम शुरू हो जाएगा। सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने एनएच के अधिकारियों, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व पार्टी पदाधिकारियों के साथ नारियल फोड़कर फॉवड़े से जमीन खोदकर,भूमि पूजन व हवन पूजन किया। पुल इस शिलान्यास कार्यक्रम में इटावा सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया के साथ पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य,बपूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सीपू चौधरी, मुकेश यादव, अशोक अंशुल दुबे, मोहित दुबे ब्लॉक प्रमुख, अमित तिवारी मानू, महेश चंद्र कुशवाह, आकाश तिवारी, शिवम राजपूत समेत सैकड़ो बीजेपी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गृहणियां स्वयं के लिए भी समय निकालें: ऋचा राय

**इटावा।** सिविल लाइंस में समारंभा जागो पुतली अभियान के अंतर्गत महिला मंच आयोजित किया गया जिसमें घरेलू महिलाओं को अपनी बात रखने का अवसर मिला। फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। ऋचा राय ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि घर में रहते हुए पत्नी, मां,बहु, सास आदि उत्तर दायित्व निभाते हुए उन्हें मनुष्य के रूप में स्वयं के विषय में भी जागरूक होना आवश्यक है।बच्चों की परवरिश एव घर परिवार के प्रति कर्तव्य निभाने के साथ थोड़ा समय स्वयं के गुणों एव रुचि को भी देना होगा जिससे उन्हें आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होगी। महिला मंच पर जिलाध्यक्ष श्यामला पांडेय, आरती तिवारी, पूनम पांडेय, प्रीती शर्मा, प्रियंबदा, सुमन दुबे, साधना द्विवेदी, सुवासा शाक्य, निशा दुबे, मंजू शर्मा, अर्चना शर्मा,अंशिका दुबे ने मुख्य रूप से विचार प्रकट किए। जागो पुतली अभियान में सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रीति शर्मा को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।महिला मंच का संचालन प्रतिभा रंजन मिश्रा ने किया।

# आईजीआरएस प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश



महोबा। समृद्धि न्यूज

**रविवार** के दिन एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा पुलिस लाइन महोबा में जनपद स्तर पर नामित क्षेत्राधिकारी (अभियोजन) एवं थाना स्तर पर निरीक्षक/ उपनिरीक्षक (अभियोजन) के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।

जिसमें जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गई तथा उनको न्यायालय व थानों से संबंधित समस्त रजिस्टर अपडेट करते हुए न्यायालय में समय से गवाही करवाने व गंभीर एवं विशेष अपराधों में विधिवत पैरवी करने के संबंध में निर्देशित किया गया । इसके साथ ही आईजीआरएस पोर्टल व मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गये की गयी तथा जनपद के सभी थानों को रैंकिंग में सुधार हेतु प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

## खबरें एक नजर में

### उद्योग व्यापार मण्डल महिला प्रकोष्ठ की दीपिका बनी जिला महामंत्री



**इटावा।** प्रतिष्ठित महिला व्यवसायी दीपिका गुप्ता ने शहर के रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल लोकेश अग्रवाल गुट छोड़ कर व्यापारी कल्याण बोर्ड सरकार के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय उधोग व्यापार मण्डल रविकांत गर्ग के व्यापार मण्डल की सदस्यता ग्रहण की। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री की संतुति पर महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन एवं मण्डल अध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता ने सँयुक्त रूप से व्यापारी नेत्री दीपिका गुप्ता को जिला महामंत्री मनोनीत करते हुये मनोनयन पत्र सौप कर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लोकेश अग्रवाल गुट में युवा महिला जिलाध्यक्ष रही दीपिका गुप्ता ने कहा वह महिला व्यापारियों के हितों के लिये कार्य करती रही हैं और आगे भी करेगी, कहा %महिला व्यापारियों का सम्मान रविकांत गर्ग जी के व्यापार मण्डल में ही सुरक्षित है% इसलिये उन्होंने लोकेश अग्रवाल गुट से अपने आप को अलग कर लिया है। कार्यक्रम के दौरान मण्डल उपाध्यक्ष डॉ.सुधीर गुप्ता, शहर अध्यक्ष रजत जैन, जिला कोषाध्यक्ष प्रशान्त दीक्षित, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, सावित्री सिंह, राजेश अग्रवाल, अर्चना गुप्ता, आशुतोष दुबे, राजीव गुप्ता, अलंकार जैन आदि मौजूद रहे।

### सुदामा जैसा निष्काम भक्त ही भगवान को प्रिय हैं: कौशिक महाराज

**इटावा।** एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजेंद्र भाई कौशिक महाराज ने कहा कि जो अज्ञान को दूर करके ज्ञान प्रदान करे वही सच्चा गुरु है। उन्होंने आगे कहा कि गुरु बनाना बहुत ही आवश्यक है बिना गुरु के बृहमा को भी गति नही है। उन्होंने सुदामा के बारे में बताया कि सुदामा जैसा निष्काम भक्त ही भगवान को प्रिय है जो सामर्थ से ज्यादा दान देता है वही उदार है द्य भगवान ने दो मुठ्ठी चावल खाकर दो लोक का राज्य दे दिया तीसरा लोक भी देना चाहते थे लेकिन रूकमणि जी ने हाथ पकड़ लिया द्य परमात्मा ने हमें जो भी दिया है उसमें से दस प्रतिशत दान करना चाहिए द्य दान से धन की बृद्धि, सेवा तन की शुद्धि, और भागवत भजन से मन की शुद्धि होती है द्य तीन जुलाई दिन सोमवार को पूर्ण आहूति एवं भंडारे का आयोजन किया जायेगा द्य इस अवसर पर परीक्षित ओम प्रकाश दीक्षित व श्रीमती गीता दीक्षित, आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती जी, मंत्री मेहर चंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा बॉबी, शरद शुक्ला आदि बड़ी में भक्त गण उपस्थित थे।

### आईएमए सभागार में धूमधाम से मनाया डॉक्टर्स डे

**इटावा।** आईएमए इटावा ने आईएमए के पक्का तालाब स्थित सभागार में डॉक्टर डे धूमधाम से मनाया गया। सचिव डॉ. डीके सिंह ने मंच का संचालन किया। आईएमए के अध्यक्ष तथा मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई के प्रति कुलपति ने डॉ. बीसी रॉय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके उनको नमन किया। आईएमए इटावा के सचिव डॉ. डीके सिंह ने बताया कि भारत में डॉक्टर्स डे की शुरुआत 1991 में 1 जुलाई को भारत सरकार के आदेश पर हुई थी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई डॉक्टर्स डे स्वतंत्रता सेनानी महान चिकित्सक बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न सम्मानित डॉक्टर विधान चंद्र राय के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रोफेसर डा.रमाकांत यादव ने बताया कि डॉक्टर बीसी रॉय एक विलक्षण प्रतिभा के धनी थे, उन्होंने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।आईएमए के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.गुप्ता ने डॉ. बी.सी.रॉय के आदर्शों पर सभी डॉक्टर्स को चलने की सलाह दी। आईएमए यूपी के अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल, डॉ.संजीव यादव ने डॉ. बीसी रॉय के जिंदगी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा सभी चिकित्सकों को डॉ.बी.सी. रॉय के सुझाये हुए रास्ते पर चलने की सलाह दी।।समारोह में डॉ.के.एस.भदोरिया, डॉ.दीप किरण,डॉ.अनिल कुमार, डॉ.मन्यू गुप्ता,डॉ.अर्चना गुप्ता, तथा डॉ.एसएन यादव को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस समारोह में डॉ.श्रीनाथ मेहरोत्रा, डॉ.सी.एस.दुबे, डॉ.मनोहर सिंगल, डॉ.वी.के.गुप्ता, डॉ.आई.के. शर्मा, डॉ.रविंद्र यादव, डॉ.हिमांशु यादव, डॉ.शोभित मेहरोत्रा.डॉ. किरण सक्सेना डॉ.ममता सिंह, डॉ. रजनी रावत व डॉक्टर पूनम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### महिला पुलिस ने बालिकाओं, छात्राओं को जागरूक किया

**इटावा।** मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन के अंतर्गत जनपदवार गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल के क्रम में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया जिसमें महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।

# बच्चों के खेल-खेल में दो पक्षों में हुआ विवाद

महोबा। समृद्धि न्यूज



महोबा में कबरई थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले में बच्चों को खेल-खेल में दो पक्षों में विवाद हो गया । इस दौरान एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने किशोर के घर धावा बोल महिलाओं सहित बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया । पीड़ित की शिकायत के बाद भी स्थानीय थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई ना होने पर मासूम ने परिजनों सहित एसपी से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब हो कि कबरई थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर नगर में रहने वाले गंगा कुशवाहा ने बताया कि कि मेरे दरवाजे के सामने बच्चे खेल रहे थे। तभी राम प्रताप तिवारी सोनू तिवारी के बेटे भी वहां पर खेल रहे थे। इस दौरान राम प्रताप तिवारी के बेटे मेरे घर पर पत्थर मारने लगे जिसे मेरी मां के द्वारा मना रामप्रताप तिवारी का परिवार बौखला गया और अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ घर में धावा बोल मेरी मां और मेरे छोटे भाई पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया है । इस मामले की शिकायत के बावजूद स्थानीय थाना पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिसके चलते हम लोगों ने पुलिस अधीक्षक महोबा कार्यालय पहुंच शिकायत कर आरोपियों खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## हादसे में घायल चालक की मौत

इटावा। समृद्धि न्यूज

मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल ट्रक ड्राइवर की उपचार के दौरान मौत हो गई। विवरण के अनुसार अजय पुत्र बेगम सिंह ग्राम मछरिया थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद का रहने वाला अपनी डीसीएम नंबर यूपी 83 सीटी 8904 को लेकर फिरोजाबाद से नागपुर जा रहा था ग्राम कुरसेना में अपने परिचित के यहां डीसीएम को खड़ा करके नेशनल हाईवे पार करके पैदल खाना खाने के लिए ढावा पर जा रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल नंबर यूपी 75 एजे 5660 के चालक ने डीसीएम ड्राइवर को टक्कर मार दी जिससे उक्त ड्राइवर अजय गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने108 एंबुलेंस से घायल हुए ड्राइवर को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# आचार्य कौशिक महाराज को किया गया सम्मानित

इटावा। समृद्धि न्यूज



**एकाक्षरानन्द** आश्रम बिरारी में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह में परशुराम सेवा समिति ने कथा व्यास सहित एक दर्जन लोगों को सम्मानित किया। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट, प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, संरक्षक हरि प्रकाश चौधरी, सदस्य शरद शुक्ला, जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गीतिका तिवारी आदि पदाधिकारियों ने आचार्य ब्रजेंद्र कौशिक महाराज, आश्रम समिति के मंत्री मेहर चंद्र चौधरी, आचार्य पवन महाराज जी, पूरन लाल, अमित शर्मा, श्याम दीवाना, गौरव शर्मा, संजय शर्मा, झांकी वाले भारद्वाज जी, परीक्षित ओमप्रकाश दीक्षित, गीता दीक्षित आदि का स्मृति चिन्ह देकर व पगड़ी, माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।। इस मौके पर आचार्य जी ने कहा कि परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह सराहनीय कार्य है। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने समिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम सेवा समिति द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान, मेधावी सम्मान, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं सहित कई सामाजिक व धार्मिक आयोजन आदि कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते हैं।

# ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी एवं चेयरमैन कुलपहाड़ की उपस्थिति में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज

**विकास** खंड पनवाड़ी के पनारा गाँव में वन विभाग द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले वृक्षारोपण अभियान में वन रेंज पनवाड़ी द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, कुलपहाड़ चेयरमैन वैभव अरजरिया, तथा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी ने सहभागिता की वन विभाग द्वारा पनवाड़ी विकास खंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में 6647 पौधे लगाने का लक्ष्य है एवं ब्लॉक में 4लाख 20 हजार 1 सौ पौधे रोपण का लक्ष्य है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने बच्चों, मातृशक्ति, बुजुर्गो एवं सम्भ्रांत जनों को सम्बोधित कर सभी को पौधे भेंट किए। कार्यक्रम में रेंजर पनवाड़ी विनोद, डिप्टी रेंजर, दादरी प्रधान प्रेम सिंह, ज़िला उपाध्यक्ष हरनारायण यादव, ओमप्रकाश राजपूत सहित वन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने योगी बत्ती गुल विरोध अभियान के साथ निकाला जुलूस

इटावा। समृद्धि न्यूज




**प्रदेश** में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा विद्युत कटौती और महंगी बिजली के खिलाफ धर्मनगर में योगी बत्ती गुल विरोध अभियान के साथ लालटेन जलूस निकाला गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज देशप्रेमी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे महंगी बिजली है फिर भी उपलब्ध नही हो पा रही है। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश की जनता को मुफ्त और 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था। इस भीषण गर्मी में आम जनमानस का बुरा हाल बना हुआ है बिजली की अघोषित कटौती से जनता परेशान है। आम आदमी पार्टी बिजली कटौती को लेकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर आपसे निर्बाध रूप से बिजली प्रदान करने एवं सस्ती बिजली उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रदर्श?न कर रही है। आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में लालटेन लेकर जुलुस निकाला गया। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी मृदुल ने बताया कि आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा इस भीषण गर्मी में आम जनमानस परेशान है।

चुनाव के दौरान सरकार द्वारा बिजली सहित अन्य बादे किये गये थे लेकिन सायद सरकार अपने सभी बादे भूल गयी है। इस भीषण गर्मी में बिजली ही लोगों के लिऐ सहारा है। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन में जिला महासचिव कृपाराम राजपूत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनरेश सिंह जिला उपाध्यक्ष राकेश बाबू , अश्वनी राठौर प्रवीण कुमार तिवारी, अंशु राजपूत, बाबूराम, बसंत संखवार, मोहम्मद कैफ, माला श्रीमती माला राजपूत, सोनी राजपूत, आदि नेता उपस्थित रहे।

# ढोल नगाड़ो के साथ अमरनाथ रवाना हुआ अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल का जत्था

इटावा। समृद्धि न्यूज



**मोहल्ला** पुल कहारान रेलवे कालौनी वराही टोला घटिया अजमत अली सराय शेख करनपुरा लखना एवं भरथना आदि से अमरनाथ यात्रा के लिए ढोल नगाड़ो के साथ रवाना हुआ 101 सदस्यीय अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल का पहला जत्था सूबेदार गंज उधमपुर शिव भक्तो का फूल मालाओं से जगह जगह स्वागत हुआ। जत्थे में शामिल युवाओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि कश्मीर की वादी में भोले शंकर की शादी में आदि नारों से शहर शिवमय हो गया।

अमरनाथ यात्रियों का स्वागत करने आए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष सन्तोष चैहान ने कहा कि अमरनाथ यात्रा हिंदू मुस्लिम एकता के साथ साथ साथ भारत की गंगा जमुना सभ्यता का प्रतीक भी है। जत्थे का नेतृत्व कर रहे अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने कहा कि जीवन में एक बार अमरनाथ यात्रा अवश्य करनी चाहिए। जहां संस्कृति और प्रकृति दोनो का नजारा एक साथ देखने को मिलता है। वहीं शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भव भव के कष्टों का निवारण स्वतः हो जाता है। जत्थे में प्रमुख रूप से सेवा मंडल के अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, जय सिंह चैहान, दिनेश कुमार यादव,रवि पोरवाल,अमित सक्सेना,सुनीत चैहान, रवि कश्यप ,कृष्णा कश्यप, राकेश सक्सेना ,श्याम सिंह कुशवाह,राघव यादव, मधुर कुमार यादव उर्फ लाला, देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना ,अजीत ,सोनू दीक्षित, रिंकू यादव ,अविनाश पाल, विमल कुमार, अनुज कुमार यादव ,अंकित पांडे, हाकिम सिंह, शिवदत्त ,राम सजीवन, अनिल कुमार ,सृष्टि चौहान, सोमू चौहान, मनोज कुमार गुप्ता, नीरज कुमार, शिवम ,दीपक ,करन, विमल कुमार ,अनिरुद्ध यादव ,विपिन ,आरती पोरवाल, सारिका सक्सेना सहित 101 श्रद्धालु शामिल रहे।

जिन्हें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, संयुक्त मंत्री शिव कुमार सिंह चैहान, जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर, हरि गोपाल शुक्ला, महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई, महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, नगर उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, नगर महामंत्री रमेश यादव, विवेक गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, नगर मंत्री अजय यादव आदि ने फूल मालाओं से लाद कर रवाना किया।

# डेयरी प्लांट का दूषित पानी छोड़ने पर लोगों ने सड़क जाम कर जताया विरोध



महोबा। समृद्धि न्यूज

**महोबा** शहर के बीचोंबीच संचालित डेयरी प्लांट दूषित अपशिष्ट कचरे को शहर की पेयजल सप्लाई करने वाले तालाब में छोड़ने के चलते स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश पनप रहा है। जिसके विरोध में महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर डेयरी प्लांट का विरोध किया। दरअसल यह पूरा मामला शहर की छोटी चंद्रिका देवी मंदिर के पास का है। जहाँ स्थापित किये गए डेयरी प्लांट के खिलाफ लोगों का विरोध मुखर होने लगा है। शहर के बीचोंबीच लगाए गए डेयरी प्लांट से निकलने वाले दूषित पानी को ऐतिहासिक मदन सागर तालाब में छोड़ा जा रहाहै। आपको बता दें कि मदन सागर तालाब से शहर की पेयजल सप्लाई की जाती है। ऐसे में डेयरी संचालक द्वारा दूषित पानी कचड़े को तालाब में छोड़ने से बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो रहा है। डेयरी संचालक द्वारा मनमानी कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसको लेकर स्थानीय लोग आक्रोशित है और डेयरी संचालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे है।

# प्राथमिकता के आधार पर छुट्टा जानवरों को गौशालाओं में संरक्षित करें : डीएम

- जिन विद्यालयों में फर्नीचर, झूले, डाइनिंग सेड आदि के कार्य पूर्ण नहीं हैं उन्हें समय से पूरा किया जाए
- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में रविवार को गौशालाओं के निर्माण कार्य, निपुण भारत, कायाकल्प एवं 49 ग्राम पंचायतों में वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गौशालाओं के निर्माण कार्य किया जाना है, उसे ससमय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में बरसात के समय छुट्टा जानवर सड़कों, बाजारों एवं मुख्य स्थानों पर इकट्ठा हो जाते हैं, इन छुट्टा जानवरों को प्राथमिकता के आधार पर सक्रिय होकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। उन्होंने विकास खंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र में देखें कोई भी जानवर छुट्टा नहीं घूमना चाहिए और जो जानवर छुट्टा पाया जाए उसे पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम के माध्यम से आप लोगों को सूचना दी जा रही है, खुले में गोवंशो की सूचना मिलते ही गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। निराश्रित गोवंश इधर-उधर नहीं घूमना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं में चारे की समस्या नहीं होना चाहिए, पानी का भराव इकट्ठा ना होने पाए और पानी की निकासी प्रत्येक गौशाला में होनी चाहिए। टीन शेड की व्यवस्था होनी चाहिए। कोई भी जानवर कीचड़ में नहीं खड़ा होना चाहिए। साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की करें। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में गोवंशों की संख्या ज्यादा है वह कम संख्या वाले गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। सभी लोग सेवा की भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक समय-समय पर गौशालाओं में जाकर पशुओं की जांच करें और समय से वैक्सीनेशन किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी गौशालाओं में हरे चारे का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाए जिससे जब हरा चारा की उपलब्धता ना हो तब भूसे का प्रयोग किया जा सके। गौशालाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने 19 परिषदीय विद्यालय में विधायक निधि से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में फर्नीचर, झूले, डाइनिंग सेड आदि के कार्य पूर्ण नहीं किए गए हैं उन्हें समय से पूरा किया जाए। विद्यालयों में बाउंड्रीवाल के कार्य जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में दिव्यांग सुलभ शौचालय के कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है उन्हें समय से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को तेजी लाकर पूरा किया जाए। कहा कि तालाबों एवं जलाशयों पर जो फिल्टर चेंबर बनने हैं उन्हें भी समय से बनाया जाए एवं तालाबों का सौंदर्यीकरण कर पौधों को चारों तरफ रोपित कराया जाए। उन्होंने गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों, भूमिगत नाली निर्माण कार्यों, सिल्ट केचर, सामुदायिक संस्थाओं हेतु सोक पिट आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जो कार्य आधे अधूरे पड़े हैं उन्हें समय से पूरा किया जाए और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम — समृद्धि न्यूज

## हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से विद्युत आपूर्ति हुई ठप



फाल्ट को सही करते विद्युत कर्मी — समृद्धि न्यूज

- स्थानीय लोगों में गहराया बिजली और पानी का संकट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

इनकमिंग लाइन पर फाल्ट हो जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिसके कारण स्थानीय लोगों को बिजली व पानी के संकट से जूझना पड़ा। वही नगर के मोहल्ला विजय नगर, आजाद नगर में बीती रात फाल्ट हो जाने के कारण लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

33 हजार एचटी लाइन पर ब्रेकडाउन के कारण पूरे नगर में लगभग 8 घण्टे के लिए विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद विद्युत कर्मियों ने पहुंचकर फाल्ट को सही किया। जिसके बाद नगर की आपूर्ति शुरू हुई। नगर के मोहल्ला विजय नगर काली देवी मंदिर के समीप बंच केबल में आग लग जाने के कारण आजाद नगर और विजय नगर की लाइट पूरी रात गुल रही। जिसके कारण स्थानीय लोगों को सुबह अपने दैनिक कार्यों को करने में दिक्कतें उठानी पड़ी। रविवार की सुबह 11 बजे दोबारा एचटी लाइन पर ब्रेक डाउन हो गया। जिससे भीषण गर्मी और उमस के चलते लोगों को दोपहर बिना बिजली के काटनी पड़ी। वही समाचार लिखे जाने तक 33 हजार लाइन को सही किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर



कथा का वृतान्त सुनाते आचार्य पंडित राजेश शास्त्री व मौजूद श्रद्धालुजन — समृद्धि न्यूज

- ग्राम रितुकाला स्थित मन्दिर में श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आचार्य पंडित राजेश शास्त्री ने श्रृद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम रितुकला स्थित मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के के चतुर्थ दिवस आचार्य पंडित राजेश शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन होकर जमकर झूमे। श्रृद्धालुओं ने एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दीं। एक-दूसरे को खिलौने और मिठाईयां बाटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रदुम कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। कथा पाण्डाल में प्रमुख रुप से श्रृद्धालु संजय सविता, अनिल, पुसे लाल कुशवाहा, सतीश चंद्र, अशोक सविता, नाथू, झब्बू लाल, नीरज वर्मा, सुनील ,दिनेश, मुकुट बिहारी, रामनाथ सविता, प्रेमचंद, विनोद शर्मा आदि श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

### पुराने वाद विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुराने किसी वाद-विवाद को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी संजीव उर्फ संजू गुप्ता ने पुलिस को दिए हुए शिकायती पत्र में बताया है कि शनिवार की शाम करीब 07 बजे नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी गुड्डन, कल्लू, नासिर पुत्रगण आसिफ लालू पुत्र असलम ने मामूली विवाद को लेकर नगर के मुख्य तिराहे पर रोक कर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूजा अर्चना के साथ श्री राम मंदिर में शुरू हुई अखंड रामायण

- श्री राम जानकी मंडपम का शुरू हुआ संचालन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामचंद्र जी महाराज विराजमान मंदिर पनगवा ट्रस्ट गुरसहायगंज के श्री राम जानकी मंडपम में रविवार को सुबह करीब 11 बजे हवन पूजन के साथ श्रीरामचरितमानस अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सहित जनपद के आलाधिकारियों ने भी हवन पूजन किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ एवं नायाब तहसीलदार के साथ-साथ नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। रविवार को नगर के जीटी रोड पर स्थित श्री राम जानकी मंडपम में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला सहित जनपद के उच्च अधिकारियों ने पूजन कर अखंड पाठ का शुभारंभ किया। पूजन व अर्चन राम मंदिर के महंत राकेश चंद्र दुबे, राजन अवस्थी ने करवाया। साथ ही जिलाधिकारी ने बताया कि कल गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राम जानकी मंडपम का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ अशोक कुमार, नायाब तहसीलदार शिखर मिश्रा, आर्किटेक्ट चेतन शर्मा, पालिका कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, पालिका कर्मी जिलेदार सिंह, गौरव मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, अशोक शर्मा, मनोज तिवारी सहित नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।



हवन पूजन करते जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला — समृद्धि न्यूज

## किशोरी ने दर्ज कराया फोटो वायरल करने का मुकदमा

### किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोचिंग पढ़कर अपने घर वापस जा रही किशोरी की गांव के ही कुछ युवकों ने फोटो खींच ली और फोटो को एडिट करके व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल कर बदनाम करने की कोशिश की गई। जिस पर किशोरी ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी किशोरी ने पुलिस को बताया है कि 30 जून 2023 की दोपहर में कोचिंग पढ़ कर वह घर लौट रही थी। तभी गांव के ही संतोष और छोटू ने चोरी से रास्ते मे उसकी फोटो खींच ली और फोटो के साथ छेड़छाड़ कर अपने साथ जोड़ कर उसे व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल कर उसे बदनाम करने की कोशिश की। जिसके बाद पीड़ित किशोरी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिले को मिला 20 लाख वृक्षारोपण किए जाने का लक्ष्य

- विकास विभाग, कृषि विभाग, पर्यावरण विभाग, उद्यान विभाग समेत एक दर्जन से अधिक विभागों को लक्ष्य पूरा किए जाने के दिए गए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयुष्मान कार्ड एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान के सम्बन्ध में आयोजित हुई बैठक में डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं उन्हें यथाशीघ्र बनवाया जाए। कहा कि जनपद में लगभग 20 लाख वृक्षारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे शत प्रतिशत पूरा किया जाना है। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें। लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी।

डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बैठक में कहा कि जितने भी अंत्योदय राशन कार्ड धारक हैं और आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं उनकी ग्राम पंचायत वार सूची उपलब्ध कराएं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में युद्धस्तर से कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति बढाई जाए। समस्त कोटेदार, पंचायत सहायक, आशा, एएनएम एवं जनसेवा केंद्र ऑपरेटर के साथ समन्वय स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत कि जनपद में लगभग 20 लाख वृक्षारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें ग्राम विकास विभाग को 1079777, कृषि विभाग को 215000, पर्यावरण विभाग को 153000, उद्यान विभाग को 133000, पंचायती राज विभाग को 138223, लोक निर्माण विभाग को 16000, नगर विकास विभाग को 23000, उच्च शिक्षा को 21000, बेसिक शिक्षा को 11000, जल शक्ति एवं सिंचाई विभाग को 16000, रेशम विभाग को 22000 सहित अन्य विभागों को जो वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है उसे अभी से अभियान चलाकर शतप्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है अभी वृक्षारोपण किया जाएगा तो अच्छा रहेगा। स्थानीय प्रजातियों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए, इसके अतिरिक्त मृदा/जलवायु एवं अन्य प्रजातियों के लिए जो उपयुक्त हो उन वृक्षों का भी रोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी वीडियो ग्राम पंचायत वार प्लान बनाकर दिनांक का चयन करें और उसी दिन उस ग्राम पंचायत संबंधित पौधशाला से पौधे लेने जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां वृक्षारोपण किया जाए वहां की फोटो ग्राफ्स सहित जिओ टैगिंग भी की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट पवन मीणा, उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद डीएम व विभागीय अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

## दुकान मालिक से अभद्रता कर की मारपीट

### पीड़िता ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** दुकाने खाली ना करके फर्जी कागज दिखाकर किराया व दुकानें हड़पने के मामले में दुकान मालिक ने किराएदार के विरुद्ध उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी कुसुम देवी ने छिबरामऊ उप जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी नगर के रामगंज में चार दुकाने है। दुकानों को एक ही व्यक्ति किराए पर लिए हैं। जब उसने अपनी दुकानों को खाली करने के लिए किराएदार से बोला तो किराएदार उससे गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया एवं दुकाने खाली करने के लिए 5 लाख रुपयों की मांग की। जिसके बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। जिस पर पीड़ित महिला ने उप जिलाधिकारी अशोक कुमार को शिकायती पत्र भेजकर आरोपी किराएदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## भगवान दक्ष प्रजापति की मनाई गई जयंती

- भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन की जिला इकाई के तत्वाधान में ग्राम मलिकापुर में आयोजित हुआ समारोह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भगवान दक्ष प्रजापति की जयंती के अवसर पर भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन की जिला इकाई के तत्वाधान में लल्लन सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में ग्राम मलिकापुर में एक समारोह आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रवक्ता राजकिशोर प्रजापति रहे। वहीं समारोह का संचालन संजीव प्रजापति ने किया।

समारोह का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि राजकिशोर प्रजापति, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू प्रजापति, संरक्षक जिला इकाई डा. मनोज प्रजापति, जिलाध्यक्ष संतराम प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, सन्तोष प्रजापति ने भगवान दक्ष की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सदस्य एवं सेंट्रल यूपी प्रभारी विनोद कुमार प्रजापति ने बच्चो की शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यक्रमो में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने पर जोर दिया। विशिष्ठ अतिथि जीतू प्रजापति ने अपने सम्बोधन में समाज के लोगों को राजनीति में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। समारोह को डा. मनोज कुमार प्रजापति, संतराम प्रजापति नरेंद्र प्रजापति, सतीश चंद प्रजापति, दिलीप प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सौरिख नगर पंचायत से संतोष कुमार प्रजापति का जिला इकाई द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संगठन के संस्थापक सतीश चंद्र प्रजापति एवं जीतू प्रजापति ने मुख्य अतिथि और समारोह की अध्यक्षता कर रहे लल्लन सिंह प्रजापति को भगवान दक्ष की प्रतिमा भेट की। समारोह में सुमित प्रजापति, अमित, रमेश चंद प्रजापति, अनूप प्रजापति, रजनीश प्रजापति, शिवम प्रजापति प्रमोद कुमार प्रजापति, लाल सिंह प्रजापति, डा. राजेश प्रजापति, सुनील, सत्या, प्रत्युष प्रजापति, चंदन प्रजापति, सूरज प्रजापति, छोटे लाल, राम सिंह प्रजापति सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद रहे।



समारोह में मौजूद गणमान्यजन — समृद्धि न्यूज

## छात्राओं को दी गई पॉक्सो एक्ट व पोश एक्ट कानूनी जानकारी



शिविर को सम्बोधित करतीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल — समृद्धि न्यूज

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मायादेवी इण्टर कालेज परिसर में आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे मायादेवी इण्टर कालेज परिसर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्णकालिक सचिव की लवली जायसवाल की अध्यक्षता में पॉक्सो एक्ट व पोश एक्ट के विषय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में मौजूद छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने सुरक्षा के प्रति सजग रहने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गुट टच और बैड टच को समझें। कहा कि नाबालिग लड़कियों की सम्मति विधि की दृष्टि में वैध सम्मति नहीं होती है। ऐसे नाबालिग लड़कियों को उनके माता-पिता अथवा विधि पूर्ण संरक्षक की संरक्षता से हटाए जाने पर जो व्यक्ति ऐसा करता है, वो अपराध का दोषी माना जाएगा। भले ही वह नाबालिग लड़की की कहने पर उसे क्यों न हटाया हो। इसके अतिरिक्त पोश एक्ट 2013 के विधिक प्रावधानों की चर्चा करते हुए सचिव ने बताया कि कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न से पीडित इसके निवारण एवं इसके रोकथाम हेतु उक्त अधिनियम के अंतर्गत स्थानीय आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। यह भी बताया कि प्रत्येक नियोक्ता पर यह दायित्व है कि वह अपनी कार्यस्थल को यौन शोषण रहित बनाए रखें। यदि कोई नियोक्ता पोश अधिनियम के अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करने में अक्षम रहता है, तो उस पर 50 हजार रुपए तक जुर्माना अधिरोपित किया सकता है। शिविर में नायाब तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में व्यापक जानकारी दी। इस मौके पर कालेज की छात्राएं समेत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक बसंत राम तथा प्राविधिक स्वयं सेवक कासिम, प्रियांशू, अनेश व आशीष मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** रेलवे ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर 90 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार की सुबह ग्राम मलिकपुर निवासी नत्थू सिंह कठेरिया उम्र करीब 90 वर्ष रेलवे टैऊक्र पार कर रहे थे, तभी अचानक कानपुर से आनन्द बिहार जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन अचानक आ जाने से वे उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के वाद ट्रेन करीब 20 मिनट तक खड़ी रही। इसके बाद गार्ड की ओर से लिखा-पढ़ी करने के बाद टेऊन यथास्थान के लिये रवाना हो गई। घटना की सूचना गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**सूचना**

मैंने अपनी पॉलिसी संख्या 263662614 दिनांक 28 जून 2005 को कु0 श्रुति पुत्री विकास कुमार गुप्ता के नाम से कराई थी, किंतु अब मेरे सभी प्रमाण पत्र गौरी कौशल पुत्री विकास कौशल के नाम से हैं, अतः किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अंदर एलआईसी ऑफिस में दर्ज कराएं अन्यथा पॉलिसी में गौरी कौशल नाम जोड़ दिया जाएगा।

**गौरी कौशल पुत्री विकास कौशल**
**मोहल्ला शास्त्री नगर**
**जीटी रोड गुरसहायगंज कन्नौज**

# रोक कार्यक्रम के दौरान होटल में लगी आग, कर्मचारी झुलसा

- एडीएम, एसडीएम व तहसीलदार तथा दमकल के सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होटल के हाल में चल रहे रुकाई के कार्यक्रम के दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया। इस दौरान एक कर्मचारी झुलस कर घायल हो गया और कई लोग फंस गये। सूचना पर आनन-फानन में पुलिस पहुंच गयी। आनन-फानन में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और घटना के संबंध में सूचना उच्चाधिकारी को दी। सूचना पर एडीएम, एसडीएम व तहसीलदार तथा सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के बेबर रोड पॉलीटेक्निक कालेज के पास रामा पैलेस के नाम से होटल व रेस्टोरेंट संचालित है। रविवार को होटल के तीसरी मंजिल हाल में नगला पीतम निवासी कुलदीप कुमार के भाई विजय प्रताप की रुकाई का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के बाद भोजन को टेबल पर लगाया गया था, तभी एक सिलेंडर में अचानक आग लग गयी। आग लगते ही मैरेज हाल में भगदड़ मच गयी। इस दौरान मोहल्ला गड़ी कोहना निवासी होटल कर्मी संदीप कुमार पुत्र झब्बू लाल झुलस गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति, एसडीएम संजय सिंह, तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, दमकल के सीओ वीपी त्रिपाठी, कोतवाल फतेहगढ़ सचिन सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गये। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** कादरीगेट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को थाना कादरीगेट पुलिस ने चेकिंग अभियान वारंटी अभियुक्त निखिल श्रीवास्तव पुत्र प्रदीप निवासी बढ़पुर आवास विकास थाना कादरीगेट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## दाल व्यापारी से 25 हजार रुपये की टप्पेबाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वसूली कर घर जा रहे दाल व्यापारी से टप्पेबाजों ने 25 हजार रुपये पार कर दिये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के मोहल्ला कछियाना निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह दाल का व्यापारी हैं। रविवार को वसूली कर ई-रिक्शा से घर जा रहा था। मोहल्ला अम्बेडकर नगर के निकट एक अज्ञात युवक ने उसकी जेब काट कर 25 हजार रुपये पार कर दिये। जानकारी होते ही आरोपी युवक को दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन बारिश की बजह से कीचड़ में फिसल कर गिर गया और युवक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# बाल कल्याण समिति के सदस्यों सहित छह लोगों पर बालिका के अपहरण के प्रयास का आरोप

- बुआ ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बालिका को जबरियन अपहरण का प्रयास करने का बुआ ने आरोप बाल कल्याण समिति के सदस्यों पर लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के लिए पुलिस को तहरीर दी।

थाना कादरीगेट में सुजाता रानी भारद्वाज निवासी चीनीग्राम ने दी तहरीर में दर्शाया कि मेरी दो बड़ी बहने जो सेवानिवृत्त होने के बाद मेरे साथ रहती है। मेरे एक भाई अजेन्द्र भारद्वाज जिनका निधन 10 अप्रैल 2023 को हो गया था। जो न्याय विभाग से सेवानिवृत्त थे। उनकी 9 वर्षीय पुत्री अंजली भारद्वाज जो मेरे साथ चीनीग्राम स्थित घर पर रहती है। उसकी मैं देखरेख व परवरिश करती हूं। इस दौरान कोरोना काल में मेरी भाभी/अंजली की मां का भी निधन हो गया था।

मेरे दूसरे भाई जितेन्द्र नाथ भारद्वाज व उनकी पत्नी के बीच अनबन होने के चलते वह यहां से चली गई और अपने मायके में रहने लगी। उनकी पुत्री नेहा भी उन्हीं के साथ रह रही है। जिसने अर्न्तजातीय विवाह नीरज मिश्रा निवासी डा0 महाजन गली देवी स्ट्रीट मुरादाबाद में किया। दूसरे भाई जितेन्द्र नाथ का भी निधन हो चुका है। नेहा भारद्वाज व उसके पति नीरज मिश्रा की नियत मेरी भतीजी अंजली की सम्पत्ति पर है। क्योंकि मेरी भतीजी अंजली को पेंशन मिलने लगी है। 1 जुलाई को बाल कल्याण समिति ने मेरी भतीजी अंजली को बुलाया। 2 से 5 बजे तक सुनवाई के बाद नेहा भारद्वाज के पति नीरज मिश्रा व बाल कल्याण समिति के सदस्य रमाकान्त शर्मा, अंजू गंगवार, शिवानी मिश्रा ने अपहरण का षड्यंत्र रचकर शाम 7 बजे उपरोक्त सभी लोगों ने यह कहकर कार में बिठाया कि चीनीग्राम स्थित घर पर छोड़ने जायेंगे और मेरे साथ पीछे वाली सीट पर शिवानी भी बैठ गयी। नेहा व उसका पति नीरज मिश्रा व दो अज्ञात व्यक्ति नेहा की गाड़ी में बैठ गये और गाड़ी लोको की ओर मोड़ दी तो मैंने कहा कि इधर कहां जा रहे हो तो कहा कि लालगेट पर नो एंट्री है। इसलिए मसेनी होते हुए चलेंगे। मसेनी पहुंचने पर पांचाल घाट की ओर गाड़ी मोड़ दी तब मुझे सक हुआ कि यह लोग मुझे गुमराह कर रह है। पांचाल घाट चौकी पहुंचने पर मेरी भतीजी को दूसरी गाड़ी में नीरज मिश्रा बैठाने लगे। मैंने विरोध किया चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गये। मेरी सूचना पर मेरे परिवारिक भतीजे व सांसद प्रतिनिधि दिलीप भारद्वाज, शिवांग बाजपेयी के साथ बाइक से पहुंच गये और पूरी घटना की वीडियो बनायी। इस दौरान समिति के सदस्य रमाकांत ने अपने आप को मजिस्ट्रेट बताते हुए दिलीप भारद्वाज व शिवांग बाजपेयी को जेल भेजने की धमकी दी। मामला बढ़ता देख अंजली पुलिस चौकी में घुस गयी। इस दौरान रमाकांत ने दिलीप भारद्वाज को गुण्डा बताकर पुलिस से एक कमरे में बैठा दिया और मोबाइल छीन कर वीडियो डिलिट करवा दिये। सुजाता रानी ने नेहा व उसके पति नीरज मिश्रा, समिति के सदस्यों पर भतीजी के अपहरण का षड्यंत्र रचने व अपहरण का प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

# पहली बरसात में धराशायी हुआ नगर पंचायत द्वारा बनवाया गया नाला



पहली बरसात में धराशायी हुआ नाला

- कई किरायेदार अपनी-अपनी दुकानें छोड़ने को हैं मजबूर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते 6 माह पूर्व लाखों रुपएकी लागत से बनाया गया नाला धराशायी हो गया। नाला टूटने से कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें छोड़ने को मजबूर हैं।

कस्बा नवाबगंज में मोहम्मदाबाद रोड तथा मंझना रोड पर नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए की कीमत से बनाए गए नाले का निर्माण इतना घटिया कराया गया कि नाला पहली ही बरसात में धराशायी हो गया। जिससे कई किरायेदार दुकानें छोड़ने को मजबूर हो गये हैं। मंझना रोड पर एक दुकान में लगभग 3 वर्षो से होटल चलाने वाले फुरकान ने कहा कि पहली बरसात में मंझना रोड पर तालाब के पास वाली दुकान पर नाले का पानी पहली बरसात में इतना भरा कि नाला दुकान के अंदर तक धराशाई हो गया और दुकान को अपनी जद में ले लिया। जिससे होटल मालिक दुकान छोड़कर दूसरी दुकानें तलाशने में जुट गया। ऐसे में है गरीब आदमी अपनी रोजी-रोटी का जरिया बनाकर काम करता है, लेकिन नगर पंचायत द्वारा बनाए गए नाले के टूटने से उसकी रोजी-रोटी खतरे में पड़ गयी। पीड़ित शिकायत करने के लिए इधर उधर भटकता रहा, लेकिन कोई जिम्मेदार उसकी दुकान को देखने तक नहीं आया। उसका कहना है कि अब वह अपनी रोजी रोटी कैसे चलायेगा। ऐसे कई दुकानदार हैं जो नाला टूटने से अपनी दुकानें बंद कर बैठे हैं। वह अब अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए दूसरा ठिकाना ढूंढ रहे हैं।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने कर्मचारियों की उठायीं समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की सीएमओ आफिस के निकट बैठक सम्पन्न हुई। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर संघर्ष की रुपरेखा तय करते हुए माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की इलाज के सुविधा के साथ 20 बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आरपार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष विष्णू भगवान कटियार ने कहा राकेश के इलाज के भुगतान में हो रहीं कठिनाइयों को जोरदारी से उठाया गया। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जुलाई, अगस्त में जन जागरण के अंतर्गत गोष्ठी व सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। 20 सितंबर को मुख्यालय पर धरना, 18 अक्टूबर को लखनऊ में प्रांतीय धरना तथा 3 नवंबर को लखनऊ में धरना दिया जायेगा। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि माध्यमिक विद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने की मांग शासन से की। समस्याओं के निराकरण के लिए संघ हर समय



बैठक के दौरान मौजूद कर्मचारी

तैयार है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभूदयाल ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए वर्तमान में स्थापित की गयीं वर्तमान कार्यकारिणी के लोग आगे आयें। रामानंद बाथम ने दस साल पुराने आधार कार्ड के आवेदन में वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रहीं दिक्कतों को उठाया। इस मौके पर सुरेशचंद्र सक्सेना, राममोहन शुक्ला, रामबाबू राठौर, केशव सिंह यादव, रामस्वरुप, आर.सी. गौतम, डॉ0 जीए राजपूत, शिव कुमार कटियार, सुभाषचंद्र शुक्ला, राजीव बाजपेयी, सियाराम, विनोद कुमार उपाध्याय, नंद किशोर शर्मा, रामऔतार पाठक, प्रभूदयाल मिश्रा, शमीउल्ला सिद्दीकी, नरेश बहादुर प्रतिहार, प्रदीप श्रीवास्तव, अमरनाथ कश्यप, राजेंद्र प्रसाद पाल, सुभाषचंद्र शर्मा, जगदीश शरण दुबे, रामकिशन, गजेंद्र सिंह चौहान, के.एन.चौधरी, कन्हैया लाल, विनोद कटियार, अखिलेश कुमारी पाण्डेय, मोहम्म हबीब, यदुनाथ, सियाराम सागर आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता रामऔतार पाठक ने की। संचालन अफजल हुसैन ने किया।

# खबरें चलते-चलते

## दहेज हत्या का पांच ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज (सं.)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने महिला को फांसी लगाकर हत्या कर दी। मृतका के भाई ने घटना के संबंध में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद बदायूं थाना उसैत क्षेत्र के ग्राम माधुरी नगला रिजोला निवासी हरिओम पुत्र राम गोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने अपनी बहन सुखरानी का विवाह 18 मई 2017 को उमेश पुत्र सेवकराम निवासी मदारपुर थाना कायमगंज के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार बडी धूमधाम से किया था। दहेज में एक बाइक व दो लाख की नगदी व अन्य घरेलू सामान दिया था। उसके बावजूद ससुरालीजन आये दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। पिछली साल एक भैस भी दी थी। उसके बाद भी ससुरालियों ने उसका उत्पीड़न कम नहीं किया। 1 जुलाई को बहन का पति रमेश, ससुर सेवकराम पुत्र निर्भय, विजय सिह पुत्र निर्भय, नीलम पत्नी देवेन्द्र, भीकम सिंह पुत्र विजय सिंह ने बहन को मारपीट कर फांसी के फंदे पर लटका दिया। पीड़ित ने दर्शाया कि उसकी बहन 5 माह की गर्भवती थी। ससुरालीजन मौके से फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## देवर व जेठ-जिठानी ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जोध पोस्ट रजीपुर निवासी रूबी पत्नी राजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 1 जुलाई को समय 12:30 बजे अपने घर पर थी। उसी समय देवर संजीव कुमार पुत्र कालीचरण, जेठ लाल सिंह पुत्र कालीचरण, जिठानी पूजा पत्नी लालसिंह कमरे में घुस आए एवं दहेज का सारा सामान निकाल कर कमरे से बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## महिला व उसकी पुत्री से की अश्लील हरकत

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम महरुपुर रावी निवासी पिकी पत्नी पिंटू ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 1 जुलाई को सुबह 9 बजे घर में घुसकर दीपक पुत्र हरीबाबू, रिशू पुत्र दीपक, कुन्दन पुत्र राकेश, राजीव पुत्र राकेश, बाबा पुत्र हरीबाबू, सोनू पुत्र बाबा, मोहित पुत्र चपीगीराम, भेला पुत्र राकेश एवं 10-12 अज्ञात ने मुझे व मेरी पुत्र के साथ मारपीट कर दी तथा पुत्री के कपड़े फाड़ दिये। मारपीट में दोनों लोगों के काफी चोंट आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## जिलाधिकारी को निरीक्षण में चिकित्सा प्रभारी/नर्स व दो एएनएम मिलीं अनुपस्थित, रोका वेतन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिलाधिकारी संजय कुमार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साहबगंज एवं नौलक्खा का औचक निरीक्षण किया गया।नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साहबगंज में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अंजूला गोस्वामी एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौलक्खा में स्टाफ नर्स अरूणादेवी एवं ए0एन0एम0 नीतू चतुर्वेदी व निधि अनुपस्थित मिली है। डीएम ने अनुपस्थिति दिवस का वेतन के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये।



# संस्कार भारती ने गुरु पूर्णिमा पर कला साधकों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं कला साधक सम्मान समारोह कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के कला साधकों को सम्मानित किया गया।

रविवार को नगर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट स्थित नटराज भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं कला साधक सम्मान समारोह का राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता, सचिव दिलीप कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर भगवान नटराज का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उपाध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने सामूहिक रूप से ध्येय गीत का गान कराया। इसके बाद संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने भगवान नटराज का पूजन किया। स्नेहा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए सभी सदस्यों का चंदन तिलक किया। मानस मर्मज्ञ संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन मिश्रा नब्बू द्वारा हे मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा



कार्यक्रम में सम्मानित होते कला साधक

कीजिए, हूं अधम आधीन अशरण अब शरण में लीजिए, गुरु वंदना की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर ने आषाढ़ी के दिन पढ़ने वाली गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हर पूर्णिमा किसी न किसी विशेष दिन के लिए जानी जाती है। गुरु जीवन में अंधकार को खत्म कर प्रकाश भरने का काम करते हैं। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत रखने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। विभिन्न विधाओं में कला साधना कर रहे कला साधकों का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा परिचय कराया गया। राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर को जोधपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में मनहर सम्मान मिलने पर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद नाट्य विधा में पिछले कई वर्षो से योगदान व कला साधना करने के लिए थानाध्यक्ष मऊदरवाजा अमोद कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। साहित्य क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से लेखन करने के लिए विजय सिंह कुशवाहा राधेश्याम को सम्मानित किया गया। लोक कला को बढ़ावा देने के लिए बसेली से आए राजाराम पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इसी के साथ प्राचीन कला में योगदान व इतिहास की जानकारी के लिए पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव जी को सम्मानित किया गया। व्यवस्था अर्पण शाक्य, अनुभव सारस्वत, प्रवेश वर्मा प्रीतू, अरविंद दीक्षित. दिलीप कश्यप, शशीकांत पाण्डेय आदि ने संभाली। संचालन कवि महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। अध्यक्षता डॉ0 नवनीत गुप्ता ने की। इस मौके पर हेमलता श्रीवास्तव, नेहा सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रताप सिंह, रविंद्र भदौरिया, प्रमोद अग्रवाल, पारुल सैनी, अर्चना द्विवेदी, रजनी लौंगवानी, कोमल शर्मा, साधना श्रीवासत, अनुराग पाण्डेय, सुनीता सक्सेना, दीपक रंजन सक्सेना, अखिलेश पाण्डेय, शिवम दीक्षित, ज्योति गुप्ताए समरेंद्र शुक्ल, आदेश अवस्थी, राम अवतार शर्मा इंदु, राज गौरव पाण्डेय, शशिवला अग्निहोत्री, किरन त्रिवेदी मौजूद रहे।

# ड्रग इंस्पेक्टर का जनपद उन्नाव के लिए हुआ स्थानांतरण

## दवा व्यापारियों ने दी भावभीनी विदाई, कार्यकाल को किया याद



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** औषधि निरीक्षक अशोक कुमार चौधरी का स्थानांतरण उन्नाव जनपद के लिए हो गया है।

वह जनपद में लगभग पांच वर्ष तक रहे। केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनको भावभिनी विदाई दी। वर्ष 2018 में वह जनपद में आये थे। तीन वर्ष तक उन्होंने कन्नौज जनपद का भी औषधि निरीक्षक के रुप में अतिरिक्त कार्यभार संभाला। रचनात्मक एवं सहयोगी प्रवृत्ति के चलते वह दवा व्यापारियों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। उन्होंने नेतृत्व में दवा व्यवसायियों ने अनेक समाज सेवा के कार्य किये। जनपद में अपने कार्यकाल के दौरान अशोक कुमार की निर्विवाद छवि रही। औषधि निरीक्षक ने दवा व्यापारियों द्वारा किये गये समाजसेवा के कार्यों एवं सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# अल्लाहनगर में घरों में घुसा बरसात का पानी, निकासी की कोई व्यवस्था नहीं



बढ़पुर के मोहल्ला अल्लाहनगर में बरसात का घरों में घुसा पानी

- इसी मोहल्ले में अतिक्रमण के नाम पर प्रशासन ने गिराये थे मकान
- जलभराव होने के बावजूद अब प्रशासन मौन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला बढ़पुर उर्फ अल्लाहनगर में बरसात के चलते कमर तक पानी भर गया। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। प्रशासन द्वारा कोई भी पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गयी है। कुछ ही दूरी पर रेलवे का अंडरपास है। जिस कारण अंडरपास का भी पानी वापस लौट रहा है। बीती रात तेज बारिश के चलते पानी घरों में घुस गया। बच्चे घरों में ही कैद हो गये। लोग काम पर भी नहीं जा सके। प्रशासन मकान गिराने में अपनी वाहवाही तो खूब ले रहा है, लेकिन इस मोहल्ले के लोगों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। बीते छह माह पूर्व इसी मोहल्ले में दो मकानों को गिरा दिया गया था तथा आधा दर्जन मकान मालिकों को अपने-अपने मकान गिराने की हिदायत दी थी। स्थानीय सभासद से लेकर वहां के निवासियों ने इसका विरोध किया था, लेकिन उनकी नहीं सुनी गयी और मकान गिराये गय थे। बीते दिन तेज बारिश के चलते कमर तक पानी भर गया। पास में बने तालाब में पानी ऊपर तक भरा हुआ था। जिस कारण कोई हादसा हो सकता है। ऐसे में न कोई बाउंड्रीबाल है और न ही कोई पानी निकासी की व्यवस्था है। लोगों का कहना है कि हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स, बिजली का बिल देने के अलावा मकान का बैनामा दाखिल खारिज है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

# कूड़े से उठ रही दुर्गंध से बजरिया साहबजादगान के लोगों का जीना दुश्वार



बजरिया फील्ड के पास लगा कूड़े का ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तैलया साहब जाद गान बजरिया फील्ड के पास बनी मजार के पास लगे कूड़े के ढेर से बदबू आ रही है। बारिश होने के बाद कूड़े के ढेर से बदबू फैल रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि बदबू के कारण निकला दूबर है। मच्छर उड़ते है। शिकायत करने के बावजूद भी सफाई नायक ने अभी तक कूड़ा उठवाया नहीं है। जिस कारण बदबू आ रही है। स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि शीघ्र सफाई कर्मी भेजकर कूड़ा उठवाया जाये, नहीं तो लोग नगर पालिका पहुंचकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी जिम्मेदार लोगों की होगी। इस संबंध में सभासद से भी शिकायत की जा चुकी है। फिर भी कूड़े का ढेर लगा है। स्थानीय लोगों में आक्रोष है।

# सद्भावना मंच ने भूटान से लोटे साहित्यकारों को किया सम्मानित



सद्भावना मंच द्वारा सम्मानित होते भूटान से लौटे प्रतिनिधि मंडल के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सद्भावना मंच के तत्वावधान में भूटान से लौटे साहित्यकारों का सम्मान समारोह डॉ0 रामकृष्ण राजपूत के निवास पर सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह में डॉ0 मोहसिन, मो0 हफीज खां, डॉ0 रामकृष्ण राजपूत,जवाहर सिंह गंगवार, पप्पन मियां वारसी, मो0 यूसुफ, उर्मिला राजपूत, गीता सिंह, योगेंद्र यादव, सुशील मिश्रा, अब्दुल मन्नान, मो0 शफीक अहमद, रामबाबू, नरेंद्र कुमार, सपनेश मणि पटेल, मो0 यासीन, सुरेश गुप्ता, अहमद आदिल, राजेंद्र पाल, इंद्रवती, धारिणी गंगवार, रवींद्र भदौरिया आदि लोगों ने सम्मान समारोह कार्यक्रम में भाग लिया। जवाहर सिंह गंगवार ने आख्या प्रस्तुत की। भूटान से लौटे लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। सभी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़

# कर्ज में डूबे मक्का व्यापारी ने परिवार पर गड़ासे से किया हमला, पुत्र की मौत, खुद फांसी पर झूला

- पुत्रियां व पत्नी घायल, पुलिस अधीक्षक, एएसपी, सीओ व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल
- कानपुर की एक कम्पनी पर मक्का के 40 लाख रुपये हड़प लेने से मृतक था तनाव में



रोते बिलखते मृतकों के परिजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कर्ज में डूबे मक्का व्यापारी ने प्रातः सुबह परिवार पर गड़ासे से हमला कर दिया। जिससे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो पुत्रियां गंभीर रुप से घायल हो गयीं। चीखपुकार सुनकर अन्य परिजन व मोहल्ले वालों के आ जाने पर आरोपी मौके से भाग गया और जामुन के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना प्रधान को दी गई। मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घटना के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक व सीओ, फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों का आरोप है कि कानपुर की एक कम्पनी द्वारा मक्का के 40 लाख रुपये हड़प लिये गये थे, जिससे मृतक तनाव में रहता था। उपरोक्त घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के गांव रतनपुर निवासी दिनेश यादव मक्के का व्यापार करता था। सुबह 4 बजे दिनेश ने कर्ज से परेशान होकर अपने परिवार पर गड़ासे से हमला कर दिया। जिससे 5 वर्षीय पुत्र ओसियम की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पुत्री प्रांशी व अंशिका व पत्नी मीना देवी गंभीर रुप से घायल हो गयीं। आरोपी दिनेश ने अपनी बहन शीतला पर भी जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गयी। चीखपुकार की आवाज सुनकर पड़ोस में रह रहे भाई वीरेश व उसकी पत्नी मंजू और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गये। चीखपुकार सुनकर पड़ोसी भी मौके पर आ गये। इस दौरान आरोपी दिनेश मौके से भाग गया और घर से कुछ दूरी पर जाकर जामुन के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने घायलों को आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना से गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश यादव मौके पर पहुंच गये और उन्होंने सूचना पुलिस को दी।



घटनास्थल पर नमूने लेती फॉरेंसिक टीम



घटनास्थल पर निरीक्षण करने जाते एसपी

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज भाटी पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की घटना के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। राजपूताना चौकी इंचार्ज भोलेन्द्र चतुर्वेदी ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। इस घटना में जो भी दोषी पाया जायेगा। उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। किसी को बख्शा नहीं जायेगा। वहीं परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मृतक दिनेश यादव मक्का की खरीद फरोख्त का काम करता था। इस दौरान कानपुर की एक कम्पनी ने 40 लाख रुपया तथा अन्य कई व्यापारी उनका रुपया नहीं दे रहे थे। जिसके चलते वह तनाव में रहते थे, क्योंकि उनके पास पैसा कतई नही बचा था, जिससे वह आगे धंधा कर सकें। शायद इसी के चलते उन्होंने पुत्र को मारकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मृतक पुत्र व पिता का फाइल फोटो

# बकरी चराने गये दो भाइयों की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत



घटनास्थल पर जांच पड़ताल एसडीएम



वह गड्ढा जिससे घटी घटना

- एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर की जांच, गड्ढे की करायी नाप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खनन माफियाओं की करतूत के चलते पशु चराने गए दो बालकों की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गयी। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर त्योरी निवासी कुंवर पाल राजपूत का 10 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार जो कि कक्षा 5 का छात्र था। दूसरा पुत्र वरुण कुमार जोकि कक्षा 3 का छात्र था। रविवार सुबह लगभग 11 बजे घर से अपने खेतों की तरफ पशु चराने के लिए गए हुए थे। साथ में गांव के कई और बच्चे भी गए हुए थे, तभी वह खेल-खेल में गांव बीरपुर पेट्रोल पंप के निकट बने भट्टे के पास पानी भरे गड्ढे में घुस गये। उनको क्या मालूम था कि जो जमीन समतल दिखाई दे रही है उसमें इतने गहरे गड्ढे होंगे। वह गहरे गड्ढे में चले गए और लापता हो गए। तब साथ में आए और बच्चों ने चीख पुकार मचायी। जिससे आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके की तरफ दौड़े। कुछ बच्चों ने बच्चों के परिजनों के घर जाकर सूचना दी। सूचना पाकर आनन-फानन में परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और पानी में अपने बच्चों की खोज करने लगे। जिसमें तिलक सिंह राजपूत, अमरजीत तथा युवक अजीत गहरे गड्ढे में घुस गए और डूबे हुए बच्चों की तलाश करने लगे। गहराई अधिक होने के कारण अमरजीत गहरे गड्ढे में भी डूबने लगे। गांव वालों ने रस्सी गड्ढे में फेंकी। जिसको पकड़कर अमरजीत को खींचा गया। तिलक सिंह ने जैसे तैसे बच्चों को निकाला। परिजन तुरंत सीएचसी नवाबगंज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने दोनों बालकों को मृत घोषित कर दिया। यह देख मां संगीता देवी, पिता कुंवर पाल तथा बहन शिल्पी दहाड़े मार कर रोने लगे। परिजन दोनों बच्चों के शवों को घर पर ले गए। सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर हलका इंचार्ज विवेक कुमार राणा पुलिस बल के साथ पहुंचे। थोड़ी देर में कस्बा इंचार्ज नरेंद्र सिंह तथा सिरोली के इंचार्ज मुनीर खान भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल रामनरेश ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाकर एसडीएम कायमगंज यदुवंश कुमार तथा नायब तहसीलदार भी घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने बताया की पुलिस की सह पर भट्ठा मालिक अवैध तरीके से खनन करवाते हैं। जिसकी कई बार शिकायत थाना पुलिस तथा जिला खनन अधिकारी से भी की गई, लेकिन जिला खनन अधिकारी यह कहकर टाल देते हैं की परमिशन लेकर आए हैं। वहीं जब खनन की शिकायत एसडीएम कायमगंज से ग्रामीणों ने की, तो उन्होंने बताया कि भट्ठा स्वामियों को मानक के अनुसार परमिशन दी जाती है। अमानक के अनुसार परमिशन पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने एक व्यक्ति को पानी में घुसाया और लग्गी डालकर पानी की नाप करायी, तो लग्गी छोटी पड़ गई, लेकिन गड्ढे की गहराई ज्यादा थी। एसडीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि जिन्होंने मानक से ज्यादा खुदाई कराई है उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद परिजनों की तहरीर पर दोनों शवों का पंचनामा भरवाया गया तथा शव पीएम हेतु भेजे गए।

## दबंग शराबी ने युवक पर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर शराबी युवक ने जान से मारने की नियत से धारधार हथियार से हमला कर दिया। जिससे युवक की उंगली कट और गर्दन में चोंट लग गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनकटी निवासी श्यामबरन पुत्र गजेन्द्र सिंह परिहार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह शाम 7 बजे घर पर बैठा था, तभी गांव का नवीन कुमार पुत्र ओमप्रकाश सिंह दारु के नशे में आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर धारधार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उंगली कट गयी। पीड़ित ने दर्शाया कि नवीन अपराधिक किस्म का व्यक्ति है उस पर कई मुकदमे पहले से दर्ज है।

# कम्पनी के चार लोगों को घटना के लिए मृतक ने ठहराया जिम्मेदार

- मरने से पहले व्हाट्सएप ग्रुप पर जारी किया सुसाइड नोट, पैसे मांगने पर कम्पनी के लोगों ने भिजवाया था जेल




**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मृतक दिनेश यादव ने गांव रतनपुर के नाम से बने व्हाट्सएप पर रात्रि 3:45 पर सुसाइड नोट भेजा था कि सभी उच्चाधिकारी को सूचित किया जा रहा है कि मैं दिनेश यादव ग्राम रतनपुर पोस्ट कंझाना थाना जहानगंज का निवासी हूं। कानपुर की कंपनी श्री कृष्णा कैटल फीड इंडस्ट्रीज में डिस्टीब्यूटर के तौर पर फर्रुखाबाद में काम कर रहा था। कम्पनी के एमडी दीपक अग्रवाल और अकाउंटेंट पंकज श्रीवास्तव, एरिया मैनेजर धीरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रोडक्शन मैनेजर संतोष राय ने मुझे बहुत विश्वास में लेकर फर्रुखाबाद से मक्का की खरीदारी करने को कहा। मैने 2016-17 में मंडी और अपने आसपास गांव से खरीदकर लगभग 40 लाख की मक्का भेजी, जो की कंपनी की ही गाड़ी आती थी उस पर मक्का भेज देता था। हमारा काम सही से चल रहा था। 15 दिन बाद पेमेंट के लिए कहा तो इन्होंने मुझे 14 लाख का पशु आहार भेज दिया और रुपया मागा तो आना कानी करने लगे। मेरी इनसे कहासुनी हो गई और कहने लगे कि क्या साक्ष्य है कि तुम्हारे पैसे मेरे पास है। तब मैंने काम बंद कर दिया। कुछ दिन बाद एरिया मैनेजर धीरेन्द्र कुमार शर्मा मेरे घर आए और कहा की काम चालू करो और तुम्हारा हिसाब करवा दूंगा। हम इनके साथ कानपुर गये तो इन्होंने मुझे सीधा चौबेपुर थाना ले गए और उल्टा हमारे ऊपर मुकदमा दर्ज करवाया और मुझे जेल भेज दिया। जेल से बाहर आया तो पंकज और धीरेंद्र दोनों लोगों से हमने बात की तो बोले तुम्हारे पास कोई साक्ष्य नहीं हैं की तुमने हमारी कंपनी में कोई माल दिया। उन्होंने कहा कि घबराओ मत हम आप का मेटर निपटा देंगे। बस आज कल करते हुए मेरा मुकदमा पंकज ने अपने पास कर लिया और हमको कोर्ट नहीं आने को कहा और कहा हम आप का मुकदमा देखे रहेंगे। लॉकडाउन लगने के बाद पंकज ने मेरे खिलाफ वारंट निकलवा दिया और कहा काम करों तुम्हें कुछ नहीं होंने देंगे। तो मैंने कहा कि मेरा मुकदमे में समझौता करवा दो। आरोपियों ने 5 लाख रुपया की मांग की, तो मैंने 5 लाख रुपये दे दिये। मुकदमा वापस करने को कहा तो आरोपियों ने फिर वारंट जारी करवा दिया। पशु आहार लेने की बात कही तो आरोपियों ने मना कर दिया। अब बताओ की हम किस तरफ जाए मेरी जिंदगी खत्म हो गई। किस तरह अपने बच्चों और घरवालों को समझाऊं की हमने क्या किया। जिंदगी में मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा था, क्योंकि इन लोगों को जो हमने रुपया और मंडी में मक्का का रुपया बाकी था वो हमने बाजार से उठाकर दिया था। उनका भुगतान हमने धीरे-धीरे किया। मेरे पास इस समय कुछ भी नहीं बचा है कि हम कुछ व्यापार कर सकूं। मैं जीवित रह सकूं आप सभी से अनुरोध हैं की कि मेरी मदद करें। हम अपने बीबी बच्चों के साथ आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें मेरे घरवालों का कोई दोष नहीं है। इसके जिम्मेदार दीपक अग्रवाल, पंकज श्रीवास्तव, धीरेंद्र कुमार शर्मा, संतोष राय होंगे। मृतक ने इन लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कहीं।

# भाजपा नेता के पुत्र सहित तीन पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिता के साथ मारपीट व पुत्र की हत्या कर देने के मामले में भाजपा के मण्डल अध्यक्ष के पुत्र सहित तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम रैसेपुर निवासी राघवेन्द्र सिंह पुत्र मिडई लाल राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मैं व मेरा पुत्र आदित्य उर्फ टिकेन्द्र 26 वर्षीय 11 जून की रात्रि अपनी समर सेविल की की बनी कोठरी की छत पर लेता था। समय रात्रि लगभग 11:30 पर गांव के अतुल पुत्र मान प्रताप, रघुवीर पुत्र मोरपाल, सरनाम पुत्र मौजी लाल ने आकर जान से मारने की नियत से मुझे व मेरे पुत्र को दबोच लिया और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान हमें छत से उठाकर नीचे पानी की हौद में फेंक दिया। जिससे मेरे दांत टूट गये और मेरे चोंटे आयी। इस दौरान मेरे पुत्र को आरोपी पकड़ ले गये और मारपीट कर मेरे पुत्र आदित्य को मारपीट कर पेड़ से लटका कर मार डाला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त सभी लोागें के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर लिया। जानकारी के अनुसार अतुल भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मान प्रताप का पुत्र है और सांसद मुकेश राजपूत का करीबी बताया जा रहा है।

## खाना बनाते समय महिला झुलसी, लोहिया रेफर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खाना बनाते समय महिला झुलस गयी। उसे सीएचसी ले जाया गये। कम्पिल क्षेत्र के गांव बिलसड़ी निवासी पूजा खाना बनाते समय झुलस गयी। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव पपड़ी मिलकिया निवासी 48 वर्षीय हाकिम जाटव पुत्र श्रीकृष्ण जाटव बीते दिन जानवरों के लिए घास लेने गया था। वापस घर न लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। रविवार सुबह घर से लगभग 200 मीटर दूरी पर मेहित यादव की नर्सरी में बिजली का तार टूटकर नीचे पड़ा था। जिसकी चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। वहीं ग्रामीणो की चर्चा के अनुसार मृतक रोज की भति बीते दिन कल मवेशियों के लिए खेत से घास लेने गया था। चोरी की कटिया द्वारा बिजली जला रहे विद्युत पोल से तार टूटकर नीचे गिर गया। जिसकी चपेट मे आकर उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## जुआ खेल रहा युवक गिरफ्तार, दो फरार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जुआ खेल रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो युवक मौके से भाग गये। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मन्डी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर रायपुर खास कुंवरपुर इमलाक मे पंचायत घर के पीछे छापा मारकर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सदिक निवासी रायपुर खास बताया। तलाशी में 410रुपये बरामद। इस दौरान मौके से दो फरार हो गये।

# टैक्सी के लिए नौ व ई-रिक्शा के लिए ग्यारह रुट तय

- पहले दिन तीन दर्जन से अधिक टैक्सियों को दिये गये टोकन
- टेंपो का 500 रुपया व ई-रिक्शा का 200 रुपया वार्षिक शुल्क निर्धारित



वार्षिक शुल्क की रसीद काटते लाइसेंस वसूलीकर्ता भवानी शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अब शहर में बिना नगर पालिका के टोकिन के कोई भी टैक्सी मनमाने तरीके से किसी भी मार्ग पर सवारी नंही ढो सकेगी। इसके लिए शासन ने वार्षिक शुल्क के साथ-साथ नौ टैक्सी स्टैण्ड घोषित किये है। जिनके अलग-अलग कलर निर्धारित है। शासन का फरमान मिलते ही नगर पालिका फर्रुखाबाद ने कार्यवाही प्रारम्भ कर दी। रविवार को नगर पालिका के लाइसेंस वसूलीकर्ता भवानी शंकर दीक्षित ने अब्दुल सिद्दीकी के साथ काउंटर लगाकर टोकिन जारी करना शुरु कर दिया है।

नगर पालिका के लाइसेंस वसूलीकर्ता भवानी शंकर दीक्षित ने बताया कि शासनादेश के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में संचालित टैक्सी व ई-रिक्शा के स्टैण्ड व उनके शुल्क रुटवार निर्धारित कर दिये गये है। टैक्सी (टेंपों) भोलेपुर ओवर ब्रिज के नीचे पीला रंग, तिकुनिया बस स्टैण्ड फतेहगढ़ से हरा रंग, रामलीला मैदान से लाल रंग, कादरीगेट रोड का नीला रंग, आईटीआई चौराहा केसरिया रंग, सातनपुर मण्डी रोड वैगनी रंग, जिला जेल चौराहा काला रंग, मिलेट्री चौराहा गोल्डन रंग, अम्बेडकर तिराहा कत्थई रंग रहेगा। जिनका शुल्क 500 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। साथ ही स्टीकर 5वाई8 का चार्ज 50 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी तरह ई-रिक्शा के भी रेट निर्धारित किये। जिनका स्थान शहर में 11 जगह चिन्हित किया गया है। जिनका शुल्क 200 रुपये वार्षिक है। स्टीकर का चार्ज 50 रुपये है। फतेहगढ़ में ई-रिक्शा का स्थान अभी चयनित होना बांकी है। ईओ ने बताया कि सभी टैक्सी चालक व मालिक एवं ई-रिक्शा चालक एवं मालिक नियमों का पूरी तरह पालन करें और अपने वाहन रुट के अनुसार चलाये। जिनके स्टीकर, कलर तय कर दिये गये है।

## बालक की गुमशुदगी दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर निवासी काजिम पुत्र मोहम्मद इलियास ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 24 जून को दोपहर मेरा 15 वर्षीय पुत्र आतिक घर से बिना बताये कहीं निकल गया। जब वह शाम तक वापस नहीं आया तो उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# हरियाणा से घर लौट रहा युवक रास्ते से गायब

- भाई ने दी घटना की तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** हरियाणा से घर वापस आ रहा युवक लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

थाना क्षेत्र के गांव सितबनपुर पिथु निवासी उस्मान खान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका भाई सोहराब खान जो कि हरियाणा प्रांत के बल्लभगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता है। वह बीते दिन वहां से घर के लिए बैठा था। जिससे फोन द्वारा मथुरा तक बात होती रही। उसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया और वह घर पर नहीं आया। जिसकी काफी खोजबीन की गई, उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने घटनास्थल नवाबगंज क्षेत्र का ना होने की बात कहकर जहां से गायब हुआ है वहां जाने की बात कही, लेकिन पुलिस का कहना है कि गायब हुए युवक की खोजबीन की जायेगी।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 830 रुपये की नगदी बरामद हुई। उपनिरीक्षक शिव कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर अताईपुर जदीद में छापा मारीकर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम रघुवीर राजपूत पुत्र सालिगराम निवानी अताईपुर जदीद बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची व 830 रुपये की नगदी बरामद हुई है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वितरित किये फल



राहगीरों को फल वितरित करते चंद्रपाल यादव, डॉ0 जितेंद्र यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर लिंजीगंज एवं लोहिया अस्पताल में मरीजों व राहगीरों को सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र यादव ने रोमित सक्सेना के साथ फल वितरित किये। कार्यक्रम में समाजवादी व्यापार सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता, पदमेश रंजन श्रीवास्तव, गगन सिंह, राहुल सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, आयुष सक्सेना, अनमोल, रोहित यादव, प्रताप सिंह यादव, प्रद्युमन सिंह उर्फछोटे, फिरदोस खान, लवी सक्सेना आदि मौजूद रहे।